आज
३.००
तीन रुपये मात्र

भाज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

नवाबी स्टाइल

करीना कपूर



वाराणसी, गुरुवार १२ नवम्बर, २०२६ सौर २६, कार्तिक शुक्ल ३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

KP GROUP Quality Since 1965

नया दशन पैक

30% EXTRA

KP GROUP Quality Since 1965

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ®

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors
Chewing of pan masala is injurious to health

कमरे में पंखे से लटका मिला महिला का शव

पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के बिहरा गांव में मंगलवार शाम घर के कमरे में पंखे से लटका महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान 30 वर्षीय प्रीति सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रीति के पति अमरजीत सिंह की मां सुनीला सिंह ने बताया कि प्रीति मायके जाने को लेकर अपने पति से फोन पर बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति ने अपनी मां को फोन पर इसकी जानकारी दी और प्रीति को



मृतका की फाइल फोटो।

मायके जाने के लिए कहने की बात बताई। इसके बाद प्रीति कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। सुनीला के मुताबिक, घर में देवर अरविंद के साथ शराब पीने को लेकर भी विवाद हुआ था। इस पर उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। बाद में दरवाजा तोड़कर देखा गया तो प्रीति का शव पंखे से लटका मिला।बिरनो थाना प्रभारी पन्नेलाल यादव ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर और ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पोखरे में उतराया मिला अज्ञात युवक का शव

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव के पास बुधवार की सुबह एक पोखरा में अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह ग्रामीण पोखरा की तरफ टहलने गए तो पानी में युवक का शव उतराया देख सन्न रह गए। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष नोनहरा विवेक कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है।



सीएम का लाइव प्रसारण सुनते डीएम। छाया : आज

हादसे में मजदूर की मौत

मरदह, गाजीपुर। थाना के ग्राम सभा ऊचौर निवासी विनोद प्रजापति की कोलकाता में ट्रक की चपेट में आने से 9 नवम्बर को मौत हो गई।विनोद कोलकाता में ट्रक चालक के रूप में कार्य करते थे। वही पर ट्रक की चपेट में आने से हादसे में उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की सुबह जब उनका शव पैतृक गांव ऊचौर पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। विनोद परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।मृतक की पत्नी शिवरानी देवी प्रजापति के कंधों पर अब तीन बेटियों की जिम्मेदारी आ गई है। उनकी तीन बेटिया क्रमश: शिवांगी प्रजापति 14 वर्ष, तमन्ना प्रजापति 12 वर्ष और चार वर्षीय शिवाशनी प्रजापति हैं।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे उल्लिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–
क्र.सं. : 1, ई–निविदा सं० : पूमरे–मुअ–नि–द–ईटीईएन–डीओएस–11 दो पैकेट प्रणाली में, कार्य का नाम : DDU बाईपास लाइन (2.666 KM) के लिए ईस्ट आउटर केबिन (EOC) और फ्लाई ओवर केबिन (FOC) के बीच नई B.G. लाइन का निर्माण। कार्य की अनुमानित लागत (₹) : 11,57,52,672.80, बोली प्रतिभूति (₹) : 23,15,100.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह, निविदा बंद होने की तिथि और समय : 01.12.2026 को 15:00 बजे।
कोई भी ई–टेंडर जो डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा जाएगा, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर जमा करने के ऐसे सभी मैनुअल तरीके, भले ही वे फर्म के लेटर पैड पर हो या समय पर प्राप्त हुए हों, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऊपर दिया गया ई–टेंडर दस्तावेज, पूरी जानकारी के साथ, वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोट: टेंडर देने वालों से अनुरोध है कि वे इस ई–टेंडर से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए, टेंडर बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं।
उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेलवे, डेहरी ऑन सोन
पीआर/1324/निर्माण डीओएस/सीओएनएसटी/टी/26–27/40

पूर्व मध्य रेल
ओपन ई–टेंडर सूचना
सूचित किया जाता है की मण्डार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु भारतीय रेलवे के वेब पोर्टल www.gem.gov.in के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रियों कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गयी है:–
निविदा संख्या : GEM/2026/B/8173972, संक्षिप्त विवरण : All in one (V2) (Q2) & Others. मात्रा (सेट्स में) : 117 Nos. समापन तिथि : 16.11.2026
सभी निविदाओं के लिए समापन समय 14:00 बजे है। पात्र प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव केवल GeM के ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल – www.gem.gov.in के माध्यम से समापन तिथि और समय से पहले प्रस्तुत करना होगा। प्राप्तकर्ता के बारे में अन्य विवरण और स्टोर का विस्तृत विवरण उपरोक्त पोर्टल पर निविदा नोटिस में निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1335/डीडीयू/भंडार/टी/26–27/28

पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

जखनिया गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली के भीमपुर गांव में पुरानी जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी डंडे से मारपीट होने पर हरिलाल मौर्य के सर मे गंभीर चोट लगने से लहूलूहान हो गये । इनके विपक्षी दिनेश मौर्य के साथ .ललकारते हुए घर की महिलाओं ने हरिलाल मौर्य पर लाठी-डंडों से मारपीट कर आहत कर दी। मारपीट से आहत हरिलाल ने भुड़कुड़ा कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। घायल हरिलाल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने दिनेश मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेंज दिया।

कर्मनाशा पुल के पास खाई में मिला महिला का शव

सेवराई गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के देवल स्थित कर्मनाशा पुल के समीप बुधवार की सुबह सड़क किनारे खाई में एक अधेड़ महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह-सुबह शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही गहमर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतका की पहचान रिजवाना खातून 40 पुत्री तसव्वर अंसारी, निवासी ग्राम अमौरा, थाना दिलदारनगर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रिजवाना की शादी बिहार प्रांत के कर्मनाशा नदी की समीपवर्ती सोनपा गांव निवासी अयुब अंसारी के साथ हुई थी। बुधवार को वह अपने ससुराल सोनपा से मायके अमौरा जाने के लिए निकली थी। लेकिन दूसरे दिन बुधवार की सुबह देवल-कर्मनाशा पुल के समीप सड़क किनारे खाई में उसका शव मिलने की जानकारी सामने आई। महिला का शव मिलने की खबर से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गहमर नन्द कुमार तिवारी ने बताया कि महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

प्रदेश में नौकरी के लिए अब न सिफारिश, न पैसे का खेल- सीएम

गाजीपुर के १५ नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों को मिली तैनाती, डीएम ने दी बधाई

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो रही है। अब प्रदेश में सरकारी नौकरी के लिए न सिफारिश चलती है और न ही पैसे का खेल। युवाओं को उनकी मेहनत और योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहा है। सरकार का संकल्प है कि योग्य युवाओं को समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कर्मचारी शासन और जनता के बीच मजबूत कड़ी होते हैं। इसलिए सभी कर्मचारी फाइलों का समय से निस्तारण करें और आम जनता के कार्यों में अनावश्यक देरी न करें। ईमानदारी को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बनाते हुए तकनीक का उपयोग करें और जनहित को सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद के 15 नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके आने से विभिन्न कार्यालयों के कामकाज में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अनुशासन, समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वेद सिंह चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रेल पोल धंसने से डाउन लाइन में ट्रेन प्रभावित

दिलदारनगर गाजीपुर । दिल्ली हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के आमघाट के पास मिट्टी की खुदाई के दौरान रेलवे का इलेक्ट्रिक पोल धंसकर पटरी के पास गिरने से डाउन लाइन पर रेल परिचालन प्रभावित हो गया। इसके चलते जनपद के स्थानीय स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों घँटा भर देरी से पहुंची जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। प्रयागराज – मिर्जापुर व पीडीडीयू से पटना जाने वाली डाउन लाइन की कई ट्रेनें घँटा भर देरी से पहुंची ।जिसमें भोर 4ः50 बजे पहुँचने वाली डाउन 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग साढ़े 6 घँटा देरी से दोपहर 12ः21 बजे पहुंची ।वही नई दिल्ली–इस्लामपुर 20802 मगध एक्सप्रेस सुबह 9ः52 बजे के बजाय करीब पांच घँटा देरी से दोपहर 3ः34 बजे तो 12336 सूरत–भागलपुर सुबह 8ः40 के बजाय 4ः36 बजे लगभग आठ घँटा ।22945 सूरत भागलपुर एक्सप्रस सुबह 10ः10 के बजाय साढ़े 6 घँटा,15657 ब्रह्मपुत्र मेल सुबह 11ः40 के बजाय शाम 4ः30 बजे पांच घँटा ।13202 एलटीटी राजगीर एक्सप्रेस ढेड़ घँटा देरी से पहुंची ।जिससे यात्रियों को घंटों स्टेशन पर बैठकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है ।दिलदारनगर सेक्शन के यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मिर्जापुर में रेलपोल धंसने से डाउन लाइन में ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। जिससे स्थानीय स्टेशन पर भी ट्रेनें देरी से पहुंची।



आज

३.००

तीन रुपये मात्र

भाज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

नवाबी स्टाइल

करीना कपूर



वाराणसी, गुरुवार १२ नवम्बर, २०२६ सौर २६, कार्तिक शुक्ल ३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

सपा सरकारमें सैफई सिंडिकेटके हाथों बंधक था नियुक्ति आयोग

मुख्यमंत्रीने एक हजारसे अधिक राजस्व विभागके कनिष्ठ सहायकोंको दिया नियुक्ति पत्र



मेहनत का लाभ देता था। यूपी विपन्न रहता था। उसके साथ भेदभाव होता था। बिना सिफारिश, बिना लेन-देन कोई नियुक्ति नहीं होती थी। नियुक्ति आयोग बंधक **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

कृषक दुर्घटना कल्याण योजनाके लाभार्थियों को २१५ करोड़ की सहायता राशि वितरित

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएसएससी से राजस्व विभाग के लिए चयनित एक हजार 146 कनिष्ठ सहायकों को बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत चार हजार 300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित की।इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब प्रतिभा को उसके अनुरूप कार्य नहीं मिलता था तो वह पलायन करती थी। प्रदेश का युवा देश और दुनिया को अपनी

मुख्यमंत्री ने की नवचयनित उपनिरीक्षकों की रिकवरी माफ

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर चयनित वर्ष 2025 बैच के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने परीक्षा के माध्यम से उपनिरीक्षक बने 1030 आरक्षी और 27 कंप्यूटर ऑपरेटर समेत कुल 1057 अभ्यर्थियों की आठ लाख रुपये की बांड राशि की रिकवरी माफ कर दी है। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने कुल 84 करोड़ 56 लाख रुपये की रिकवरी माफ की है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से आरक्षी से उपनिरीक्षक **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

नीट यूजी काउंसलिंग २०२६

विशेष दौरके बाद भी एमबीबीएस की ४११ सीटें रहीं खाली

नयी दिल्ली (आससे.)। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमबीबीएस की 411 सीटें खाली रह गईं। सूत्रों के अनुसार, इस राउंड की सीट मैट्रिक्स में कुल 948



खाली सीटें शामिल थीं। इनमें से 537 सीटें उम्मीदवारों को आवंटित की गईं, जबकि 411 सीटों पर किसी उम्मीदवार को दाखिला नहीं मिल सका। इस बार खाली रह गई एमबीबीएस सीटों की संख्या पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले वर्ष काउंसलिंग के बाद केवल 60 से 70 सीटें ही खाली रह गई थीं।विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन स्नातक मेडिकल काउंसलिंग के नियमित राउंड पूरे होने के बाद बची हुई सीटों को भरने के लिए किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने एमसीसी को काउंसलिंग के चार राउंड आयोजित करने का निर्देश दिया था। हालांकि, कमेटी ने इसके अलावा पांचवां राउंड भी आयोजित किया। इसके बाद भी 411 एमबीबीएस सीटें खाली रह गईं।एमसीसी ने 2 नवंबर 2026 को जारी नोटिस के जरिए विशेष राउंड में दो नई एमबीबीएस सीटें शामिल की थीं। इनमें एक सीट नई दिल्ली के हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में एनआरआई कोटे की थी। दूसरी सीट चेन्नई के स्टेनली मेडिकल कॉलेज में ओबीसी-पीडब्ल्यूडी कोटे की थी। इससे पहले जारी सीट मैट्रिक्स में उपलब्ध रिक्त सीटों का विवरण संस्थान, कोर्स, कोटे और श्रेणी के आधार पर दिया गया था। उम्मीदवारों को इन्हीं उपलब्ध सीटों के अनुसार विकल्प भरने का अवसर मिला।

सोते समय तालाबमें मकान की दीवार ढहनेसे दो मासूम की मौत

वाराणसी (का.प्र.)। रोहनिया थाना क्षेत्र के बच्छांव पुलिस चौकी अंतर्गत बच्छांव स्थित मुस्लिम बस्ती में मंगलवार की रात लगभग १२ बजे सोते समय मकान के आगे बने टीन सेट के बरामदे की दीवार भरभराकर तालाब में गिरने से एक ही परिवार के आफिया छः वर्ष तथा फलक तीन वर्ष सहित दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी तथा पिता कल्लू तथा मां तबस्सुम, रोशनी आठ वर्ष, पांच माह का बच्चा सहित चार लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अखरी धर्मेंद्र राजपूत ने लोगों की मदद से रेस्क्यू का प्रयास किया, सफलता न मिलने पर पुलिस ने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम को बुलाया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग सात घंटे बाद गहरे पानी में गये उक्त दोनों मासूम बच्चों के शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। घटना की जानकारी होने पर रात में एसीपी रोहनिया अवधेश विश्वकर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। बच्चियों के दादा ने बताया कि रात में हम लोग सो गये थे। बेटा-बहू और चार बच्चे अंदर थे। हम बाहर सो रहे थे।



चार घायल, सात घंटेके बाद एनडीआरएफने तालाबसे निकाला बच्चोंका शव

अचानक दीवार गिरी, तो नींद खुल गयी। देखा कि बेटा-बहू चिल्ला रहे हैं- बच्चे डूब गये, डूब गये। उन्होंने बताया कि आनन-फानन में तालाब में छलांग लगा दी। तब तक गांव के लोग भी आ गये। हमारा भाई भी आ गया। उसने भी तालाब में छलांग लगा दी। लेकिन, हमें बच्चे नहीं मिले। दादा को आपसोस है कि पोतियों को नहीं बचा पाया। फिर पुलिस आयी और तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की जान चली गयी। दो बच्चे- बड़ी बेटी रोशनी और एक छोटा लड़का बचा है। उसका नाम नहीं रखा गया है। हमारे पास जमीन की रजिस्ट्री है। २०१० में मकान बनवाया था। सिराजुद्दीन चार कमरों के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन बेटे हैं। सबसे बड़े बेटे अजुद्दीन उर्फ कल्लू की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटों अभी कुंवारे हैं। तालाब की तरफ बने बरामदे में अजुद्दीन, उसकी पत्नी और चार बच्चे रहते हैं। बाकी कमरों में अन्य लोग रहते हैं। बरामदे की दीवार तालाब से लगती है। मानसून सीजन में भारी बारिश से तालाब लबालब भरा था। पानी मकान की नींव को छू रहा था। माना जा रहा है कि इस वजह से दीवार में काफी नमी थी और कमजोर हो गयी थी।

रबी सीजनके लिए ६२,३७० करोड़की उर्वरक सब्सिडी मंजूर



24,417.73 करोड़ रुपये अधिक है। यह सब्सिडी एक अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेगी। इसके तहत डीएपी **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरों को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री

केन्द्र सरकारका फैसला

नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। सरकार को इस सब्सिडी पर करीब 62,370.02 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जो पिछले रबी सीजन के 37,952.29 करोड़ रुपये के बजट से

मुद्रा योजनाके तहत २० लाख तकके ऋण पर मिलेगी क्रेडिट गारंटी, योजना २०३१ तक बढ़ी

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म इकाइयों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। सरकार ने योजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये का कोष मंजूर किया है। इसके विस्तार से अगले पांच वर्षों **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

मुकदमोंका बोझ कम करनेके लिए अब शाम को भी लगेंगी अदालतें

देवरिया (आससे.)। देश की अदालतों में लंबित करोड़ों मुकदमों के जल्द निस्तारण के लिए केंद्र सरकार नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत नियमित अदालती कार्यवाही के बाद शाम को भी तीन से चार घंटे अदालतें चलाने की योजना है। शुरुआत में इवनिंग कोर्ट का पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। इसके अलावा सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सेवाएं लेने और दशकों से लंबित मुकदमों की पहचान कर उनकी प्राथमिकता से सुनवाई कराने की भी तैयारी है। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को देवरिया में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने लंबित मुकदमों का बोझ बड़ी चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट में 96 हजार से अधिक, देश के 25 हाईकोर्ट में करीब 70 लाख और जिला व अधीनस्थ अदालतों में लगभग चार करोड़ 30 लाख मामले लंबित हैं।

हरदोईमें डिवाइडरसे टकरायी कार, चार की मौत

हरदोई (एजेंसी)। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और यूपीडा के वाहन को पलट दिया। प्रयागराज के मुड़ैरा निवासी सौरभ उपाध्याय एक साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे और नोएडा में परिवार समेत रहते थे। छठ पूजा के लिए वह पत्नी मेनका, दो बेटों शिवओम और व्योम उपाध्याय के साथ बुधवार को नोएडा से प्रयागराज जाने को निकले थे। गंगा एक्सप्रेस-वे पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सौरभ और मेनका की मौके पर ही मौत हो गई।

कानपुर सेंट्रलपर ट्रेन के चार कोच पटरी से उतरे

कानपुर (आससे.)। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार शाम ट्रेन के चार कोच पटरी से उतरने से रेलवे प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन संख्या 15003 के बी-4, बी-5, बी-6 और बी-7 कोच स्टेशन से रवाना होने के करीब दो मिनट बाद पटरी से उतर गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। रेलवे के अनुसार, ट्रेन बुधवार शाम प्लेटफॉर्म नंबर सात पर पहुंची थी। यहां से शाम 5:03 बजे रवाना हुई। करीब 5:05 बजे स्टेशन से आगे बढ़ते समय चार कोच की एक-एक ट्रॉली पटरी से उतर गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

कोलकाता (एजेंसी)। एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को बुधवार सुबह हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में मिले एक नोट में लिखा था कि सुबह 11.10 बजे प्लेन हाईजैक कर लिया जाएगा। नोट मिलते ही क्रू ने पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट किया।इसके बाद विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की। विमान में उस समय 93 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे। एअर इंडिया का एयरबस कोलकाता से मुंबई जाने के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था।

सपाके पूर्व सांसद अरविंद चौधरी समेत सैकड़ों समर्थक भाजपा में

लखनऊ (आससे.)। यूपी चुनाव के पहले भाजपा ने सपा को एक बड़ा झटका देते हुए, बस्ती से पूर्व सांसद अरविंद चौधरी और बांदा के सपा नेता अनिल यादव को अपने पाले में कर लिया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में दोनों नेताओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाकर दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है और उसके परिश्रम, समर्पण व योगदान को सम्मान मिलता है। चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि अरविंद चौधरी और अनिल यादव के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

इतालवी खानेकी तलाशमें राजीव गांधी से हुई थी पहली मुलाकात-सोनिया

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा संस्मरणों में राजीव गांधी और प्रियंका गांधी से जुड़ी कई दिलचस्प पारिवारिक यादें साझा की हैं। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में पढ़ाई के दौरान उन्हें इतालवी खाने की तलाश थी। इसी सिलसिले में वह कैंब्रिज के द वर्सिटी नामक ग्रीक रेस्तरां पहुंचीं, जहां उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। यही मुलाकात आगे चलकर प्रेम और फिर विवाह के रिश्ते में बदल गई। सोनिया गांधी ने भारतीय खानपान के साथ अपने शुरुआती अनुभवों का भी जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में भारतीय मसालों और तीखे भोजन से उन्हें डर लगता था, लेकिन धीरे-धीरे वह भारतीय जायकों की अभ्यस्त हो गईं। अब दाल-चावल उनके



पसंदीदा व्यंजनों में शामिल है और उन्हें घर के स्वाद का एहसास कराता है। उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ राजीव गांधी से जुड़ी पारिवारिक यादें भी साझा की हैं। इनमें राजीव गांधी के साथ दिवाली मनाने, कश्मीरी व्यंजनों **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

कुलगाममें आतंकी हमला, तीन जवान घायल, की ३० राउंड फायरिंग

जम्मू (आससे.)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घटना करीब 2.15 बजे की है। इसमें तीन जवान घायल हो गए। उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो और राकेश दास के तौर पर हुई है। तीनों सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन में तैनात हैं।एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद हमलावर फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

यहां भी पढ़ें

-:Website:-

www.ajhindidaily.com

-:For e-Paper:-

www.ajhindidaily.com

आज

मौसम

सूर्योदय : ०६.१२

सूर्यास्त : ०५.१२

तापमान

अधि. : २९.०

न्यून. : १९.०

अकेले पैन कार्ड और वोटर आईडी भारतीय नागरिकता का सबूत नहीं




गुवाहाटी (एजेंसी)। भारत की नागरिकता को लेकर गुवाहाटी हाई कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की है. अदालत ने कहा है कि बिना औपचारिक जांच के सिर्फ सेफ्ल डिक्लेरेशन के आधार पर जारी किए गए पैन कार्ड और वोटर आईडी अपने आप में भारतीय नागरिकता साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है. कोर्ट ने कहा कि नागरिकता के सबूत के तौर पर इन दस्तावेजों को तभी स्वीकार किया जा सकता है, जब इनके आधार में मौजूद मूल रिकॉर्ड भी प्रमाणित हों. जस्टिस कल्याण राय सुराना और जस्टिस सुस्मिता फूकन खौंड की बेंच ने एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की. महिला ने फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसे 25 मार्च, 1971 के बाद भारत में प्रवेश करने वाला विदेशी घोषित किया गया था. हाई कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता अपने कथित पिता और दादा-दादी के साथ अपना पारिवारिक संबंध विश्वसनीय और ठोस सबूतों के जरिए साबित नहीं कर सकी. वह सिटीजन एक्ट, 1955 की धारा 6(2) के तहत अपने कथित दादा-दादी और पिता के असम में लगातार निवास को भी **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

जमीन विवादमें छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

सहरसा (एजेंसी)। बिहार के सहरसा जिले में जमीन के एक टुकड़े के लिए रिश्तों का कत्ल कर दिया गया। सौरबाजार थाना क्षेत्र के भेलवा गांव में जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से जख्मी बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मृतक की पहचान भेलवा गांव के वार्ड संख्या-9 निवासी विजेंद्र प्रसाद यादव के 55 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार सुमन के रूप में हुई है। वह दो भाइयों में बड़े थे। सुनील कुमार के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा लखनऊ में कर्मचारी चयन आयोग विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत है।

अमूल ने चार रुपये तक बढ़ाये दूधके दाम

नयी दिल्ली (आससे.)। खुदरा महंगाई के मोर्चे पर आम उपभोक्ता की जेब पर एक और बड़ा बोझ पड़ने जा रहा है। मदर डेयरी के बाद देश की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने भी दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इस बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा आर्थिक असर पड़ेगा। अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये से लेकर चार रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। यह मूल्य वृद्धि अमूल के विभिन्न दूध उत्पादों पर लागू होगी। कंपनी के इस फैसले से दैनिक घरेलू बजट प्रभावित होगा।जीसीएमएमएफ ने इस बढ़ोतरी के लिए जानवरों के चारे, पैकेजिंग मटीरियल और फ्यूल की बढ़ती कीमतों को जिम्मेदार ठहराया है। फेडरेशन ने कहा कि इस बदलाव से बढ़ती इनपुट लागत के बीच दूध प्रोड्यूसर को **(शेष पृष्ठ ९ पर)**



नयी दरें लागू

एटामें जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

एटा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। शराब पीने के बाद तीन युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तीनों युवक घर से करीब 500 मीटर दूर एक चारपाई पर पड़े मिले थे।गांव के ही एक युवक सिंटू ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अजीत (18), शिवकुमार (19) और जीतू (20) के रूप में हुई है। अजीत महाराष्ट्र में टमाटर का कारोबार करता था। शिवकुमार कक्षा 12 का छात्र था। जीतू महाराष्ट्र में शटरिंग का काम करता था।बताया गया कि गांव के महिपाल के बेटे लोकेंद्र का विवाह तय हुआ था। इसी खुशी में तीनों युवक एक बोतल शराब लेकर आए थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण : नवी मुंबई देशका सबसे साफ शहर

नयी दिल्ली (आससे.)। देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, मध्य प्रदेश के रीवा ने सबसे स्वच्छ नदी तटीय शहरों की श्रेणी में बाजी मारी, जबकि उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। वहीं, अब तक स्वच्छ शहरों की सूची में पहला स्थान हासिल करते रहे इंदौर को इस बार मेंटर शहरों की सूची में रखा गया। इसमें अहमदाबाद शीर्ष पायदान पर रहा। दूसरे स्थान पर इंदौर रहा। मेंटर शहर का मतलब है, ऐसा शहर जो दूसरे शहर को सफाई करना सिखाए और उसकी मदद करे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस साल इसकी थीम स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई। इसका उद्देश्य शहरों में सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़ना है।



स्वच्छता रैंकिंगमें लखनऊ फिर देशमें तीसरे स्थान पर

लखनऊ (आससे.)। स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता 2025-26 में एक बार फिर नगर निगम ने देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बुधवार शाम को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव भी साथ रहे। देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान है उसको लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**



एक नजर इधर भी

जर्जर सड़कों को बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, विधायक ने ग्रामीणों को दिया भरोसा

चौबेपुर क्षेत्र के ढकवा गांव की जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद बुधवार को अजगरा विधायक त्रिभुवन राम गांव पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सड़कों की बदहाल स्थिति देखी और ग्रामीणों से आवागमन में हो रही परेशानियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मंडी परिषद के अंतर्गत आने वाली ढकवा की दो सड़कों का निर्माण कराने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही सड़क निर्माण की मांग को लेकर ढकवा के ग्रामीण विनोद निषाद, शिव शंकर प्रसाद, नीरज कुमार, राम अवतार, जंगली प्रसाद और साधु ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जतायी थी। ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय से सड़क जर्जर होने के कारण उन्हें आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदर्शन के बाद विधायक के गांव पहुंचने और समस्या का जायजा लेने से सड़क निर्माण की मांग एक बार फिर चर्चा में आ गयी है। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मंत्री को तत्काल पत्र लिखकर दोनों सड़कों का निर्माण जल्द कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही कादीपुर रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ हाईमास्ट लाइट लगवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने का भरोसा दिलाया।

सारनाथ में चोरी की घटना का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने की छापे मारी, लाखों के आभूषण बरामद

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश में चोरी लूट नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सारनाथ पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर खजुही रिंग रोड के पास से दो शातिर चोर को गिरफ्तार कर उनकी



निशानदेही पर अदद इण्डेन सिलेण्डर, एल0सी0डी0टी0वी0, ५० ग्राम सेफद धातु बिस्किट, २० ग्राम सफेद धातु बिस्किट, ११ सफेद धातु सिक्के, एक जोड़ सफेद धातु झुमका, तीन धातु अंगुठी, 27 सौ 60 रुपये और प्रयुक्त आटो बरामद किया है। सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े अकथा सारनाथ निवासी हिमांशु यादव और बैंक नगर कालोनी बेनीपुर के अनिकेश राजभर है। उन्होंने बताया कि ११ नवम्बर को वादी मुकदमा द्वारा थाना सारनाथ पर, अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के घर व अलमारियों का ताला तोड़कर आभूषण, टीवी, तीन भरे गैस सिलेण्डर, दो अदद कैमरा, अन्य सामान व नगद चोरी कर लेने के संबंध में दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सारनाथ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था

हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवती की मौत, युवक घायल

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार को सड़क हादसे में बाइक सवार शिवानी नामक १८ वर्षीय युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जब कि बाइक चालक किशन यादव २२ वर्ष नामक युवक घायल हो गया। मोहनसराय की तरफ से अखरी की ओर जा रहे थे इसी दौरान बगल से जा रहे बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक युवती दोनों सड़क पर गिर पड़े तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने युवती को कुचलते हुए फरार हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के केवटाबीर निवासी किशन यादव अपने पड़ोस के परिचित शिवानी के साथ बाइक से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। पंडितपुर गांव के पास हाईवे पर बगल से जा रहे बाइक से किशन यादव के बाइक की हैंडल से टकरा गया जिससे किशन यादव असंतुलित होकर बाइक शिवानी और किशन सड़क पर गिर गये। किशन सड़क के किनारे गिर कर घायल हो गया तथा शिवानी सड़क के बीच में गिर गयी जिसके दौरान पीछे से आ रहे ट्रक शिवानी को रौदते हुए मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोहनिया थाने पहुंचे। मृतक शिवानी तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह कक्षा ११ की छात्रा थी।

दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर, दो लोग घायल

राजातालाब। स्थानीय थाना क्षेत्र के मातलदेई चौराहे के पास अदलपुरा रोड पर बुधवार को दो बाइकों की आपस में आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय निवासी हौसला प्रसाद ४५ वर्ष तथा दूसरा मिर्जापुर चुनार सीखड़ निवासी गोविंद गोड़ ४० वर्ष सहित दो लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने पर राजातालाब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त दोनों घायलों को इलाज के लिए बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर भेजा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास अंधा मोड़ होने की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

निराला नगर में फिर बवाल, घर पर चढ़कर मारपीट

पहले कार का शीशा तोड़ा था, अब परिवार के सदस्यों को पीटा, महिला की तहरीर पर केस

सिगरा थाना क्षेत्र के निराला नगर कॉलोनी की लेन नंबर छह में अराजक तत्वों ने एक बार फिर उत्पात मचाया। इस बार अनिल दुबे बाला के घर पर चढ़कर मारपीट की गई। हमले में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। मामले में परिवार की महिला अर्चना दुबे की तहरीर पर सिगरा पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।बताया गया कि इससे पहले भी इसी परिवार को निशाना बनाया गया था। उस दौरान उनकी कार (यूपी 65 ईजे 1999) का पिछला शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना की सूचना कार मालिक ने 112 नंबर पर पुलिस को दी थी और स्थानीय पुलिस चौकी में लिखित शिकायत भी की थी। पुलिस ने उस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बावजूद दोबारा परिवार के घर पर चढ़कर मारपीट की घटना सामने आई है। परिवार का आरोप है कि निराला नगर क्षेत्र में अराजक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा रहता है। इससे आसपास के लोगों को भी परेशानी होती है। गौरतलब है कि घटनास्थल के करीब ही बीते दिनों भाजपा नेता पशुपति नाथ सिंह की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। हमले में उनका एक पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। परिवार का आरोप है कि आरोपी अब उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उनके खिलाफ गलत आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र भी दिया है।

जरूरतमंद परिवारों संग बांटी दीपावली की खुशियां

दीपावली पर रुद्रा परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मुर्दहा, औरा, लमही, गहनी और आयर में जरूरतमंद परिवारों को मिठाई और साड़ियों का वितरण किया गया। ट्रस्ट की डायरेक्टर रुद्राक्षिता, कोडायरेक्टर अनिल यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव (पहलवान) और सदस्य अभिषेक यादव ने परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने, असहाय लोगों की मदद करने तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करने के लिए कार्यरत है। सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे।

ट्रेनों की लेटलतीफी पर कैंट स्टेशन में यात्रियों का फूटा गुस्सा

भूख-प्यास से बेहाल यात्रियों ने ट्रैक पर उतरकर किया हंगामा

मीरजापुर-झिंगुरा रेलखंड पर परिचालन बाधित होने का खामियाजा बुधवार को छठ महापर्व पर घर लौट रहे पूर्वांचल के यात्रियों को भुगतना पड़ा। ट्रेनों की घंटों की देरी, रास्ते में लंबे इंतजार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने यात्रियों के सब्र का बांध तोड़ दिया। वाराणसी कैंट स्टेशन पर स्पेशल ट्रेनों के यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। कहीं यात्रियों ने ट्रेन से उतरकर रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तो कहीं भूख-प्यास से बेहाल यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर विरोध जताया। हालात संभालने में आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सबसे अधिक नाराजगी प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची गाड़ी संख्या ०१०३७ एलटीटी-रक्सौल स्पेशल के यात्रियों में देखने को मिली। ट्रेन के पहुंचते ही यात्री बोगियों से नीचे उतर आये और रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। यात्रियों का आरोप था कि ट्रेन में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। लंबे सफर के चलते खाने-पीने की सामग्री भी खत्म हो चुकी है और रेलवे की ओर से कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन नौ नवंबर को शाम



छह बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल से रवाना हुई थी। करीब ४८ घंटे बीतने को हैं। लेकिन वे अब तक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके हैं। पूरा किराया चुकाने के बावजूद उन्हें यात्री सुविधाओं के लिये तरसना पड़ रहा है। पहले प्रयागराज और फिर वाराणसी कैंट के आउटर पर ट्रेन को घंटों खड़ा रखा गया। इससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की मुश्किलें और बढ़ गयीं। भूख-प्यास के साथ शौचालय की समस्या ने सफर को किसी दुश्वारी से कम नहीं छोड़ा। हंगामे की सूचना पर आरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जवानों ने यात्रियों को समझाने-बुझाने के साथ वापस बोगियों में बैठाया। यात्रियों की शिकायत पर स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने ट्रेन में तत्काल वाटरिंग करायी। काफी प्रयास के बाद स्थिति सामान्य हुई और दोपहर २.५० बजे ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। उधर, गाड़ी संख्या ०१४४९ पुणे-दानापुर स्पेशल के यात्रियों का आक्रोश भी कैंट स्टेशन के यार्ड में फूट पड़ा। प्लेटफार्म खाली नहीं होने के कारण ट्रेन को गंभीरी बाबा के पास रोक दिया गया था। लंबे इंतजार और खाने-पीने की किल्लत से परेशान यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर आये और नारेबाजी करने लगे। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने किसी तरह यात्रियों को शांत कराया। इससे पहले गाड़ी संख्या ०४४७८ आनंद विहार-भागलपुर स्पेशल के यात्रियों ने भी ट्रेन की लेटलतीफी और पानी की किल्लत को लेकर नाराजगी जताते हुए हंगामा किया था। लगातार बिगड़ते हालात ने त्योहार के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिये। स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता ने बताया कि मीरजापुर-झिंगुरा रेलखंड पर परिचालन प्रभावित होने के कारण परिवर्तित मार्ग से आने वाली ट्रेनों का दबाव बढ़ गया था। इसके चलते कई गाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध संचालन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। शाम तक स्थिति सामान्य कर ली गयी।

मीरजापुर में मिट्टी धंसने से बिगड़ी ट्रेनों की चाल, कैंट स्टेशन पर बढ़ा बाहरी ट्रेनों का दबाव, आउटर पर खड़ी रही ट्रेनें

मीरजापुर में तीसरी रेल लाइन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से दिल्ली-हावड़ा रुट की डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन रोकना पड़ा। इसका सीधा असर वाराणसी कैंट स्टेशन पर पड़ा। जहां बाहरी ट्रेनों का भारी दबाव बढ़ गया। छठ महापर्व पर अपने घर बिहार लौट रहे यात्रियों की मुश्किलें इस वजह से और बढ़ गयी। छठ महापर्व पर अपने घर बिहार लौट रहे यात्रियों की मुश्किलें इस वजह से और बढ़ गयीं।बुधवार को राजेंद्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस समेत कुल ३३ ट्रेनें कैंट स्टेशन के रास्ते गुजरीं। प्लेटफार्म के अभाव में कई गाड़ियों को आउटर पर ही रोकना पड़ा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म बदलने और देर तक इंतजार करने में परेशानी हुई। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं, जिससे स्टेशन पर भीड़ बढ़ती चली गयी। रेलवे के अनुसार लोहता से ११, बनारस स्टेशन से १७ और शिवपुर स्टेशन से पांच मार्ग परिवर्तित गाड़िया कैंट स्टेशन के रास्ते पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए रवाना हुई। अधिकांश ट्रेनें वाया छिवकी-व्यासनगर के बजाय वाया प्रयागराज रामबाग-वाराणसी रूट से चलायी गयी। इससे कैंट स्टेशन पर सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक ट्रेनों का संचालन करना पड़ा।

ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक, महानगरी एक्सप्रेस १० तो हड़पसर स्पेशल नौ घंटे लेट

मीरजापुर-झिंगुरा रेलखंड पर परिचालन प्रभावित होने का असर बुधवार को वाराणसी से गुजरने वाली ट्रेनों पर साफ दिखायी दिया। रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से लंबी दूरी की कई नियमित और स्पेशल ट्रेनें घंटों विलंब से वाराणसी पहुंचीं। सबसे अधिक असर मुंबई-बनारस महानगरी एक्सप्रेस पर पड़ा। यह ट्रेन निर्धारित समय से करीब १० घंटे की देरी से पहुंची। इसके चलते वापसी में ट्रेन को ८ घंटे १५ मिनट री-शेड्यूल (पुनर्निर्धारित) कर मुंबई के लिए रवाना किया गया। वहीं साबरमती बीजी-वाराणसी एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से पहुंची। हड़पसर-गाजीपुर सिटी स्पेशल नौ घंटे विलंबित रही। इसके अलावा काशी एक्सप्रेस ३ घंटे १५ मिनट, अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस ५ घंटे २३ मिनट, सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस ४ घंटे ४० मिनट और नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ४ घंटे १० मिनट की देरी से वाराणसी पहुंची। इसी क्रम में पवन एक्सप्रेस चार घंटे, दादर-बनारस एक्सप्रेस ढाई घंटे और कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे विलंब से चली। ट्रेनों की लगातार देरी से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को स्टेशनों पर घंटों इंतजार करना पड़ा।

व्यासनगर स्टेशन पर १२८ बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ बिहार का तस्कर गिरफ्तार

व्यासनगर स्टेशन पर बुधवार को जीआरपी कैंट की टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरियों में रखी १२८ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत २२,१०० रुपये बतायी गयी है। पुलिस के अनुसार देर रात रेलवे स्टेशन व्यासनगर पर जीआरपी कैंट की टीम गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक के अंतिम छोर पर पेड़ के चबूतरे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद दो प्लास्टिक की बोरियों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बबलू महतो (43) पुत्र विनय प्रसाद, निवासी ग्राम खनपुरा, थाना भगवानगंज, जिला पटना (बिहार) के रूप में हुई। बरामद शराब में आफ्टर डार्क ब्लू की ८० बोतल (१८० एमएल), रायल स्टेज की तीन बोतल (७५० एमएल) और ८ पीएम गोल्ड की ४५ बोतल (१८० एमएल) शामिल हैं। कुल शराब की मात्रा २४.७५ लीटर बतायी गयी है। इस मामले में जीआरपी कैंट थाने में मुकदमा अपराध संख्या ३६२/२०२६ के तहत धारा ६० आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कारवाई की जा रही है।

चोलापुर में अल्ट्रासाउंड और एक्सरे के नाम पर मरीजों से वसूली का आरोप

अस्पताल गेट पर सक्रिय हैं निजी सेंटरों के दलाल

दानगंज। चोलापुर थाना क्षेत्र के चोलापुर बाजार में अल्ट्रासाउंड और एक्सरे के नाम पर मरीजों एवं उनके तीमारदारों से कथित रूप से वसूली किये जाने का मामला सामने आ रहा है। चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा सेवाओं के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। यहां चोलापुर के अलावा वाराणसी से सटे जौनपुर जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। आये दिन लगभग दो से ढाई हजार मरीजों की ओपीडी होने की बात कही जाती है। अपने बेहतर कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चोलापुर स्वास्थ्य केंद्र को कई बार प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा भी स्वास्थ्य केंद्र को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसके बावजूद अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की समुचित व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध न होने पर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंद मरीजों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के लिए रेफर किया जाता है। आरोप है कि अस्पताल से पर्चा लेकर जैसे ही मरीज बाहर निकलते हैं, मुख्य गेट के सामने ही निजी अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे सेंटरों से जुड़े कथित दलाल सक्रिय हो जाते हैं। ये लोग मरीजों और उनके परिजनों के हाथ से पर्ची लेने, तरह-तरह के प्रलोभन देने और अपनी बातों में उलझाकर अपने-अपने निजी सेंटरों तक पहुंचाने में जुट जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार चोलापुर बाजार के कुछ निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर सुबह से लेकर शाम तक मरीजों की भारी भीड़ लगी रहती है। वहीं इन सेंटरों पर जांच करने वाले प्रशिक्षित एवं योग्य चिकित्सकों की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मरीजों की जांच की गुणवत्ता और उनके स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच कराया जाना बेहद जरूरी है।

अधिकांश सेंटरों पर नहीं लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

चोलापुर बाजार के अधिकांश निजी अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे सेंटरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाये गये हैं। ऐसे में अस्पताल के मुख्य गेट से मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी सेंटरों तक ले जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल है। सवाल यह भी है कि जब मरीजों को निजी सेंटरों तक ले जाने के लिए अस्पताल के गेट पर कथित दलाल सक्रिय रहते हैं, तो उनकी पहचान और गतिविधियों की निगरानी की व्यवस्था क्यों नहीं है? स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि चोलापुर बाजार में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड एवं एक्सरे सेंटरों की मान्यता, पंजीकरण, जांच शुल्क, योग्य एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता तथा जांच की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच करायी जाये। साथ ही अस्पताल के मुख्य गेट पर सक्रिय कथित दलालों की भूमिका की भी जांच हो। लोगों का कहना है कि जिस चोलापुर स्वास्थ्य केंद्र की बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रदेश स्तर पर सराहना और सम्मान हो चुका है, वहां अल्ट्रासाउंड की समुचित व्यवस्था भी होनी चाहिए। इससे हजारों मरीजों को अनावश्यक रूप से दूसरे अस्पतालों और निजी सेंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन को इस गंभीर मामले में तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कारवाई करनी चाहिए।

काशी विश्वनाथ मंदिर के पास शोरूम में लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पास बुधवार को जलान शोरूम में आग लग गयी। शोरूम के ऊपर बने प्रसादम रेस्टोरेंट के किचन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। छत से काला धुआं उठता देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार को जलान शोरूम के ऊपर स्थित प्रसादम रेस्टोरेंट के किचन में अचानक आग लग गयी। कुछ ही देर में धुआं छत की ओर फैलने लगा। मंदिर के पास का इलाका होने के कारण वहां श्रद्धालुओं और खरीदारों की आवाजाही रहती है। धुआं देखकर आसपास के व्यापारियों ने लोगों को मौके से दूर किया और पुलिस एवं दमकल विभाग को सूचना दी।

मिट्टी के अखाड़े से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचीं प्रीति पटेल, कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया देश का मान

सेवापुरी। कजाकिस्तान में आयोजित पांच दिवसीय वर्ल्ड कुराश चैंपियनशिप प्रतियोगिता में वाराणसी की बेटी प्रीति पटेल ने कांस्य पदक जीतकर देश, प्रदेश और अपने गांव का नाम रोशन किया है। मिट्टी के अखाड़े से शुरू हुआ उनका सफर अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच गया है। प्रीति आराजी लाइन विकासखंड के सजोई स्थित अखाड़े में अभ्यास कर प्रतियोगिता की तैयारी करती हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। बुधवार को प्रीति के गांव



लौटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी। दोपहर करीब १२ बजे ग्रामीणों ने बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद स्वागत जुलूस चांदपुर, लोहता, कोरौता और अकेलवा होते हुए सजोई स्थित अखाड़े पर पहुंचा। यहां गांव की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रीति का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उनके कोच अजीत पाल ने कहा कि प्रीति पटेल ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वह भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कुराश में यह पदक हासिल कर सजोई, बनारस, उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डाक्टर राजेश पटेल, निरंजन राजभर, योगेश सिंह बबलु राजभर अधिवक्ता अरविंद पटेल, वीरेंद्र पटेल,राजू पटेल, रोशन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

आज पांच घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, होगा मरम्मत कार्य

पिंडरा। २२० केवी गजोखर विद्युत उपकेंद्र पर ३३ केवी मेन बस सेक्शन प्रथम के मरम्मत कार्य के लिए गुरुवार, १२ नवंबर को पूर्वाह्न १० बजे से अपराह्न ढाई बजे तक नियोजित शटडाउन लिया जायेगा। इसके चलते संबंधित उपकेंद्रों और ३३ केवी के स्वतंत्र उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान ३३ केवी एयरपोर्ट, पारले एग्रो, ३३/११ केवी पिंडरा, पिंडरा तहसील, गजोखर, अनेई, तरसड़ा, इंडस्ट्रियल और नियारडीह उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपखंड अधिकारी, विद्युत प्रेषण खंड २२० केवी गजोखर ने इसकी जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T16, Date-10.11.2026

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। क्र. सं.:- 1, कार्य का नाम:- इज्जतनगर मंडल में लालकुआं यार्ड रीमॉडलिंग हेतु टीआरडी से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.:- SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T16, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:- 3,63,48,529.28, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:- 7,27,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:- 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:- 04.12.2026 11:00, कार्य पूरा करने की अवधि:- 12 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 04.12.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-260 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई. निविदा नोटिस सं. - डी. डी. यू/ईएल/जी/ई.-निविदा/2026-27/14, दिनांक: 10.11.2026

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ - साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्न लिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई. निविदा) आमंत्रित की जाती है। कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं. डी. डी. यू/ ईएल/जी/टी एल/2026-27/02 विषय-पूरे ईसीआर में एस.जी. एसी कोचों मे लगे "ऑटोमीटर एलायंस लिमिटेड" द्वारा निर्मित 25 केवीए इनवर्टरों के लिए तीन (03) वर्षो का वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने के संबंध में। कार्य करने कुल लागत: ₹98,15,644.80, निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय: 03.12.2026, 15:00 Hrs. ई-निविदा बेवसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1317/डीडीयू/अभि./टी/26-27/32

शपथ पत्र

मैं, शादाँ शमीम, पिता- मिर्जा अकमल हुसैन, निवासी मकान सं0- CK40/66, घुगरानी गली, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, पिन: 221001, पासपोर्ट नंबर- S9630313 प्रमाणपत्र संख्या-IN-UP83250584625643Y, दिनांक- 07.11.2026 के माध्यम से यह घोषित करती हूँ कि मेरे पति, तारिक अहमद खान के पासपोर्ट नंबर- S0818474 में मेरा नाम गलत तरीके से "शादाँ शमीम मिर्जा" दर्ज हो गया है। अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे पति के पासपोर्ट में इस गलत प्रविष्टि को सुधारकर "शादाँ शमीम" किया जाए, और भविष्य में सभी आधिकारिक कार्यों के लिए मेरे सही नाम का ही उपयोग किया जाए।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.-एस.जी.-डी.एस.ई.-ओ.टी.-17-26, वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

कार्य का नाम एवं स्थान: शिफ्टिंग/रिलोकेशन ऑफ एस एंड टी यूटीलिटी एट डिफरेंट एलसी गेटस वीथ मेनटेनेन्स वर्क ऑफ एस एंड टी गियरस ईन डीडीयू डीविजन। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹70,79,408.43 (सत्तर लाख उन्नासी हजार चार सौ आठ रूपये एवं तैंतालिस पैसे मात्र)। धरोहर राशि: ₹1,41,600/- (एक लाख इकतालीस हजार छः सौ रूपये मात्र)। ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 01.12.2026 को 12.30 तक। बेव साईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in

म. सं. एवं दू. सं. अभि./
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1320/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26-27/24

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है- मेरा पूर्वनाम- SURESH CHANDRA TIWARI था अबसे बदलकर **SURESH CHAND TIWARI** पुत्र HEERALAL रख लिया हूँ। अबमुझे इसी नामसे जाना पहच. ाना जाय ,ग्राम- पँखवैया अनिरुद्धपुर पूरबपट्टी,पोस्ट-चिल्ह, मिर्जापुर, उत्तरप्रदेश।

सूचना

सूचना-: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माइग्रेशन प्रमाण पत्र (द्वितीय प्रति) इलाहाबाद विश्विद्यालय एनरोलमेंट नंबर MO120649 रोल नम्बर 135735 वास्तव में खो गया है। **अनिल कुमार** पुत्र स्व. केशरी प्रसाद ग्राम प्यारेपुर, पोस्ट करौरा, जौनपुर।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **समसेर अली अंसारी** पुत्र नूर मोहम्मद निवासी 16-1, राजेंद्र नगर, सैदपुर रानी चौक, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश का 19 अगस्त 1995 का रजिस्टर्ड डीड (मूल दस्तावेज) रास्ते में कहीं खो गया है। उक्त दस्तावेज आराजी संख्या 330, रकबा 2040, मौजा हिरामनपुर, परगना व तहसील शिवपुर/सदर, जिला वाराणसी स्थित संपत्ति से संबंधित है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का उपयोग किया जाता है तो वह अवैध एवं अमान्य होगा।

न्यायालय सब जज प्रथम जगदीशपुर, भोजपुर

नम्बरी वाद संख्या-373/2026

बिपुल बिहारी सिन्हा............वादी

बनाम

राजेन्द्र प्रसाद वगैरह........प्रतिवादीगण

गजट बनाम : (4) रीना देवी, उम्र करीब 53 वर्ष, पति-शत्रुघ्न राम, ग्राम+पोस्ट-नौरंगा, थाना-बैरिया, राज्य-उत्तर प्रदेश।

चूं इस गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वादी ने एक नम्बरी मुकदमा-373/2026 न्यायालय सब जज प्रथम, जगदीशपुर भोजपुर में आपके विरुद्ध किया है, जिसमें न्यायालय द्वारा सम्मन नोटिस एवं निबंधित डाक से नोटिस आपके पास भेजा जा चुका है लेकिन आप उपस्थित नहीं हुए हैं। इसलिए इस गजट प्रकाशन के माध्यम से पुनः सूचित किया जाता है कि अगली तिथि दिनांक 16.12.2026 निश्चित हुआ है। उस दिन आप 10.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कारवाई अमल में लायी जायेगी। इसे ताकिद समझें।

आज दिनांक 2.11.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ जारी किया गया।

ह./-
न्यायालय सब जज प्रथम,
जगदीशपुर, भोजपुर

सार्वजनिक खंडन एवं विधिक सूचना

पत्रावली संख्या: V-24348

सर्व साधारण तथा श्री श्यामनारायण पब्लिक स्कूल समिति, सिन्धोरा, वाराणसी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा दिनांक 30. 09.2026 को सदस्य वृद्धि हेतु एवं दिनांक 04.11.2026 को दिनांक 20.11.2026 को प्रबन्ध समिति के चुनाव हेतु प्रकाशित सूचनाएं, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 07.04.2026, Writ-C No. 13107 of 2026 के विपरीत, विधि विरुद्ध एवं प्रारम्भ से ही शून्य (Void ab initio) हैं। उक्त प्रकरण में मेरी अपील संख्या C2026140000007323 of 2026, सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 25 (1) के अंतर्गत, दिनांक 11.03.2026 से माननीय कमिश्नर, वाराणसी मण्डल, वाराणसी के समक्ष विचाराधीन है। माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि चुनाव अपील के परिणाम के अधीन होगा। विचाराधीन प्रकरण के दौरान किसी भी पक्षकार को नए सदस्य बढ़ाने अथवा चुनाव की अधिसूचना जारी करने का विधिक अधिकार प्राप्त नहीं है। अतः दिनांक 30.09.2026 के पस्थात् बनाए गए समस्त कथित नए सदस्य एवं दिनांक 20.11.2026 को प्रस्तावित कथावत कथित चुनाव विधि की दृष्टि में मान्यता प्राप्त नहीं करेंगे। उक्त अवैध कार्यवाहियों के सम्बन्ध में सम्बंधित पक्षकारों के विरुद्ध विधि के अनुसार उचित विधिक कार्यवाही की जाएगी। मैं, रवि यादव, पुत्र स्वर्गीय श्याम नारायण यादव, जो संस्थापक तथा पूर्व अध्यक्ष थे, जो संस्था के संस्थापक परिवार के विधिक उत्तराधिकारी एवं वैधानिक सदस्य के रूप में तथा अपने पक्षानुसार प्रबन्धक के दायित्वों का निर्वहन कर रहा हूँ, कथन करता हूँ कि विपक्षी द्वारा मुझे उपाध्यक्ष दर्शाया जाना भ्रामक है। पद के सम्बन्ध में मेरा पक्ष माननीय कमिश्नर के समक्ष विचाराधीन है। **रवि यादव पुत्र स्वर्गीय श्याम नारायण यादव, जो संस्थापक तथा पूर्व अध्यक्ष थे -**

श्री श्यामनारायण पब्लिक स्कूल समिति, सिन्धोरा, वाराणसी-+91 7666507760

सम्मन वगरज तनकीह तलब
न्यायालय सिविल जज सी.डी., गाजीपुर
मूलवाद सं.-१९४/२०११
रामजन्म बनाम ओमप्रकाश आदि

बनाम-ओमप्रकाश राय अनुमानित आयु ४५ वर्ष, रामाश्रय राय अनुमानित आयु ५० वर्ष पुत्रगण स्व. हरिहर राय, मुन्ना राय अनुमानित आयु ४०वर्ष पुत्र दलसिंगार राय सभी निवासीगण ग्राम भैरोपुर, परगना व तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, राजेन्द्र राय अनुमानित आयु ५०वर्ष पुत्र स्व. रामधारी राय निवासी ग्राम भैरोपुर, परगना व तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, उर्मिला राय अनुमानित आयु ४०वर्ष पुत्री स्व. रामधारी राय, पत्नी सोदू राय निवासी ग्राम व पोस्ट मड़ियाहूं, जिला जौनपुर, जयंती राय अनुमानित आयु ३५ वर्ष पुत्री स्व. रामधारी राय पत्नी गुड्डू राय निवासी ग्राम व पोस्ट अर्दलीबाजार, वाराणसी, सुमन राय अनुमानित आयु ३०वर्ष पुत्री स्व.रामधारी राय पत्नी चन्द्रभूषण राय निवासी ग्राम व पोस्ट चहनियां, जिला चंदौली, उषा राय अनुमानित आयु २५ वर्ष पुत्री स्व. रामधारी राय पत्नी पप्पू राय निवासी ग्राम गोपालपुर, तहसील मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर।

हरगाह वादी ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है जिसमें आपको सूचना दिया जाता है कि तारीख पेशी दिनांक १२.११.२०२६ ई. वास्ते जबावदेही व तनकीह पर दिन में १० बजे खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमें में जबावदेही दावा दाखिल करें। वरना आपकी अनुपस्थिति में मुकदमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एकतरफा समायत होगी।

आज दिनांक को जारी

न्यायालय की आज्ञा से मुन्सरिम

वाहन की टक्कर से विवाहिता की मौत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के गिराई पावर हाउस के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की शाम सड़क पार करते समय अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से 32 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव लेकर घर चले गए। महिला की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गोपीगंज के चुडिहारी मोहाल निवासी दानिश की पत्नी हिना मंगलवार की शाम अपनी सास और बेटी के साथ दवा लेने के लिए गिराई स्थित एक क्लिनिक जा रही थी। तीनों ऑटो से गिराई पावर हाउस के पास उतरी थीं। इसके बाद हिना सड़क पार करने

सास और बेटी के साथ दवा लेने जा रही थी महिला, सड़क पार करते समय वाहन ने मारी टक्कर; चालक मौके से फरार

लगी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। आसपास मौजूद लोगों की मदद से परिजन घायल हिना को तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हिना की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां को खोने से बेटी का रो-रोकर बुरा हाल रहा, वहीं पति और अन्य परिजनों का विलाप देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिजन शव को लेकर घर चले गए और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं कराई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल रहा।

हनुमानजी की मूर्ति खंडित किये जाने से हरिजन बस्ती में आक्रोश, आरोपी हिरासत में

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के सुजातपुर खलिया स्थित हरिजन बस्ती में मंगलवार देर रात हनुमानजी की मूर्ति खंडित किए जाने का मामला सामने आने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि हनुमानजी की पूजा-अर्चना को लेकर एक ही वर्ग के दो गुटों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में कई बार आपसी बातचीत के जरिए विवाद को शांत कराया गया था। इसी बीच मंगलवार देर रात मूर्ति खंडित किए जाने की घटना सामने आई। इस संबंध में एक नामजद व्यक्ति पर मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए पीआरवी को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम ने मौके का जायजा लिया। वहीं, जितेंद्र कुमार की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। घटना के बाद बस्ती के लोगों में नाराजगी देखी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूजा को लेकर दो गुटों में लंबे समय से चल रहा था विवाद, पुलिस ने शुरू की जांच

विधायक ने सीएम से की शिकायत

ज्ञानपुर। औराई विधानसभा क्षेत्र 394 औराई के गुलालपुर पिच रोड से रेलवे लाइन तक निर्माणाधीन सड़क सात माह से अधूरी पड़ी है। सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर और गिट्टियां डालकर काम बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक दीनानाथ भास्कर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सड़क निर्माण में लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने बताया है कि औराई ब्लॉक क्षेत्र में मंडी परिषद की ओर से गुलालपुर पिच रोड से रेलवे लाइन तक करीब 1300 मीटर सड़क स्वीकृत की गई थी। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद ठेकेदार ने सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर और गिट्टियां डाल दीं, लेकिन इसके बाद काम आगे नहीं बढ़ाया गया। पिछले सात माह से सड़क इसी स्थिति में पड़ी है। गिट्टियों पर रोलर तक नहीं

गुलालपुर पिच रोड से रेलवे लाइन तक १३०० मीटर मार्ग का निर्माण अधर में, उच्चस्तरीय जांच की मांग

चलाया गया, जिससे मार्ग ऊबड़-खाबड़ हो गया है। इस पर पैदल चलना तो दूर, बाइक सवारों को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है। विधायक दीनानाथ भास्कर ने पत्र में कहा है कि उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों से कई बार निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए कहा, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते क्षेत्रीय जनता रोजाना परेशानी झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सड़क की बदहाली को लेकर विपक्ष भी सवाल उठा रहा है, जबकि जनता को बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। स्वीकृत परियोजना के सापेक्ष अब तक खर्च हुई धनराशि का पूरा ब्योरा लिया जाए और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए। पत्र के बाद क्षेत्रीय लोगों को सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद जगी है।

आजाद स्पोर्ट्स ने मछलीशहर को ११ रनों से हराया, ज्ञानपुर ने भी दर्ज की जीत

सुरियावां। क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में आयोजित राजाराम सिंह अंडर-16 टी-20 क्रिकेट महाकुंभ के दूसरे दिन आजाद स्पोर्ट्स और ज्ञानपुर की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। पहला मुकाबला आजाद स्पोर्ट्स और शांति क्रिकेट एकेडमी मछलीशहर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्ट्स ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 167 रन बनाए। इसमें कृष्ण यादव ने 41, प्रियांशु बिंद ने 27 तथा आकाश उपाध्याय और मोहित मौर्य ने 17-17 रनों का योगदान दिया। मछलीशहर की ओर से प्रियांशु यादव और अभिषेक ने दो-दो विकेट, जबकि राज, आदित्य और आर्यन ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मछलीशहर की टीम आजाद स्पोर्ट्स की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और महज 76 रनों पर सिमट गई। आजाद स्पोर्ट्स की ओर से यतेंद्र सिंह ने चार, मोनू यादव ने तीन तथा राजन यादव, आदर्श मौर्य और कृष्णा यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस तरह आजाद स्पोर्ट्स ने 91 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के दौरान मिर्जापुर नगर निगम के अभियंता विवेक बिंद ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मथुरा राम यादव, सहायक कोषाधिकारी जिला कोषागार ज्ञानपुर, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, दिनेश दादा, अमर सिंह, अशोक बिंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सरकारी राशन की दुकान का दरवाजा तोड़कर गेहूं-चावल चोरी

कटरा। कोइरौना थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। अब चोरों ने सरकारी राशन की दुकान को निशाना बनाते हुए दरवाजा तोड़कर गेहूं और चावल की बोरियां चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, इसी दौरान पास की मिठाई की दुकान के

कोइरौना क्षेत्र में लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में दहशत, १५ और १२ लाख की चोरी का भी नहीं हुआ खुलासा

संचालक के पहुंचने से चोर हड़बड़ी में मौके से भाग निकले। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, धनतुलसी मुख्य मार्ग पर कोटेदार ओम प्रकाश सिंह की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान है। मंगलवार की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर दुकान का लकड़ी का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद दुकान में रखे सरकारी गेहूं और चावल की बोरियां समेटने लगे। इसी बीच पास की मिठाई की दुकान के संचालक को अपनी ओर आता देख चोर घबरा गए और मौके से फरार हो गए। जल्दबाजी में भागने के दौरान खाद्यान्न के दाने दुकान के आसपास बिखरे मिले। घटना की जानकारी होने पर कोटेदार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल-112 और स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। गौरतलब है कि कोइरौना थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे पहले मोन कुटिया के पास करीब 15 लाख रुपये और भाजपा नेता राम मोहन मिश्रा के यहां करीब 12 लाख रुपये की चोरी हो चुकी है। इन दोनों बड़ी वारदातों का भी पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय है और रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

कटरा पुलिस चौकी प्रभारी काशीनाथ यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर घटना का खुलासा किया जाएगा।



दलित किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, पांच माह की गर्भवती होने पर दर्ज हुआ मुकदमा

ज्ञानपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग दलित किशोरी के साथ कथित दुष्कर्म और उसके पांच माह की गर्भवती होने का मामला सामने आया है। पीडिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार वादिनी ने बताया कि कसियापुर निवासी ने किशोरी के साथ कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया किशोरी की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उससे पूछताछ की तो उसने पूरी बात बताई। आरोप है कि परिजन शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही रुपये देकर मामले को दबाने का प्रयास भी किया गया। तहरीर के मुताबिक, किशोरी करीब पांच माह की गर्भवती है। मामले में पुलिस ने 10 नवंबर को एफआईआर संख्या 0351 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 5(द्बद्ब), 6 तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(1) में मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने किया पैदल गश्त, संदिग्धों की चेकिंग

ज्ञानपुर। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बुधवार की शाम विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सभी क्षेत्राधिकारी, थाना और चौकी प्रभारियों ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की जांच की गई। पुलिस टीमों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। साथ ही लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही आमजन में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना है।

डीघ में तीन दिवसीय नाट्य मंचन कल से, तीन नाटकों की बिखरेगी छंटा

कटरा। डीघ स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय वार्षिक नाट्य मंचन का आयोजन 12 से 14 नवंबर तक किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति की ओर से तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तीन दिनों तक पौराणिक प्रसंगों के साथ सामाजिक कुरीतियों और सरोकारों पर आधारित नाटकों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार, 12 नवंबर को पौराणिक कथा पर आधारित नाटक 'सती अनसूइया' का मंचन होगा। दूसरे दिन शुक्रवार, 13 नवंबर को सामाजिक विषयों को दर्शाता नाटक 'आखिरी कफन' प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, समापन दिवस शनिवार, 14 नवंबर को भोजपुरी नाटक 'दहेज का भिखारी' का मंचन होगा। यह नाटक दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति पर आधारित है। आयोजन के सफल संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समिति के अध्यक्ष शिवशंकर यादव, उपाध्यक्ष बंशीलाल यादव व धर्मेंद्र यादव (भाउ), सचिव फौजदार यादव (स.अ.) व राकेश यादव, कोषाध्यक्ष अजय यादव, उप कोषाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, प्रबंधक कमलेश यादव (नेता) तथा कार्याध्यक्ष दिनेश चंद्र यादव, कृष्णराज यादव और चंद्रलाल यादव आयोजन की व्यवस्था में जुटे हैं। निर्देशक शिवबहादुर यादव (टेलर मास्टर) के निर्देशन में कलाकार नाटकों की तैयारी कर रहे हैं। समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

एक माह से उखाड़कर छोड़ी सड़क, निर्माण कार्य ठप होने से ग्रामीण परेशान

ज्ञानपुर। भदोही ब्लॉक के भगौतीदासपुर ग्रामसभा में विधायक निधि से प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। ठेकेदार ने करीब एक माह पहले सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी राहुल सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मामले को उठाते हुए जिलाधिकारी भदोही और मुख्यमंत्री कार्यालय से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस कारण सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है। सड़क उखाड़कर छोड़ देना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

रेलवे ट्रैक के पास ऑटो खड़े करने वालों पर आरपीएफका शिकंजा

गोपीगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की ओर से चलाए गए विशेष अभियान से ऑटो चालकों और अवैध वेंडरों में हड़कंप मच गया। स्टेशन के पश्चिमी छोर पर चलाए गए अभियान के दौरान रेलवे परिसर में अनियमित तरीके से ऑटो खड़ा करने वाले 10 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, बिना अनुमति पानी बेच रहे एक अवैध वेंडर को भी पकड़ा गया। बताया जाता है कि स्टेशन के पश्चिमी छोर पर कुछ ऑटो चालक नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों को बैठाने और उतारने के लिए अपने वाहन रेलवे ट्रैक के बेहद करीब तक पहुंचा देते हैं। इससे कभी भी गंभीर हादसा होने की आशंका बनी रहती है। रेलवे ट्रैक के समीप वाहनों की आवाजाही से रेल परिचालन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसके बावजूद कई चालक मनमाने तरीके से ऑटो खड़ा कर यात्रियों को बैठाने

ज्ञानपुर रोड स्टेशन के पश्चिमी छोर पर चला विशेष अभियान, पानी बेच रहा एक अवैध वेंडर भी पकड़ा गया

की कोशिश करते हैं। आरपीएफकी अचानक हुई कार्रवाई से स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों को चिह्नित कर उनके खिलाफकारज़्वाई की गई। साथ ही रेलवे परिसर में बिना अधिकृत अनुमति पानी बेच रहे वेंडर पर भी शिकंजा कसा गया। इस संबंध में आरपीएफइंस्पेक्टर दयाशंकर यादव ने बताया कि रेलवे ट्रैक के नजदीक ऑटो खड़ा करना बेहद खतरनाक है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ सकती है। यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे परिसर में अवैध रूप से ऑटो खड़ा करने, ट्रैक के समीप वाहन ले जाने और बिना अनुमति वेंडिंग करने वालों के खिलाफअभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत बुधवार को जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों एवं महिला बीट अधिकारियों ने स्कूल-कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही पॉक्सो एक्ट, कानूनी अधिकारों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

भदोही। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर सोमवार को मशाल रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने मौलाना आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया और उनके योगदान को याद किया। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षा को देश की तरक्की की मजबूत बुनियाद माना और आधुनिक शिक्षा के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। देश की प्रगति के लिए हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा पहुंचाना जरूरी है।

सेमिनार में शिक्षा, एकता और भाईचारे के संदेश को किया याद

अल्पसंख्यक कांग्रेस महासचिव इश्तियाक अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। आज के युवाओं को उनकी पुस्तकों और विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अल्पसंख्यक कांग्रेस सचिव एवं भदोही प्रभारी रौशन अली ने कहा कि शिक्षा मंत्री के रूप में मौलाना आजाद ने आधुनिक भारत की शैक्षिक नींव मजबूत करने में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन अब्दुल, कांग्रेस उपाध्यक्ष मसूद आलम, सुबुकतगीन अंसारी और महिला कांग्रेस अध्यक्ष शबाना खातून ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आजाद हुसैन, सभासद शमसीर अहमद, स्वालेह अंसारी, अकबर अंसारी, परवेज अंसारी, मोउद्दीन अहमद और आतिफहुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

छह दिसंबर को लखनऊ में अंबेडकर पुण्यतिथि समारोह में शामिल होने का बसपाइयों ने किया आह्वान

ज्ञानपुर। बहुजन समाज पार्टी की ओर से बुधवार को 393 ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के कौलापुर स्थित नेशनल हाईवे के किनारे शक्ति ढाबा में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी छह दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर लखनऊ के सामाजिक परिवर्तन स्थल पर आयोजित होने वाले विशाल श्रद्धांजलि समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिर्जापुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी बैजनाथ गौतम ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समानता एवं भाईचारे को मजबूत करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समारोह को सफल बनाने के लिए जुटने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी डॉ. रामजी राव रहे। इस दौरान महेंद्र कुमार गौतम, रामसनेही गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम, आशीष तिवारी, अशोक चौधरी, गुलाब मौर्य, सुभाष चंद्र गौतम, पवन कुमार तिवारी, लालमणि गौतम, मोके यादव, गोविंदा पासी, राजेश भास्कर, दिलीप कुमार गौतम, रामू यादव, नन्हकू निषाद और छांगुर निषाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस का अभियान

ज्ञानपुर। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भदोही पुलिस ने अभियान चलाकर 23 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें पांच वारंटी और 18 ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जिनसे शांति भंग होने की आशंका थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया। पुलिस के अनुसार, गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र में आठ, कोईरौना थाना क्षेत्र में चार, भदोही थाना क्षेत्र में आठ, औराई में दो तथा ऊंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोईरौना के इनारगांव से मुकदमा संख्या 628/2011 से संबंधित तीन वारंटी, भदोही के नेवादा कला से मुकदमा संख्या 387/2024 से संबंधित एक वारंटी और ऊंज के अईनछ से एक वारंटी पकड़ा गया। वहीं, शेष 18 लोगों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। उधर, यातायात पुलिस ने भी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के

२३ गिरफ्तार, ५७४ वाहनों का चालान, ७.२५ लाख रुपये जुमार्ना वसूला, पांच वारंटी भी गिरफ्तार

खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 440 दोपहिया और 134 चारपहिया समेत कुल 574 वाहनों का चालान किया गया। इनसे कुल 7 लाख 25 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और आमजन से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर सराय जगदीश धनीपुर गांव के पास सड़क पर खड़े वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गणेश सोनी (50) पुत्र स्व. प्यारेलाल निवासी सराय जगदीश धनीपुर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सरकारी एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

युवती से मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के बीसा गांव में युवती के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पीडिता की मां शकुन्तला देवी पत्नी जिलाजीत ने पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के राम कुमार पुत्र राजू, प्रीति और पूजा पुत्री राजू पर अपनी पुत्री प्रतिमा के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, घटना आठ नवंबर की देर शाम की है। आरोप है कि तीनों ने प्रतिमा को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में शिकायत मिलने के बाद गोपीगंज पुलिस ने आरोपों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

राजेंद्र सरोज के पिता के निधन पर शोक जताने पहुंचे सिद्धार्थ सिंह

सुरियावा। क्षेत्र के मानशाहपुर बेला गांव के ग्राम प्रधान राजेंद्र सरोज के पिता राहित सरोज के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह एवं वर्तमान एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह के पुत्र सिद्धार्थ सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत राहित सरोज को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, अच्छेलाल उपाध्याय, मुन्ना सिंह, दिनेश यादव 'दादा', जितेंद्र तिवारी सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की कामना की।

राणा वेणी माधव सिंह और वीरा पासी के स्मृति दिवस पर कवि सम्मेलन

सुरियावां। 1857 की क्रांति के महानायक राणा वेणी माधव सिंह एवं सेनापति वीरा पासी के स्मृति दिवस पर सुरियावां में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री रीना श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की वंदना से किया। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले सभी वीर सपूत समान रूप से सम्मान के अधिकारी हैं। इतिहास में सभी का योगदान समान महत्व रखता है। अध्यक्षता कर रहे नरेंद्र बहादुर सिंह पंकज ने कहा कि दोनों महानायकों ने देश के लिए बलिदान देने के साथ ही मित्रता की अद्भुत मिसाल भी पेश की। संचालन कर रहे संदीप कुमार बालाजी ने दोनों वीरों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बेगम हजरत महल ने वेणी माधव बक्श सिंह को दिलेरजंग की उपाधि दी थी। वहीं वीरा पासी का मूल नाम शिवदीन पासी था। कवि संदीप कुमार बालाजी ने अपनी पंक्तियों से 1857 की क्रांति का चित्रण किया। अरुण कुमार यादव आदित्य, अजय विश्वकर्मा शान, चंद्रकांत भ्रमर सहित सारिका श्रीवास्तव, प्रद्युम्न त्रिपाठी पद्म, सत्येंद्र शुक्ला सजग, सांवरिया और मनोज कुमार पाल मन्मथ ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर राजेश भास्कर, राम शिरोमणि सरोज, अमन सरोज, बीएन सरोज, कमल चौरसिया, मनीष चौरसिया, शैलेश सिंह, सीमा तिवारी और राजेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वीर सपूतों के बलिदान और मित्रता को कवियों ने किया याद, काव्य पाठ से बांधा समां



साइबर ठगी के दो पीड़ितों को वापस कराये १०,०७६ रुपये

ज्ञानपुर। साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कोइरौना पुलिस ने पीड़ितों की पूरी धनराशि वापस कराई है। दोनों मामलों में कुल 10,076 रुपये खातों में वापस पहुंचने पर पीड़ितों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई की। पहले मामले में धनतुलसी गांव निवासी दुर्गेश सिंह के खाते से साइबर ठगों ने 9,500 रुपये निकाल लिए थे। वहीं दूसरे मामले में कटरा निवासी कमलेश कुमार यादव के खाते से 576 रुपये की ठगी हुई थी। साइबर हेल्प डेस्क ने दोनों शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी रकम वापस कराई। कार्रवाई में महिला कांस्टेबल शिवानी मिश्रा और आरक्षी सिद्ध गोपाल शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने और साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं काशी नरेश विश्वविद्यालय की वाइसचांसलर-प्रोफेसर उमा श्रीवास्तव

ज्ञानपुर। काशी नरेश विश्वविद्यालय, संत रविदास नगर की कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने गोरखपुर स्थित श्री गोरखनाथ मंदिर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों, विकास की प्राथमिकताओं और भावी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन और आशीर्वाद विश्वविद्यालय को शिक्षा, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय जनपद भदोही सहित आसपास के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कोटेदार के पिता के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

सुरियावां। क्षेत्र के ग्राम निदिउरा अभिया निवासी कोटेदार देवी शंकर शुक्ला एवं माता शंकर शुक्ला के पिता पंडित आशाराम शुक्ला (80) का निधन शनिवार, 7 नवंबर 2026 को हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत पंडित आशाराम शुक्ला के निधन पर अधिवक्ता स्वामीनाथ मिश्र, हंसाराम शुक्ल, सुधाकर, दिनेश चंद्र दुबे, मनोज शुक्ला, दिनेश चंद्र उपाध्याय, शुभम मिश्र, भव्यदीप शुक्ला, आलोक मिश्र, गोविंद मिश्र, आनंद कुमार सिंह और आदर्श सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया।

मृतक विनोद का शव पहुंचते ही भड़का आक्रोश, अंतिम संस्कार से इंकार

आरोपियों के एनकाउंटर की मांग, विधायक के आश्वासन के बाद सुबह अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन



बांसडीह (बलिया)। सहतवार कस्बा में सोमवार को मारपीट के दौरान हुई विनोद राजभर की हत्या के बाद मंगलवार की देर शाम पोस्टमार्टम के उपरांत शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने सहतवार-रेवती मुख्य मार्ग पर कुछ देर तक चक्का जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई, एनकाउंटर तथा मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। देर रात तक विधायक केतकी सिंह, एसडीएम और सीओ ने परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर कार्रवाई और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन बुधवार की सुबह अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। बुधवार की सुबह परिजनों ने गांव के बाहर स्थित श्मशान घाट पर विनोद का अंतिम संस्कार कर दिया। मंगलवार की शाम जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद विनोद राजभर का शव सहतवार-रेवती मुख्य मार्ग पर पहुंचा तो परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट गए। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। हालांकि पुलिस ने समझा-बुझाकर करीब दस मिनट में ही जाम समाप्त करा दिया और शव को घर पहुंचाया। शव घर पहुंचते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर विधायक केतकी सिंह, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्र, सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र और अजय सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने परिजनों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। विधायक केतकी सिंह ने रात करीब 11 बजे तक परिजनों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि घटना बेहद दर्दनाक है और इस दुख की घड़ी में पूरा परिवार सदमे में है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया। इसके बाद परिजनों ने बुधवार सुबह अंतिम संस्कार करने की सहमति दी। मृतक के भाई मनोज राजभर ने बताया कि उनके भाई पर चाकू और फरसे से हमला कर हत्या की गई है। उन्होंने सभी आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई। मनोज के अनुसार विनोद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में तीन बेटे विकास, चैंपियन और विशाल तथा पांच बेटियां हैं। इनमें दो बेटियों की शादी हो चुकी है। सबसे बड़े बेटे विकास की उम्र महज 18 वर्ष है। विनोद सहतवार-रेवती मुख्य मार्ग पर अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में स्थित पकौड़ी की दुकान पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

परसादी बाबा शक्तिपीठ धाम में पेट्रोल डालकर झोपड़ी फूंकी

७० हजार नकदी समेत धार्मिक ग्रंथ राख, पीड़ित ने पकड़ी थाने में दी तहरीर

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के परसादी बाबा शक्तिपीठ धाम में मंगलवार की आधी रात सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां झोपड़ी बनाकर सेवक के रूप में रह रहे अभिषेकानंद दास की झोपड़ी में कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों पर जान से मारने की नीयत से इस वारदात को अंजाम देने का गंभीर आरोप लगाया है। आग में करीब 70 हजार रुपये नकदी, जरूरी कागजात, धार्मिक ग्रंथ, दान की पुस्तिका और भंडारे की खाद्य सामग्री समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित अभिषेकानंद दास पुत्र श्रीराम सिंह ने पकड़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि वह परसादी बाबा शक्तिपीठ धाम पर झोपड़ी बनाकर सेवक के रूप में रहते हैं। आरोप है कि 11 नवंबर की रात करीब 2:30 बजे गांव के अभिजात सिंह पुत्र अवधेश सिंह, अमित सिंह उर्फ अनूप सिंह पुत्र विनोद सिंह तथा उनके साथ आए अन्य लोगों ने उनकी झोपड़ी को निशाना बनाया। आरोपितों ने कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर झोपड़ी में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि झोपड़ी में रखा सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते नकदी, रामायण, शिवपुराण सहित धार्मिक पुस्तकें, मठ से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात, दान की पुस्तिका और भंडारे के लिए रखी खाद्य सामग्री आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित के अनुसार, इस घटना में करीब 70 हजार रुपये की नकदी भी जल गई। पीड़ित ने इसे जान से मारने की नीयत से की गई वारदात बताते हुए थानाध्यक्ष पकड़ी से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस की आधिकारिक प्रतिक्रिया और जांच की स्थिति सामने आना बाकी है।

पटाखा फेंकने से मना करने पर मारपीट

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के नारायनपुर गांव में घर में पटाखा फेंकने से मना करने पर महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी उषा देवी ने पुलिस को बताया कि दीपावली की रात गांव के ही विशाल सिंह और उज्वल सिंह उनके घर में पटाखा फेंक रहे थे। मना करने पर दोनों गालियां देने लगे और घर में ईंट फेंकने लगे।आरोप है कि इसके बाद दोनों ने लाठी डंडे से मारपीट की, जिससे उषा देवी को चोटें आईं। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीरो टारलेंस का दावा, फिर भी नहीं रुक रही शराब की तस्करी

दयाछपरा (बलिया)। बैरिया तहसील अंतर्गत शराब तस्करी जोरों पर चल रही है। बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा - नौरंगा, उदईछपरा गंगा घाट, जय प्रकाश नगर, रेवती थाना क्षेत्र के गोपाल नगर, माझा, हल्दी थाना क्षेत्र के रामगढ़ आदि घाटों से नाव के सहारे अवैध शराब की खेप इलाकाई पुलिस की मेहरबानी से बिहार में पहुंच जाती है। सूत्रों ने अनुसार अवैध शराब बिहार राज्य में भेजने के उद्देश्य से तस्करों द्वारा मोटी रकम पुलिस के पास रकम पहुंच जाती है। कभी - कभी पुलिस एक ,आध खेप पकड़कर अपनी पीठ थपथपवा लेती है। जानकारों की माने तो इस इलाके में अधिकतर ठेके की दुकान आवंटित हुई है और हर दुकान से रेट बंधा है जो महीने में संबंधित थाने की पुलिस के पास पहुंच जाता है। इस प्रकार यह अवैध कारोबार क्षेत्र में अपना पांव पसार चुका है। शराब की खेप बिहार पहुंचाने में तरह तरह का हथखंडा तस्करों द्वारा अपनाया जाता है कभी एम्बुलेंस में,कभी कार की सीट में, कभी भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली में एनएच 31 के सहारे खेप बिहार पहुंच जाती है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि इस शराब की खेप पर यूपी पुलिस की नजर पड़ती, वहीं बिहार पुलिस पकड़कर उस पर नियमानुसार कारवाई करती है। नाम न छापने की शर्त पर पुलिस विभाग का एक कर्मचारी बताया कि अगर थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज अधिकारियों द्वारा खंगाला जाए तो सब पता चल जाएगा। इस बावत क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता से पूछने पर बताए कि ऐसी हरकत मेरे संज्ञान में नहीं है, ऐसे में अपने स्तर से जांच कराता हूं अगर ऐसा मिला तो कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।

चंद्रशेखर के पीएम पद की शपथ लेने के दिन जले लाखों दीप

चंद्रशेखर उद्यान में जले १० हजार दीपक



बलिया। पूर्व पीएम चन्द्रशेखर जन्म शताब्दी वर्ष में 10 नवम्बर को प्रधानमंत्री दिवस के रूप में याद किया जा रहा है। चन्द्रशेखर के पीएम पद की शपथ लेने वाले दिन को यादगार बनाने के लिए मंगलवार को चंद्रशेखर उद्यान में जहां चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं दस हजार दीपक जलाए गए। इसके अलावा पूरे जनपद में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर भी हजारों दीप जलाए गए। उल्लेखनीय है कि दस नवम्बर को ही बलिया के आठ बार के सांसद चंद्रशेखर ने देश के आठवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लिया था। जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार का दिन चंद्रशेखर के प्रधानमंत्री शपथ दिवस के रूप में मनाया गया। चन्द्रशेखर उद्यान में 11 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने चंद्रशेखर की प्रतिमा के पास प्रधानमंत्री दिवस दस नवम्बर को दियों के माध्यम से लिखा। बच्चों द्वारा पूर्व पीएम के चित्र को कैनवस पर उकेरे जाते समय राज्यसभा सांसद नीरज शेखर भी पहुंचे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया। नीरज शेखर ने घोषणा किया कि जिले भर के विद्यालयों में चंद्रशेखर से जुड़ी किताबें वितरित की जाएंगी। ताकि नई पीढी पूर्व पीएम के संघर्ष और उनके विचारों से अवगत हो सके, उधर, शाम को पांच बजे सांसद नीरज शेखर एवं विधान परिषद सदस्य रविशंकर सिंह पप्पूभैया की उपस्थिति में 10 हजार दीप जलाकर चंद्रशेखर उद्यान को रोशन किया गया। दीप जलाने में टाउन इंटर कालेज के कैडेट, एसीसी कैडेट, रणजीत सिंह ग्रामोदय इंटर कालेज मिड्ढा, जन नायक चंद्रशेखर विवि के छात्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई। चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में फाइन आर्ट्स लखनऊ के छात्र अमन वर्मा, राज्य ललित कला अकादमी के अलख कुमार व बीएचयू के एमएफए छात्र प्रिंस कुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई। दिपोत्सव व चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में टाउन इंटर कालेज के कला अध्यापक आत्मप्रकाश सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह व डा. इफ्तेखार खां, एसीसी अफसर स्नेह प्रकाश श्रीवास्तव का भी योगदान सारानीय रहा। अखिलेश सिन्हा, अनूप पांडेय, अनिल सिंह, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राघव सिंह, उपेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह सेंगर, मनीष सिंह, आशीष त्रिवेदी, बृजेश सिंह गाट, टिंकू सिंह, मानवेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल

रतसड़ (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत के दो वार्ड में मंगलवार को मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं, एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने का मामला भी सामने आया है। पहली घटना नगर के वार्ड संख्या तीन शिवपुरी की है। जहां 22 वर्षीय अरुण पुत्र अनंत प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम करीब सात बजे वह बाइक से बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान मेउली रोड स्थित डिग्री कॉलेज के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमलावरों से बचने के लिए अरुण बाइक छोड़कर पास के एक मकान में घुस गया, जिससे उसकी जान बच गई। घटना में उसे हल्की चोटें आई हैं। दूसरी घटना नगर के वार्ड संख्या चार स्थित स्वामी विवेकानंद नगर की राजभर बस्ती की है। यहां सार्वजनिक भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। इस मारपीट में एक पक्ष की 35 वर्षीय निराशा देवी पत्नी हरेंद्र राजभर तथा 20 वर्षीय सरिता देवी पुत्री हीरा राजभर घायल हो गईं। दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

चित्रगुप्त मंदिर में हुआ भव्य पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम



बलिया। बलिया की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित श्री चित्रगुप्त मंदिर के प्रबंध समिति के तत्वावधान में बुधवार को भव्य पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कायस्थ समाज के आराध्य एवं कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की कलम-दवात पूजा की गई। इसके बाद भैया दूज के पावन पर्व पर सामूहिक कथा वाचन, हवन-पूजन, सायंकाल प्रसाद वितरण तथा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। सांस्कृतिक संध्या में चर्चित महिला एवं युवा कलाकारों द्वारा गायन, वादन तथा पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान करने वाले भारतीय कायस्थ समाज की विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्व. एडवोकेट नलिनेश कुमार श्रीवास्तव के स्मृति में उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हर्ष श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, एसएस श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विनोद, नागेंद्र श्रीवास्तव, ज्योति, मनीष त्रिवेणीलाल आदि मौजूद रहे।

शौच के लिए गयी किशोरी से छेड़खानी का आरोप, आठ पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के गंगा पार स्थित एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने 28 अगस्त को शौच के लिए खेत की ओर गई किशोरी के साथ छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि किशोरी के पिता और अन्य परिजन जब उलाहना देने आरोपितों के दरवाजे पर पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। आरोपितों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की और घरेलू सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने बैरिया थाने में तहरीर देने के साथ पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। सिविल जज(जूनियर डिवीजन) के आदेश पर मंगलवार देर शाम पुलिस ने सुधीर चौधरी, दूधेश्वर चौधरी, अनीता चौधरी, रूबी चौधरी और गोविंद चौधरी समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

क्रिकेट में सागरपाली, कबड्डी में रामरुचि विजेता

बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित फेफना खेल महोत्सव के सागरपाली क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी में रामरुचि इंटर कॉलेज, सागरपाली एवं सीनियर क्रिकेट में आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज, सागरपाली की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। बुधवार को पूर्वमंत्री उपेंद्र तिवारी ने सब जूनियर बालक कबड्डी एवं सीनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। सबजूनियर बालक कबड्डी में फाइनल में रामरुचि इंटर कॉलेज, सागरपाली ने रामप्रवेश सिंह इंटर कॉलेज, बनरही को 31-23 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व पहले सेमीफाइनल में रामरुचि इंटर कॉलेज सागरपाली ने विहान विद्यापीठ को 12-10 व दूसरे सेमीफाइनल में रामप्रवेश सिंह इंटर कॉलेज बनरही ने ब्लू स्टार थमनपुरा को 12-09 से पराजित कर फाइनल



का टिकट कटाया। निर्णायक की भूमिका अरविंद कुमार सिंह, सच्चिदानंद राय, प्रदीप यादव, विनय राय, आशुतोष राय, जनार्दन सिंह, बैजनाथ सिंह, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद शमशाद, रोहित यादव, दिगम्बर साहनी, यशवंत राय, सचिन उपाध्याय, राहुल सिंह, नितेश सिंह, विकास साहनी, ऋषभ साहनी, अभिषेक कुमार, अनामिका सिंह, प्रियंका तिवारी, शबाना परवीन, नीतू यादव, कृष्णा सिंह आदि ने निभाई।

लच्छूटोला में युवाओं ने दीपों से सजाया भारत का मानचित्र

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के लच्छूटोला गांव में दीपावली के अवसर पर युवाओं ने अनोखे अंदाज में दीपोत्सव मनाया। युवाओं ने भारत का आकर्षक मानचित्र बनाकर उसे दीपों से सजाया। इसके माध्यम से देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवाओं की इस अनूठी पहल ने दीपावली के पर्व को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भारत के मानचित्र को आकर्षक ढंग से तैयार कर उसके चारों तरफ मिट्टी के दीप जलाए गए। मानचित्र के बीच में तिरंगे की झलक भी दिखाई गई।दीपों की रोशनी से जगमगाता भारत का नक्शा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान युवाओं ने वीर शहीद जवानों को याद करते हुए उनके सम्मान में दीप प्रज्वलित किए। ग्रामीण सीटू यादव ने बताया कि देश की सीमाओं पर तैनात जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं। वे अपने परिवार से दूर रहकर देश की रक्षा में जुटे रहते हैं। कई वीर जवान देश की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं शहीद जवानों के सम्मान और उनकी स्मृति में यह आयोजन किया गया है।



पुण्यतिथि पर गरीबों में कंबल वितरित

लालगंज (बलिया)। जो पुत्र अपनी माता-पिता की सेवा करते हैं। उनके स्मृति में समाज सेवा करते हैं। ऐसे पुत्र को सुपुत्र की संज्ञा दी जाती हैं। उक्त बातें भाजपा नेता विजयालक्ष्मी सिंह ने मंगलवार की देर शाम अखण्ड भारत निर्माण मिशन ट्रस्ट के संस्थापक पंडित मोहन चंद उपाध्याय की माता कवल वासो देवी पत्नी स्वर्गीय मोसदी उपाध्याय की 17वीं पुण्यतिथि को संबोधित कर रहे थी। इस मौके करीब 550 जरूरतमंदो मे कम्बल वितरण किया गया। मोहन चंद्र उपाध्याय एवं आभा उपाध्याय ने अतिथियों का फूल माला व अंगवस्त्रम से स्वागत किया। कार्यक्रम में निर्भय नारायण सिंह, सपा नेता अंगद मिश्र, विनोद यादव, राणा दिव्यांश सिंह, अमेंद्र मिश्रा, पूर्व प्रधान विद्यासागर यादव, राजनारायण पासवान ने विचार व्यक्त किया। मोहन चन्द उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया।

देवाश्रम बलिया की मनायी गयी प्रथम वर्षगांठ



बलिया। आज के मशीनी युग में जहां हर कोई धन कमाने के मायावी चकोह में आकंठ डूबा है वहीं कतिपय कर्मयोगियों द्वारा अनूठे सामाजिक कार्य मिसाल और प्रेरणा प्रस्तुत कर रहे हैं। महर्षि भृगु के पावन धरा पर विगत एक वर्ष से मानवता की अनुपम मशाल अनवरत जल रही है। करुणा से उपजा यह संकल्प अब सेवा भाव के यज्ञ का रूप ले चुका है। देव सेवा समिति मिल रोड परदह मऊ द्वारा संचालित देवाश्रम की बलिया शाखा के सदस्यों को जब किसी अज्ञात शव की सूचना मिलती है। परिजन के अभाव में जब कोई कंधा देने वाला नहीं होता तब दल के सदस्य सक्रिय होकर अविलंब धार्मिक परंपरा के अनुरूप गंगा घाट पर शव की अंतिम क्रिया ससम्मान करते हैं। संस्था के तत्वावधान में अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल के अभ्येति हाल में इसके प्रथम वर्षगांठ का आयोजन हुआ। पिछले वर्ष 10 नवंबर को इसकी स्थापना हुई थी। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रो हरिकेश सिंह द्वारा तुलसी वेदी के दीप प्रज्वलन पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सनबीम विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। पीएन सिंह, दीप नारायण सिंह, अनिल प्रताप नारायण,गणेश प्रसाद, भरत प्रसाद, रामाश्रय वर्मा, जयप्रकाश कनौजिया, नंदिनी तिवारी, शिवकुमार सिंह कौशिकेय आदि मौजूद रहे।

साइबर ठगी के पुलिस ने लौटाए ५९ हजार

गड़वार (बलिया)। साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को गड़वार पुलिस ने राहत दिलाते हुए उनके खाते में कुल 50,000 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस ने साइबर ठगी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से ठगी की धनराशि वापस कराई। थाना गड़वार क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी अश्विनी कुमार पाण्डेय पुत्र लाल मोहन पाण्डेय के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 22 अक्टूबर को धोखाधड़ी कर 59 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गड़वार पुलिस ने 11 नवम्बर को आवेदक की धनराशि उनके खाते में वापस करा दी गई। ठगी की रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने बलिया पुलिस और थाना गड़वार पुलिस के प्रति आभार जताया है।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के चोरकैण्ड गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता को प्रताड़ित किए जाने पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास ससुर, देवर, ननद समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं। मनियर थाना क्षेत्र के बघौता, बहदुरा गांव निवासी विजय गोंड़ की पुत्री गुड़िया की शादी 2 मई 2023 को चोरकैण्ड निवासी राहुल कुमार से हुई थी। शादी में पिता ने ढाई लाख रुपया नकद, सोने के गहने और अन्य सामान दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष और 70-80 हजार रुपये की मांग को लेकर ताना मारने लगा। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को गाली देकर मारा पीटा गया। आरोप लगाया कि देवर गोलू कुमार ने विवाहिता से अवैध संबंध बनाने का प्रयास किया। पिता ने आरोप लगाया कि 28 अक्टूबर को दोनों पक्षों में समझौता हुआ था कि आगे से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा, लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना जारी रहा। पुलिस पति राहुल, ससुर मंगलदेव, देवर गोलू, सास सोनी देवी तथा ननद सुशीला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

शिव मंदिर से पीतल के दो घंटे, कलश चोरी

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के सिसेंण्ड गांव स्थित शिव मंदिर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए पीतल के दो घंटे और कलश पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की सुबह करीब पांच बजे जब ग्रामीण बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचे तो वहां लगे घंटे और कलश गायब देखकर उनके होश उड़ गए। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। इस संबंध में गांव के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश सिंह ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने, चोरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

छठ पूजा के बाद पंजाब-हरियाणा समेत कई राज्यों से पहुंचेंगे पशु व्यापारी



बलिया। ददरी पशुमेला की शुरुआत दीपावली से हो चुकी है। बुधवार को मेले के तीसरे दिन खच्चर, घोड़े समेत अन्य पशुओं का पहुंचना शुरू हो गया। इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी आशाराम और नगरपालिका अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल ने पशुमेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि छठ पूजा के बाद पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों से पशु व्यापारी अपने पशुओं के साथ मेले में पहुंचेंगे। व्यापारियों की सुरक्षा और आवागमन को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। रास्ते में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, जिसके माध्यम से व्यापारी सुरक्षित तरीके से मेला स्थल तक पहुंच सकेंगे। बाहर से आने वाले पशु व्यापारियों के ठहरने के लिए टेंट, बिजली और पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके लिए निशुल्क भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है। इसके अलावा पशुओं के उपचार के लिए अस्थायी पशु अस्पताल की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पशु व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

एक नजर इधर भी

मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के मिश्र के मठिया गांव में पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो बाल अपचारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में लल्लन यादव और रंजू देवी शामिल हैं, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।ए सएचओ बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मिश्र के मठिया गांव में पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं दरवाजे पर खड़ी चार पहिया गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में गांव निवासी लक्ष्मण यादव की तहरीर पर 12 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपितों को मांझी पुल पर ले गई। वहां आरोपितों ने निशानदेही करते हुए बताया कि हथियार गंगा नदी पर बने पुल के बीच से नदी में फेंक दिए थे। हालांकि पुलिस को हथियार बरामद करने में सफलता नहीं मिली।

मड़हा उजाड़ने का विरोध करने पर मारपीट

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के संसार टोला-जयप्रकाश नगर गांव में मड़हा (झोपड़ी) उजाड़ने का विरोध करने पर मारपीट,गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित मुकेश यादव की तहरीर पर मंगलवार पुलिस ने गांव निवासी सोनू यादव और मुन्ना यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि दोनों आरोपित जबरन मड़हा उजाड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसका विरोध करने पर उन्होंने मुकेश यादव के साथ मारपीट की और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

युवती का अश्लील फोटो भेजने पर मुकदमा दर्ज

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के एक गांव में बेटी की शादी तय होने के बाद अश्लील फोटो भेजकर परेशान करने और जान माल की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मां की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती की मां का आरोप है कि उनकी पुत्री का विवाह तय हुआ है। आरोप है कि इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर, हुसेनाबाद निवासी अखिलेश यादव फोन पर अनाप शनाप बातें कर रहा है और जहां उनकी पुत्री की शादी तय हुई है वहां एआई से बनाई गई गंदी गंदी फोटो भेज रहा है। इससे पहले भी कई बार उसके द्वारा परेशान किया जा चुका था, तब सहमति से समझौता कर लिया गया था। मना करने पर आरोपी ने परिवार को अपशब्द कहे, मारपीट की और पुत्री को उठा ले जाने व जान माल के नुकसान की धमकी दिया। मेरा पूरा परिवार डरा सहमा है और किसी अप्रिय घटना से आशंकित है।

डॉ. पीयूष कुमार का ग्रामीणों ने किया स्वागत

नगरा (बलिया)। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज के हिंदी विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी को शिक्षक संघ का सचिव निर्विरोध चुने जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नरही गांव में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने उनका फूल माला एवं अंगवस्त्र से सम्मान कर बधाई दी। इस अवसर पर नित्यानंदन सिंह, धर्मनाथ सिंह, अविनाश पांडेय, टिंकल सिंह, अर्जुन गुप्ता, जितेंद्र यादव, भोला पांडेय, व्यास पांडेय, दीपक ठाकुर, हरि सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राम प्रकाश पांडेय ने किया।

रुपयाकी मजबूती

यह संतोषका विषय है कि भारतीय मुद्रा रुपयेकी स्थिति अब मजबूत हो गयी है। साथ ही रुपया एशियाकी बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओंमें शामिल हो गया है। यह देशकी अर्थव्यवस्थाके सन्दर्भमें अत्यन्त महत्वपूर्ण घटनाक्रम है और इसका व्यापक प्रभाव भी पड़ेगा। अन्तरराष्ट्रीय बाजारमें डालरके मुकाबले रुपयेकी स्थिति किसी देशके आर्थिक स्वास्थ्य, विदेशी निवेशकोंका भरोसा, व्यापार सन्तुलन और मौद्रिक स्थिरताका महत्वपूर्ण संकेतक है। ऐसे समयमें जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, तेलकी कीमतोंमें उतार-चढ़ाव, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी मौद्रिक नीतियोंके प्रभावसे गुजर रही है, रुपयेकी मजबूती भारतके लिए सकारात्मक सन्देश भी देती है। इसके बावजूद रुपयेकी मजबूतीको केवल आर्थिक सफलताका प्रमाण मानना अभी उचित नहीं माना जा सकता है। यह भी जानना आवश्यक है कि इसके पीछे कौनसे कारक काम कर रहे हैं और इसका भारतीय अर्थव्यवस्थाके विभिन्न क्षेत्रोंपर क्या प्रभाव पड़ेगा। चालू वित्त वर्षमें पहली बार भारतीय रुपये .९७ प्रतिशत मजबूत हुआ है। इससे पहले मईमें रुपया ९६.९६ प्रति डालरके रिकार्ड निचले स्तरतक पहुंच गया था। अक्तूबरमें भी यह ९७ के निचले स्तरके करीब पहुंचा था। नवम्बरके दूसरे सप्ताहमें रुपयेने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। ११ नवम्बरको रुपया डालरके मुकाबले लगभग ९३.७५ के स्तरपर पहुंच गया। पिछले कुछ दिनोंसे इसमें लगातार सुधार देखनेको मिला। ६ नवम्बरको रुपया ९३.९१ प्रति डालरपर बंद हुआ था। यह छह माहका उच्च स्तर था। अक्तूबरमें रुपयेने लगभग एक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। रुपयेमें मजबूतीके कई बड़े कारण भी हैं। कच्चे तेलकी कीमतोंमें गिरावट एक प्रमुख कारण है। तेलकी कीमतें बढ़नेसे भारतको अधिक डालर खर्च करने पड़ते हैं, जिससे रुपयेपर दबाव बढ़ता है। तेल सस्ता होनेसे आयात बिल घटता है। पश्चिम एशियामें तनाव कम होनेकी सम्भावनाओंने भी बाजारकी धारणाको प्रभावित किया है। विदेशी निवेशकोंकी वापसीसे रुपयेमें मजबूती आयी है। विदेशी निवेशक अब भारतीय शेयर बाजारमें उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं। अमेरिकी निवेशकोंका रुझान एआई और उससे जुड़ी कम्पनियोंपर बढ़ा है। इसके अतिरिक्त रुपयेमें उतार-चढ़ावको रोकनेके लिए भारतीय रिजर्व बैंकने भी सक्रियता बढ़ायी है। रुपयेमें मजबूतीसे आयात अब सस्ता होगा। महंगीपर भी एक सीमातक नियंत्रण होगा। विदेशी कर्जका बोझ घटेगा। विदेशमें पढ़ाई और यात्रा सस्ती होगी। इन सबके बाद भी रुपयेके सामने भविष्यकी चुनौतियां भी हैं। इसलिए इससे निबटनेके लिए भारतको प्रभावशाली रणनीति बनानी होगी। रुपया आगे भी मजबूत बना रहे, इसपर भी सोचना होगा।

ढाकामें फिर भड़की हिंसा

बंगलादेशमें तख्तापलटके बाद अपदस्थ प्रधान मंत्री शेख हसीनाके वतन वापसीसे पूर्व शुरू हुई हिंसक झड़पोंके दौरके निहितार्थको समझनेकी जरूरत है। शेख हसीना इस समय भारतमें है और उन्होंने इसी साल दिसम्बर माहमें स्वदेश लौटनेका ऐलान किया है। इसको लेकर देशमें तनाव अपने चरमपर है। इस बढ़ती हलचलके बीच हिंसा और आगजनीकी वारदातोंने लोगोंको झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहां देशके भविष्यकी राजनीतिको लेकर चर्चाएं गर्म हैं वहीं दूसरी ओर हिंसाका खौफनाक रूप भी दिख रहा है जिससे जन-सामान्य दहशतमें है। राजधानी ढाका और आसपासके कई जिलोंमें देर रात अचानक हिंसा भड़क उठी। हसीनाकी पार्टी अवामी लीग समर्थकों और विरोधियोंके बीच कई जगहोंपर हिंसक झड़पें हुईं। इन घटनाओंमें एक व्यक्तिकी मौत हो गयी, जबकि आठ वाहनोंको आगके हवाले कर दिया गया। कई जगहोंपर देसी बमसे धमाके किये गये, जो बंगलादेशकी बदतर होते हालातको बयां करते हैं। पुलिसने इन घटनाओंके लिए प्रतिबन्धित अवामी लीग और उससे जुड़े संघटनोंके कार्यकर्ताओंको जिम्मेदार ठहराया है। वहीं मंगलवारको बंगलादेशमें प्रतिबन्धित छात्र लीगकी देशव्यापी बंदके बीच भी कई जिलोंमें हिंसा भड़क उठी। खगराछड़ी जिलेमें अज्ञात हमलावरोंने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक वार्ड कार्यालयमें आग लगा दी। शरियातपुर जिलेमें एक टोल प्लाजापर जमकर तोड़फोड़ की गयी जिससे यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इसी तरह नेत्रकोनामें एक्सप्रेस ट्रेनके एक डिब्बेमें आग लगायी गयी जिसपर समय रहते आगपर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियोंके अनुसार इन घटनाओंमें अवामी लीग समर्थकोंका हाथ होना बताया जाता है। दरअसल अवामी लीगको डर है कि शेख हसीनाके बंगलादेश पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायगा और उन्हें फांसी दे दी जायगी। वैसे क्या होगा यह तो भविष्यके गर्भमें है लेकिन फिलहाल ढाकाके जो हालात हैं, वह बेहद चिन्तनीय है। भारतको भी बंगलादेशके हालातपर पैनी नजर रखनी होगी।

लोक संवाद

विज्ञानका उचित प्रयोग

महोदय,- दस नवंबरको अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात् शांति और विकासके कामोंमें विज्ञानकी भूमिकाके प्रति जागरुकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। यदि विज्ञानका उचित प्रयोग किया जाय तो यह प्राणी जातिके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञानने इनसानकी जिन्दगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत-सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञानकी तरफसे हमें मिली हैं, वह हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमेंसे बहुत-सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नयी तकनीकका प्रयोग उचित तरीकेसे किया जाय तो वो वरदान है, अन्यथा वह अभिशाप बनेगी। **-राजेश कुमार, लखनऊ।**

सोशल मीडियापर अंकुश जरूरी

पिछले कुछ वर्षोंमें दुनियाने कई देशोंमें सत्ता परिवर्तन देखे हैं, जिनमें बंगलादेश, श्रीलंका और नेपाल प्रमुख हैं। इन देशोंमें हुए सत्ता परिवर्तनोंमें एक बात समान थी- सार्वजनिक विरोध-प्रदर्शन, जिन्हें सोशल मीडियाके जरिये हवा मिली। इन देशोंमें नागरिकोंको उद्वेलित करनेमें सोशल मीडियाने अहम भूमिका निभायी।

❒ **डा. अश्वनी महाजन**

सोशल मीडियाने चर्चाओंको और तेज कर दिया है कि श्रीलंकामें विरोध-प्रदर्शनोंके कारण अंततः राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षेको इस्तीफा देना पड़ा। बंगलादेशमें चुनी हुई प्रधान मंत्री शेख हसीनाको देश छोड़कर भागना पड़ा। नेपालका 'जेन-जी' आन्दोलन भी इससे कुछ अलग नहीं था। वहां भी, सोशल मीडियाने खराब शासन, भ्रष्टाचार, राजनीतिक जवाबदेही और बेरोजगारीसे जुड़ी चर्चाओंको बढ़ावा दिया। नेपालमें युवा प्रदर्शनकारियोंको एकजुट करने और सूचनाएं फैलानेमें सोशल मीडियाने बड़ी भूमिका निभायी। साथ ही इसका इस्तेमाल आधिकारिक बयानोंको चुनौती देनेके लिए भी किया गया। यह आन्दोलन सितंबर २०२५ में प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओलीके इस्तीफेके साथ समाप्त हुआ। एक बड़ी चिन्ता यह है कि जहां सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी तकनीकका इस्तेमाल सरकारोंको जवाबदेह ठहरानेके लिए करते हैं, वहीं इन प्लेटफार्म्सकी खुदकी जवाबदेही तय करनेके लिए कोई तंत्र मौजूद नहीं है। यहांतक कि जब इन प्लेटफार्म्सका गलत आचरण सामने आता है, तब भी उनके खिलाफ कोई सख्त कारवाई करना सम्भव नहीं होता।



फेसबुक और इंस्टाग्रामका भारतमें कुल सोशल मीडिया वेब ट्रैफिकमें ७० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा है। मेटाका डिजिटल विज्ञापन नेटवर्क और सार्वजनिक सूचनाओंके प्रवाहपर भारी नियंत्रण है। सामान्य तौरपर सरकारें सोशल मीडिया कम्पनियोंके कुकृत्योंके बाद ही उनपर अंकुश लगानेकी बात सोचती हैं, लेकिन तबतक भारी नुकसान हो जाता है। उदाहरणके लिए इस बातका आभास होते ही कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रदर्शनको अधिक महत्व दे रहे हैं, नेपालमें सितंबर २०२५ में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और यूट्यूब सहित २६ सोशल मीडिया प्लेटफार्मपर प्रतिबंध लगा दिया गया।

भारत सरकारके पास इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाईडलाईंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियमावली २०२१ के अंतर्गत नियम ४ (२) के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता, सार्वजनिक व्यवस्था (पब्लिक ऑर्डर) और यौन अपराधों या बच्चोंके यौन शोषणसे संबद्ध कुछ संगीन अपराधोंके संदर्भमें यह अधिकार है कि संदेशके प्रारम्भ कर्ताकी पहचान कर सके और अपराधियोंको दंड दे सके। नियममें यह भी प्रावधान है कि ऐसा तब किया जायगा जब कम सख्त तरीके प्रभावी सिद्ध नहीं हो पायें। गौरतलब है कि विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म निजताके नामपर नियमोंको भी माननेसे इनकार करते हैं। न्यायालयमें सुनवाईके दौरान एक बार फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप आदि सोशल मीडिया कम्पनी 'मेटा' के प्रमुख मार्क जुकरबर्गने बयान दिया था कि यदि उन्हें एंड टू एंड एन्क्रिप्शन समाप्त करनेके लिए बाध्य किया जायगा तो वह भारतसे निकल जायंगे, यानी इन सोशल मीडिया सेवाओंको भारतमें समाप्त कर देंगे। उनके इस बयानसे यह समझा जा सकता है कि भारत सरकार उन्हें कुछ हिदायत दे रही है, जिनका वे पालन नहीं करना चाहते और इसलिए अपने इस बयानसे जनतामें राय बनाते हुए भारत सरकारपर दबाव बनाना चाहते हैं कि वह उनपर अंकुश न लगाये। क्या है एंड टू एंड एन्क्रिप्शन और क्या हैं भारतीय नियम-मेटाका कहना है कि ह्वाट्सएप द्वारा भेजे गये सन्देश एंड टू एंड एन्क्रिप्टिड, यानी एक सिरेसे दूसरे सिरेतक गुप्त होते हैं, यानी सिर्फ वही व्यक्ति जिसे आप मैसेज भेज रहे हैं, वही आपके मैसेज पढ़ सकते हैं। इसके साथ ही आपकी वॉइस कॉल और वीडियो कॉल भी एंड टू एंड एन्क्रिप्टिड होती है। अब जब भारत सरकार संगीन अपराधोंके लिए ह्वाहट्सएपसे जानकारी मांगती है तो एंड टू एंड एनक्रिप्शन यानी निजताका हवाला देकर, ह्वाट्सएप उससे बचना चाहता है। दूधकी धुली नहीं है मेटा- एक ओर जहां मेटा कम्पनी ऊंचे आदर्शोंका दंभ भरते हुए भारत सरकारके नियमोंको माननेसे यह कहकर इनकार कर रही है कि इससे उसकी एंड टू एंड इंक्रिप्शन समाप्त हो जायगी और यह उनकी वैश्विक स्तर वैशिष्टय है, जिसके लिए ह्वाट्सएप दुनियामें जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर यह कम्पनी यूजर्सका डाटा बिना उनकी अनुमतिके अन्य लोगोंको कीमतके बदले उपलब्ध कराती रहती है।

यूजर्स डाटाको बेचनेकी प्रक्रियाको सरल बनानेके लिए कम्पनीने अपनी प्राइवेसी नीतिमें भी बदलाव किया है। इस बदलावके साथ मेटाने स्वयंको अधिकृत किया कि वह अन्य मेटा कम्पनियोंके साथ उनका डेटा साझा कर सकती है। २०२१ में किये गये बदलावमें यह प्रावधान था कि जो ग्राहक ऐसा नहीं चाहते, वे उनकी सेवा छोड़ सकते हैं। मेटाका यह भी कहना था कि इससे उसकी सेवाओंमें पारदर्शिता बढ़ी है। बादमें भारतकी नियामक संस्था कम्पीटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कहा कि यह बदलाव कि यदि उन्हें डाटा साझा करना स्वीकार नहीं तो वे मेटा सेवा छोड़ सकते हैं, अनुचित है। आयोगने कहा कि यह डेटा साझा करना ह्वाट्सएप सेवाओंके उपलब्ध करानेसे संबद्ध नहीं है और उसने मेटापर २१३ करोड रुपयेसे अधिकका जुर्माना लगाया और उसके बदलावको रोक कर उपभोक्ताओंके चयनके अधिकारको बहाल किया। इतिहासमें ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें मेटा कम्पनीने ग्राहकोंकी निजी जानकारियोंका अनुचित उपयोग किया।

कैंब्रिज एनालेटिका घोटालेमें फेसबुकके लाखों यूजर्सका डाटा किसी तीसरी एपके माध्यमसे लेकर उसका राजनीतिक दुरुपयोग किया गया। इन लाखों यूजर्सने अपने इस डाटाका उपयोग करनेके लिए अनुमति नहीं दी थी। २०१९ में अमेरिकाके फेडरल ट्रेड कमीशनने निजता हननके लिए फेसबुकपर पांच अरब डालरका जुर्माना लगाया। २०२१ में फ्रांसिस हॉगनने इंस्टाग्रामके आंतरिक दस्तावेजोंका खुलासा करते हुए इंस्टाग्रामके किशोरोंके मानसिक और अन्य प्रकारसे स्वास्थ्यपर पड़ने वाले दुष्प्रभावोंके बारेमें बताया और यह साबित किया कि मेटा कम्पनीका इस बाबत रुख गैर-जिम्मेदाराना रहा। २०१८ में संयुक्त राष्ट्रके फैक्ट फाइंडिंग मिशन द्वारा यह बताया गया कि फेसबुक सामाजिक घृणा फैलानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहा है। बे-रोकटोक सोशल मीडियाके माध्यमसे इस प्रकारकी घृणा फैलनेके कितने दुष्परिणाम होते हैं, यह उसका उदाहरण है। म्यांमारमें फेसबुकपर सोशल मीडिया पोस्टोंने एक अल्पसंख्यक समुदायके खिलाफ घृणाका वातावरण तैयार किया।

मेटा द्वारा विभिन्न प्रकारके अधिग्रहण और अन्य व्यावसायिक गतिविधियोंके कारण अलग-अलग देशोंमें सोशल मीडियाके क्षेत्रमें प्रतिस्पर्धा लगभग समाप्त हो गयी है। खास तौरपर फेसबुक द्वारा इंस्टाग्राम और ह्वाटसएपके अधिग्रहणके बाद सोशल मीडियामें मेटाका एकछत्र राज्य स्थापित हो चुका है। अबतक यह स्पष्ट हो चुका है कि मेटा कम्पनी यूजर डाटाको ट्रेक करते हुए लक्षित विज्ञापन भी करती है। ह्वाटसएपके माध्यमसे मेटा कम्पनी गलत जानकारियां प्रसारित करनेका काम करती है और ऐसा देखा गया है कि ह्वाट्सएपपर फैली अफवाहोंकी वजहसे दंगे, उत्पीड़नकी गतिविधियां तो होती ही हैं और तथाकथित एंड टू एंड एनक्रिप्शनकी वजहसे यह पता नहीं चल पाता कि गलत सूचनाओंका स्रोत क्या है। वैश्विक डिजिटल इकोसिस्टमपर मेटाका लगभग एकाधिकार है। रोजाना ३.५ अरबसे ज्यादा सक्रिय यूजर्स इसके विभिन्न ऐप्सपर मौजूद हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और थ्रेड्सको एक साथ जोड़कर, मेटा कम्पनी संचारके प्रमुख माध्यमोंको नियंत्रित करती है। अकेले फेसबुक और इंस्टाग्रामका भारतमें कुल सोशल मीडिया वेब ट्रैफिकमें ७० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा है। मेटाका डिजिटल विज्ञापन नेटवर्क, डेटा इकट्ठा करनेकी प्रक्रिया और सार्वजनिक सूचनाओंके प्रवाहपर भारी नियंत्रण है। सामान्य तौरपर सरकारें सोशल मीडिया कम्पनियोंके कुकृत्योंके बाद ही उनपर अंकुश लगानेकी बात सोचती हैं, लेकिन तबतक भारी नुकसान हो जाता है। उदाहरणके लिए इस बातका आभास होते ही कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रदर्शनको अधिक महत्व दे रहे हैं, नेपालमें सितंबर २०२५ में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और यूट्यूब सहित २६ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मपर प्रतिबंध लगा दिया गया।

लोकतंत्रके लिए बेहद घातक

वास्तविक लोकतंत्र वहीं होता है, जहां सत्तापक्ष विपक्षके सवालोंके जवाब दे। देशमें सत्तापक्षका मुखिया प्रधान मंत्री होता है, इसलिए सवालोंका अंतिम पड़ाव भी प्रधान मंत्री होता है।

❒ **योगेन्द्र**

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीपर सत्तामें आनेके बादसे लगातार विपक्ष और पत्रकारोंके सवालोंकी उपेक्षाके आरोप लगते रहे हैं। यह आरोप सिर्फ भारतमें ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी लगे हैं। इतना ही नहीं, विपक्षकी आवाज दबानेके आरोपोंका सामना लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभाके सभापतिको करना पड़ा है। सर्वाधिक आश्चर्यकी बात यह है कि पीएम मोदीने कभी भी विपक्षके आरोपोंका सीधा जवाब नहीं दिया। ऐसे मौकोंपर पीएम मोदीके बजाय भाजपाके नेता और मंत्री ही सवालोंके जवाब आरोपोंके अन्दाजमें देते रहे हैं। पीएम मोदी मनकी बात या दूसरे मुद्दोंपर सोशल मीडियाका ही उपयोग करते रहें हैं। संसद और बाहर उठाये गये सवालोंके जवाबमें सत्तारूढ़ भाजपाने उल्टे सवाल पूछकर मुद्दोंको गोलमोल करनेका प्रयास किया है। विपक्ष यही आरोप संसद सत्रके दौरान लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभाके सभापतिपर लगाता रहा है। राहुल गांधीने तीन दिनमें चार बार पीएमको मुद्दोंपर बहस करनेकी चुनौती दी। राहुल गांधीने प्रधान मंत्री मोदीपर विदेशी ताकतोंके दबावमें काम करनेका आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मोदी विपक्षपर देशविरोधी होने और विदेशी ताकतोंसे संबंध रखनेके आरोप लगाते हैं, इसलिए उन्हें इन मुद्दोंपर खुली बहस करनी चाहिए। राहुलने बहसके लिए भारत-अमेरिका ट्रेड डील, देशकी आर्थिक व्यवस्था, उद्योगपति गौतम अडाणी और जेफ्री एपस्टीनसे जुड़े मुद्दे उठाये।

उन्होंने कहा कि बहसमें देशके युवा और मीडिया भी मौजूद रहें। प्रधान मंत्री अपनी पसंदकी जगह और जज चुन सकते हैं। राहुल गांधीने संसदकी कार्यवाहीको लेकर भी सरकारपर सवाल उठाये। उनका आरोप है कि सरकार चर्चाकी बात करती है, लेकिन विपक्षको अपनी बात रखनेका मौका नहीं देती। उन्होंने कहा कि जब वे बोलनेकी कोशिश करते हैं तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है। राहुल गांधीने प्रधान मंत्री मोदीको खुली बहसकी चुनौती दी। इसी तरह राहुलने वीडियो जारी कर कहा कि मोदीको बहसकी चुनौती दिये २४ घंटे हो चुके हैं, लेकिन उनकी तरफसे जवाब नहीं आया। पंजाबके संगरूरमें कांग्रेसकी इंसाफ रैलीमें राहुलने फिर मोदीको चुनौती दी। राहुलने दावा किया कि पांच मिनटकी बहसमें वे साबित कर देंगे कि मोदी 'देशद्रोही' हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके नियंत्रणमें हैं। राहुलके सवालोंपर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजूने जवाब देनेके बजाय उल्टे सात सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि यदि राहुल इन बातोंपर अमल करें तो कांग्रेस संसदमें ज्यादा सीटें जीत सकती है। रिजिजूने कहा, राहुलको भाजपाका दुश्मन नहीं, राजनीतिक विरोधी समझना चाहिए। उन्हें भाजपा, आरएसएस और प्रधान मंत्री मोदीके प्रति नफरत छोड़कर संसदकी कार्यवाहीमें हिस्सा लेना चाहिए। केन्द्रीय मंत्रीने संसदका एक पुराना वीडियो भी शेयर किया। इसमें वे भाषण दे रहे हैं और विपक्षी सांसद सदनसे उठकर जाते दिख रहे हैं। राहुल पहले भी बहसकी चुनौती दे चुके हैं। राहुलने अगस्त २०१८ में कर्नाटकके बेलगाममें जनध्वनि रैलीमें राफेल मुद्देपर कहा था कि मोदी और मेरे बीच राफेलपर बहस करा दो, मैं घंटों बोलूंगा। जनवरी २०१९ में राहुल गांधीने कहा कि राफेलपर लोकसभामें मुझे पीएमके साथ २० मिनट वन-टू-वन बहस करने दो, अमेरिकाके प्रेसिडेंशियल डिबेटकी तरह। साथ ही कहा था कि पीएममें हिम्मत नहीं है। ७ अप्रैल, २०१९ को भ्रष्टाचारपर मेनिफेस्टो लांचपर मोदीके एक इंटरव्यूके बाद राहुलने ट्वीट किया था कि आप भाग सकते हैं, लेकिन छिप नहीं सकते, मैं आपको भ्रष्टाचारपर बहसकी चुनौती देता हूं।

गौरतलब है कि २०२४ चुनावसे पहले भी राहुल समेत विपक्षने पूर्व जजों (मदन लोकुर, एपी शाह) के जरिये पीएमको लेटर लिखकर नेशनल सिक्योरिटी, अडानी, इलेक्टोरल बाण्डपर डिबेटको कहा था, जिसपर पीएमओकी ओरसे कोई जवाब नहीं दिया गया। पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंहने अपने दस सालके कार्यकालके दौरान संसदको ४८ बार संबोधित किया था। तब गुजरातके सीएम रहे नरेन्द्र मोदीने उन्हें 'मौन मोहन' कहा था। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी संसदमें अबतक २२ बार ही बोले हैं। एचडी देवगौड़ा जो सिर्फ करीब दो सालके लिए प्रधान मंत्री थे, उन्होंने भी संसदमें मोदीसे ज्यादा बार बोला था। बीजेपीके ही अटल बिहारी वाजपेयीने भी छह सालोंमें ७७ बार संसदको संबोधित किया था। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके यूरोप दौरेमें प्रेसके सवाल न लेनेके फैसलेपर विवाद रहा है। नॉर्वेके प्रधान मंत्री जोनस गार स्टोरेके साथ संयुक्त प्रेस वार्ताके दौरान नॉर्वेकी एक महिला पत्रकारने प्रधान मंत्री मोदीसे मीडियाके सवालोंका जवाब देनेका आग्रह किया था। लेकिन पीएम मोदीने कोई सवाल नहीं लिया था। नॉर्वेकी महिला पत्रकार हेला लेंगने विदेश मंत्रालयकी ब्रीफिंगमें भी मानवाधिकारोंको लेकर सवाल उठाये। इसपर विदेश मंत्रालयके एक वरिष्ठ अधिकारीने कहा कि भारत एक सिवलाइजेशनल नेशन है। इससे पहले हेला लेंगने ओस्लोके गवर्नमेंट गेस्ट हाउसमें प्रधान मंत्री मोदी और प्रधान मंत्री स्टोरकी प्रेस ब्रीफिंग खत्म होनेके बाद खड़े होकर सवाल पूछा था।

हेलाने पूछा था कि प्रधान मंत्री मोदी, आप दुनियाकी सबसे स्वतंत्र प्रेसके सवाल क्यों नहीं लेते। क्या आप हमारी सरकारके विश्वास के योग्य हैं। पीएम मोदीने इन सवालोंका कोई जवाब नहीं दिया था। हेलाके सवालपर भारतमें भी काफी बहस रही। तब भी लोकसभामें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधीने प्रधान मंत्रीको आड़े हाथों लिया और पूछा कि सवालोंसे घबरा क्यों रहे हैं। इन विवादोंको सुलझानेके लिए विदेश मंत्रालयने भारतके लोकतंत्रका बचाव किया। पीएम मोदीके इस दौरेमें दूसरी बार था, जब इन मुद्दोंपर सरकारको सफाई देनी पड़ी। रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी २०२६ के वर्ल्ड विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांकमें भारतको १८० देशोंमें १५७वां स्थान मिला है। इससे भारतकी अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित होती है। सत्तामें बहुमतके बूते विपक्ष और मीडियाकी आवाजको अनसुना करना देशके लोकतंत्रके लिए बेहद घातक है। इससे कहीं न कहीं सरकारी तंत्रमें तानाशाही पनपनेकी संभावना रहती है। यही कारण भी है कि देशमें भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, सरकारी तंत्रका गैर-जिम्मेदारी वाला आचरण नजर आता है। लोकतंत्रके लिए बेहतर तो यही होगा कि मोदी विपक्षके साथ-साथ मीडियाके सवालोंका भी जवाब दें।



स्वधर्मकी यात्रा

❒ **ओशो**

कैसे पहचानें कि मैंने किसी परधर्मको तो नहीं पकड़ लिया है। पहचान हो तो सकती है परन्तु पहचानके सूत्र सूक्ष्म होंगे। पहला सूत्र यह कि यदि आप जीवनमें दुखी हैं तो पक्का समझ लेना कि आप स्वधर्मसे हट गये हैं या हट रहे हैं। जहां भी स्वधर्मकी यात्रा होती है, वहीं आनन्द होता है। यदि अशांत हैं तो समझना चाहिए कि परधर्मके पीछे चल रहे हैं। रुककर दोबारा सोचना चाहिए कि जो यात्रा चुनी, जो कर रहे हैं, उससे दुख और पीड़ा, अशांति बढ़ती है तो निश्चित ही वह मार्ग मेरा नहीं है। शांति बढ़े तो आप स्वधर्मके निकट चल रहे हैं। शांति मापदंड है। दूसरा, यदि कोई स्वधर्मके साथ-साथ चल रहा हो तो उसके जीवनमें स्वीकारका भाव बढ़ेगा, अस्वीकार कम होता जायगा। क्योंकि जिसके भीतर जरा-सा भी आनन्द आया, उसके बाहर स्वीकृति आने लगती है, वह चीजोंको स्वीकार कर संतुष्ट होने लगता है। यदि स्वधर्मके अनुकूल न चलता हो तो अस्वीकार बढ़नेके साथ ही असंतुष्ट होता चला जाता है। हर चीजके प्रति दुश्मनकी दृष्टि आ जाती है। तीसरा सूत्र यह कि स्वधर्मके अनुकूल यदि जाना हो तो सिर्फ बाहरकी चीजोंमें उलझकर कोई व्यक्ति कभी नहीं जा सकता। दैनिक कामोंमें पता ही नहीं चलता कि स्वधर्म क्या है। परधर्म क्या है। जिसे स्वधर्मकी खोज करनी हो, उसे बाहरकी दुनियासे कमसे कम चौबीस घंटेमें घंटेभरके लिए बिलकुल छुट्टी ले लेनी चाहिए और भीतरकी दुनियामें डूब जाना चाहिए। बाहरके द्वार बंद कर देने चाहिए। सब इंद्रियोंके द्वार बंद करके अपने भीतर घंटेभरके लिए डूब जाना चाहिए। वहीं स्वयं और निजताके रहस्यका पता चलेगा उस रहस्यका जो अपना है। वहींसे सूत्र मिलेंगे, ध्वनि सुनायी पड़ेगी, वहींसे इशारे मिलेंगे। धीरे-धीरे इशारे गहरे होते चले जाते हैं। यह आखिरी सूत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। स्वधर्मका पता अन्दरकी वाणीके अतिरिक्त और कहींसे नहीं चलता है। चौथा सूत्र है अपने स्वधर्मके केन्द्रको छू लेना। बाहरकी दुनियाको बंद करके सब भूलकर जब अपने भीतर डुबकी लगायंगे तो उस डुबकीमें धीरे-धीरे भीतरकी अंतर्वाणी सुनाई देनी शुरू होगी। यह अंतर्वाणी सबके भीतर छिपी है। यह बहुत छोटी-सी आवाज है, एकदम धीमी, नाजुक और सूक्ष्म। इसे केवल वही सुन सकते हैं, जो उतनी सूक्ष्म आवाजको सुननेके लिए अपनेको प्रशिक्षित करते हैं। स्वधर्मकी खोजके लिए रोज एक घंटा तय कर लें। अंतरात्माको स्वधर्म अच्छेसे पता है। आंख बंद करें। मौन हो जायं। चुप बैठकर सुनें। अपने मनकी आवाजको सुनो और ध्यानसे उसपर गौर करें। आपको अपने अन्दर एक अलग ही ध्वनि सुनाई देगी, जिसमें डूब कर आप अपनेको पहचान सकते हो। मौन धारण करके देखो। जीवनमें कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आयें, मनुष्यको अपने मार्गसे नहीं भटकना चाहिए। लक्ष्य प्राप्त करनेके लिए मनमें दृढ़ संकल्पके साथ-साथ अग्रसर होनेके लिए अंतरात्माकी आवाजको सुनना जरूरी है। हमेशा अपने लक्ष्यपर ध्यान केंद्रित करें।

जहरीली हवासे गहराता स्वास्थ्य संकट

❒ **कांतिलाल मांडोत**

देशकी राजधानी दिल्लीमें वायु प्रदूषणकी समस्या एक बार फिर गम्भीर रूप धारण कर चुकी है। दीपावलीके बाद वातावरणमें बढ़ती धुंध और जहरीले प्रदूषक कणोंने आम जनजीवनको प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालात यह हैं कि दिल्लीके कई इलाकोंमें वायु गुणवत्ता सूचकांक ४०० के पार पहुंच गया है। यह केवल राजधानीकी समस्या नहीं है, बल्कि देशके पर्यावरणीय संतुलनपर मंडराते खतरेका संकेत है। दुनियाके सर्वाधिक प्रदूषित ५० शहरोंमें ४९ शहरोंका भारतमें होना हमारी विकास व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारीपर गम्भीर सवाल खड़े करता है। राजस्थानके श्रीगंगानगरमें एक्यूआईका ८२१ तक पहुंचना इस संकटकी व्यापकताको दर्शाता है। दिल्लीमें प्रदूषणका बढ़ना अब हर वर्ष दोहराई जाने वाली समस्या बन गया है। सर्दियोंकी शुरुआत होते ही हवाकी गुणवत्ता गिरने लगती है। सड़कोंपर दौड़ते लाखों वाहन, निर्माण कार्योंसे उड़ने वाली धूल, औद्योगिक इकाइयोंका उत्सर्जन, खुलेमें कचरा जलाना और आसपासके राज्योंमें कृषि अवशेषोंका प्रबंधन नहीं होना भी प्रदूषणके प्रमुख कारणोंमें शामिल हैं। मौसममें बदलाव और हवाकी गति कम होनेसे प्रदूषक तत्व वातावरणमें जमा रहने लगते हैं। यही कारण है कि राजधानीकी हवा कुछ दिनोंमें ही सांस लेनेके लिए चुनौती बन जाती है। सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि प्रदूषणका प्रभाव किसी विशेष वर्गतक सीमित नहीं रहता। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पहलेसे सांस या हृदय संबंधी परेशानियोंसे जूझ रहे लोग इसके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। लगातार दूषित हवामें रहनेसे फेफड़ोंकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। आंखोंमें जलन, खांसी, सांस लेनेमें परेशानी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। गम्भीर प्रदूषणका असर स्वस्थ व्यक्तियोंपर भी पड़ सकता है। जिस हवाको जीवनका आधार माना जाता है, वही जब स्वास्थ्यके लिए खतरा बनने लगे तो इसे सामान्य मौसमी परेशानी समझना बड़ी भूल होगी।

वायु गुणवत्ता सूचकांकके अलग-अलग स्तर प्रदूषणकी स्थितिको समझनेमें मदद करते हैं। २०१ से ३०० तक एक्यूआई खराब, ३०१ से ४०० तक बहुत खराब और ४०१ से ५०० तक गम्भीर श्रेणीमें आता है। इसके साथ ही भोपाल, उज्जैन और हरियाणाके बहादुरगढ़में भी प्रदूषणका स्तर ४०० के पार पहुंचनेकी जानकारी सामने आयी है। उत्तर प्रदेशके नोएडा, बुलंदशहर और गाजियाबाद जैसे शहरोंमें भी हवाकी गुणवत्ता खराब दर्ज की गयी है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदूषणकी समस्या केवल दिल्लीकी भौगोलिक सीमामें कैद नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपासके राज्योंके पर्यावरणपर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। न्यायालयने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारोंसे वाहनोंसे होने वाले प्रदूषणपर उठाये गये कदमोंका विवरण मांगा है। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिससे भी जवाब तलब किया गया है। विशेष रूपसे निर्धारित आयु पूरी कर चुके और प्रदूषण मानकोंका पालन नहीं करने वाले वाहनोंकी आवाजाही रोकने, उनकी पहचान करने तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्रकी व्यवस्था प्रभावी बनानेपर जानकारी मांगी गयी है। न्यायालयकी इस पहलसे स्पष्ट है कि वायु प्रदूषणको नियंत्रित करनेके लिए केवल मौसमी उपाय पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि यातायात और परिवहन व्यवस्थामें भी सुधार आवश्यक है।

राजधानीमें वाहनोंकी संख्या लगातार बढ़ रही है। निजी गाड़ियोंके साथ मालवाहक और व्यावसायिक वाहनोंकी आवाजाही भी प्रदूषण बढ़ानेमें योगदान देती है। ऐसेमें सार्वजनिक परिवहनको सुविधाजनक और सुलभ बनाना जरूरी है। बस और मेट्रो सेवाओंका विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनोंको प्रोत्साहन, वाहनोंकी नियमित प्रदूषण जांच तथा नियमोंका उल्लंघन करने वालोंपर कारवाई जैसे कदम प्रभावी साबित हो सकते हैं। केवल कागजोंपर नियम बनाकर प्रदूषणपर नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए नियमित निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। प्रदूषणकी समस्याका समाधान राज्योंके आपसी सहयोगके बिना संभव नहीं है। दिल्लीके आसपास स्थित उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थानमें भी ऐसी गतिविधियोंपर नियंत्रण जरूरी है, जिनसे हवा दूषित होती है। किसानोंको परालीके उचित प्रबंधनके लिए आधुनिक मशीनें, तकनीकी सहायता और आर्थिक प्रोत्साहन उपलब्ध कराना चाहिए। निर्माण स्थलोंपर धूल रोकनेके उपाय अनिवार्य होने चाहिए। औद्योगिक इकाइयोंमें प्रदूषण नियंत्रण उपकरणोंकी नियमित जांच होनी चाहिए। सड़कोंकी सफाई, हरित क्षेत्रोंका विस्तार और कचरेके वैज्ञानिक निस्तारणको भी प्राथमिकता देनी होगी। इस चुनौतीसे निबटनेमें आम नागरिकोंकी भूमिका भी महत्वपूर्ण है। छोटी दूरीके लिए पैदल चलना, साइकिलका उपयोग करना और सार्वजनिक परिवहन अपनाना उपयोगी कदम हैं। घरों और आसपास कचरा जलानेसे बचना चाहिए। अधिकसे अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना भी पर्यावरण संरक्षणका हिस्सा है। नागरिकोंको यह समझना होगा कि स्वच्छ वातावरण केवल सरकारकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासोंका परिणाम है।

भारत आज विकास और आधुनिकताकी दिशामें तेजीसे आगे बढ़ रहा है। बड़े शहरोंमें उद्योग, परिवहन और निर्माण गतिविधियोंका विस्तार जरूरी है, लेकिन विकासकी कीमत नागरिकोंके स्वास्थ्य और प्रकृतिके संतुलनसे नहीं चुकायी जा सकती। दिल्लीकी प्रदूषित हवा हमें यह सोचनेके लिए विवश करती है कि आने वाली पीढ़ियोंको हम कैसी धरती सौंपना चाहते हैं। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण किसी विलासिताके साधन नहीं, बल्कि जीवनकी बुनियादी आवश्यकताएं हैं। अब समय आ गया है कि प्रदूषण नियंत्रणको केवल सर्दियोंका अभियान न मानकर पूरे वर्ष चलने वाली प्राथमिकता बनाया जाय। सरकार, प्रशासन, उद्योग जगत और नागरिक समाज मिलकर जिम्मेदारी निभायें, तभी दिल्ली सहित देशके शहरोंको स्वच्छ हवामें सांस लेनेका अधिकार मिल सकेगा।

अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम में बड़ी छंटनी, भारत में 1000 कर्मचारियों पर खतरा

नई दिल्ली-अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी क्वालकॉम ने भारत में कर्मचारियों की बड़ी छंटनी शुरू कर दी है, जिससे देश भर में करीब 1,000 कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। यह संख्या भारत में कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 5त्न से 6त्न बैठती है। वैश्विक स्तर पर कंपनी द्वारा चलाए जा रहे व्यापक पुनर्गठन और लागत कटौती कार्यक्रम के तहत यह बड़ा फैसला लिया गया है। इस छंटनी प्रक्रिया की शुरुआत क्वालकॉम के बेंगलुरु स्थित मुख्य कार्यालय से हुई है। इसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ इंजीनियर और लंबे समय का अनुभव रखने वाले कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। आने वाले दिनों में इस पुनर्गठन का असर हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में स्थित कंपनी के प्रमुख इंजीनियरिंग और रिसर्च सेंटर्स पर भी पड़ सकता है। प्रभावित होने वाले कर्मचारियों के लिए मुआवजे की भी बात सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें तीन महीने के वेतन के बराबर सेवरेंस पे यानी छंटनी मुआवजा दिया जा रहा है, साथ ही उनकी नौकरी की अवधि के आधार पर अतिरिक्त



राशि भी दी जा रही है। जो कर्मचारी तीन दिनों के भीतर अपने एग्जिट दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर देते हैं, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप एक महीने का अतिरिक्त वेतन देने की पेशकश भी की गई है। हालांकि, क्वालकॉम ने सेवरेंस पे से जुड़ी इन व्यवस्थाओं की सार्वजनिक रूप से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। क्वालकॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टियानो एमोन ने बीते 20 अक्टूबर को वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों के पुनर्गठन की घोषणा की थी। कंपनी की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह छंटनी की जा रही है। कंपनी का आधिकारिक तौर पर कहना है कि इस कदम का उद्देश्य संगठनात्मक जवाबदेही को मजबूत करना और बदलती कारोबारी प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यबल को व्यवस्थित करना है। हालांकि, भारत में वरिष्ठ इंजीनियरों और अनुभवी लोगों की छंटनी से यह चिंता गहरी हो गई है कि इसका मुख्य मकसद ऑपरेशनल लागत में भारी कटौती करना है। कर्मचारियों का चयन उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन मूल्यांकन, टीम के स्तर पर आकलन और वरिष्ठ प्रबंधन की राय के आधार पर किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में रेडियो फ्रिक्वेंसी (आरएफ), ब्लूटूथ, वाई-फाई और ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम यानी जीएनएसएस इंजीनियरिंग टीमों में भी संभावित कटौती की बातें सामने आ रही हैं। क्वालकॉम के राजस्व में सबसे बड़ा योगदान देने वाला वैश्विक स्मार्टफोन बाजार इस समय भारी दबाव से गुजर रहा है। यही वजह है कि कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, कनेक्टेड डिवाइस और डेटा सेंटर से जुड़े सेमीकंडक्टर कारोबार में विविधता लाने की कोशिश कर रही है। साल 2026 में वैश्विक स्तर पर टेक्नोलॉजी कंपनियों में छंटनी की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। केवल पहली तिमाही में ही 80,000 से अधिक नौकरियां खत्म की जा चुकी हैं और इस साल कुल छंटनी का आंकड़ा 3 लाख से अधिक होने की आशंका जताई जा रही है, जिसमें ओरेकल, अमेजन और मेटा जैसी दिग्गज कंपनियां भी शामिल हैं।

विदेशों से आ रही भारतीय प्रोडक्ट्स की डिमांड, एक्सपोर्ट ऑर्डर 6 महीने के हाई लेवल पर

नई दिल्ली- भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर अक्टूबर में धीमी रही। सोमवार को जारी मासिक सर्वे में यह जानकारी सामने आई, जिससे पता चलता है कि, उत्पादन और नए ऑर्डर की रफ्तार कम होने से ।।स्क्चष्ट इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स सितंबर के 55.1 से घटकर 54.7 पर आ गया। हालांकि, मजबूत विदेशी मांग ने प्रोडक्शन बढ़ाने में मदद की है। इस इनडेस्क में 50 से ऊपर का आंकड़ा



गतिविधियों में वृद्धि और 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है। अक्टूबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स अपने लॉन्गटर्म औसत से ऊपर रहा। सर्वे के मुताबिक, नए कारोबार में बढ़ोतरी जारी रही, हालांकि इसकी रफ्तार सितंबर के 7 महीने के हाई लेवल से थोड़ी कम हुई। दूसरी ओर, नए निर्यात ऑर्डर में 6 महीने की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। बांग्लादेश, कनाडा, इंडोनेशिया, नेपाल, ओमान, सऊदी अरब, श्रीलंका, ब्रिटेन, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को बेहतर मांग मिली। ।।स्क्चष्ट की मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के मुताबिक, मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने निर्यात ऑर्डर को मजबूती दिया और उत्पादन में वृद्धि बनाए रखने में मदद की। प्रोडक्शन की जरूरतों और काम के बढ़ते दबाव के कारण कंपनियों ने लगातार दूसरे महीने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई। हालांकि, सितंबर के मुकाबले नई भर्तियों की रफ्तार धीमी रही। पूंजीगत वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में कमी की है। कंपनियों ने संभावित कमी से निपटने के लिए कच्चे माल का स्टॉक बढ़ाया। सर्वे के इतिहास में तैयार माल का भंडार सबसे तेज रफ्तार से बढ़ा। हालांकि, कच्चे माल की खरीद में वृद्धि की रफ्तार 64 महीने में सबसे कमजोर रही। मैन्युफैक्चरिंग की प्रोडक्शन लागत में बढ़ोतरी की दर घटकर फरवरी के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गई। वहीं, उत्पादों की बिक्री कीमतों में वृद्धि की रफ्तार भी करीब चार साल में सबसे धीमी रही। इसके बावजूद कंपनियों का कारोबारी भरोसा सितंबर के मुकाबले कमजोर हुआ। करीब 18 प्रतिशत निर्माताओं ने अगले 1 साल में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जताई। नई मांग और औद्योगिक ऑटोमेशन व तकनीकी समाधानों की जरूरत से उन्हें समर्थन मिलने की उम्मीद है।

भारतीय म्यूचुअल फंड का जलवा बरकरार

मुंबई। भारतीय म्यूचुअल फंड्स इंडस्ट्री ने अक्टूबर में दमदार वापसी की है और इस दौरान शुद्ध इनफ्लो 1,73,839.91 करोड़ रुपये रहा है। इससे पहले सितंबर में यह -1,33,375.57 करोड़ रुपये था। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में दी गई। एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में इनफ्लो 32,993.64 करोड़ रुपये रहा है। इसमें लार्ज एंड मिडकैप फंड्स 8,484.23 करोड़ रुपये के शुद्ध इनफ्लो के साथ पहले स्थान पर रहे। इसके बाद स्मॉलकैप फंड्स 6,407.50 करोड़ रुपये और फ्लेक्सीकैप फंड्स 4,979.95 करोड़ रुपये के निवेश के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। इसके अलावा, अक्टूबर में मिडकैप फंड्स में 4,892.62 करोड़ रुपये, मल्टीकैप फंड्स में 2,977.86 करोड़ रुपये, कॉन्ट्रा फंड्स में 1,694.13 करोड़ रुपये और लार्जकैप फंड्स में 1,032.39 करोड़ रुपये का शुद्ध इनफ्लो दर्ज किया गया है।

10 महीने में 16 प्रतिशत गिरा बाजार, महीने भर में रिकवरी

सेंसेक्स 772 अंक चढ़कर 81,879 पर बंद, निफ्टी 210 अंक चढ़ा; बैंकिंग-ऑटो शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े



मुंबई- सेंसेक्स 772 अंक चढ़कर 81,879 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 210 अंक की तेजी रही, ये 25,255 के स्तर पर बंद हुआ। इससे निवेशकों की दौलत 5 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1400 अंक और निफ्टी करीब 400 अंक चढ़ गया था। 1 जनवरी 2026 को सेंसेक्स 85,188 के स्तर पर था। इसके बाद बाजार में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ और 1 अक्टूबर को सेंसेक्स 71,292 के इस साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया। इस दौरान बाजार 16प्रतिशत या 13,896 अंक टूटा। 1 अक्टूबर को 71,292 का निचला स्तर छूने के बाद बाजार में तेजी आई। बीते एक महीने में सेंसेक्स 15प्रतिशत या 11,228 अंक बढ़कर 82,520 के स्तर पर पहुंच गया है, जिससे पिछले 10 महीनों में हुई गिरावट की लगभग भरपाई हो गई है। शेयर बाजार में तेजी की बड़ी वजह अमेरिका ने कहा है कि वो ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा, जिससे मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई रुकने या प्रभावित होने का डर कम हो गया है। इस खबर के बाद ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें घटकर दो महीने के निचले स्तर यानी 89.16 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। भारत अपनी जरूरत का 80प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल सस्ता होने पर देश का आयात बिल घट सकता है, जो इकोनॉमी को मजबूती दे सकता है।

मार्केट का हाल

11 नवंबर 2026

सेंसेक्स	निफ्टी	मिड कैप 50	स्मॉल कैप 50
81,879 ↑	25,255 ↑	17,754 ↑	9,929 ↑
773 | 0.95%	210 | 0.84%	164 | 0.93%	142 | 1.46%

निफ्टी टॉप गेनर

शेयर	करंट प्राइस	कितना बढ़ा	चेंज%
M&M	₹3,465	₹174.40	5.30 ↑
इंडिगो	₹5,665	₹235.00	4.33 ↑
ट्रेंट (टाटा ग्रुप)	₹3,223	₹103.50	3.32 ↑

निफ्टी टॉप लूजर

शेयर	करंट प्राइस	कितना घटा	चेंज%
अडाणी पोर्ट्स	₹1,907	₹35.70	1.84 ↓
ICICI बैंक	₹1,572	₹17.40	1.10 ↓
टेक महिंद्रा	₹1,789	₹16.50	0.91 ↓

फेस्टिव सीजन खत्म, अब यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज



नई दिल्ली- बड़ी खबर यूपीआई से जुड़ी। फेस्टिव सीजन खत्म होने के साथ अब सबकी नजरें यूपीआई के नए नियमों पर हैं। अब दुकानदार को 2,000 से ज्यादा का यूपीआई के जरिए लेने पर 0.4प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी चार्ज देना पड़ सकता है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान पर और हमले न करने के बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल अगस्त के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया है, भाईदूज है और इसके साथ ही फेस्टिव सीजन खत्म हो गया है। अब सबकी नजरें यूपीआई के नए नियमों पर हैं। कल से दुकानदार को 2,000 से ज्यादा का यूपीआई के जरिए लेने पर 0.4प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी चार्ज देना पड़ सकता है। पहलेइन नए चार्जेस को 15 अक्टूबर से लागू करने वाला था, लेकिन त्योहारों के कारण इसे टाल दिया गया था। इसे दिवाली के तुरंत बाद लगाया जाएगा, हालांकि तारीख अभी तक नहीं बताई गई है। कच्चा तेल अगस्त के बाद पहली बार 90 के नीचे- ट्रम्प के बयान के बाद ब्रेंट क्रूड 3.1प्रतिशत गिरा, पेट्रोल-डीजल सस्ता हो सकता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान पर और हमले न करने के बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है। युद्ध रुकने की उम्मीदों के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमत अगस्त के बाद पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई हैं। ब्रेंट क्रूड में 3.1प्रतिशत और इससे एक दिन पहले करीब 6प्रतिशत की गिरावट हुई थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर युद्ध खत्म करने का दबाव बढ़ रहा है और उन्होंने यह संकेत भी दिए हैं कि अब ईरान पर नए सैन्य हमलों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

महंगाई का झटका

नई दिल्ली। दिवाली खत्म होते ही महंगाई के मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर लि. (एचयूएल) ने अपने होम केयर उत्पादों की कीमतों में 11 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है। कच्चे माल की बढ़ती लागत और मुनाफे पर दबाव के बीच सर्फ एक्सेल, रिन, व्हील डिटर्जेंट और मोती गुलाब साबुन के दाम बढ़ाए गए हैं। पैकेट के हिसाब से कीमतों में एक रुपये से लेकर 10 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। सर्फ एक्सेल क्विक वॉश के एक किलो वाले पैक का दाम 235 रुपये से बढ़ाकर 245 रुपये कर दिया गया है, जबकि 500 ग्राम पैक की कीमत 123 रुपये से बढ़कर 128 रुपये हो गई है। सर्फ एक्सेल ईजी वॉश के एक किलो वाले पैक का दाम 167 रुपये से बढ़ाकर 172 रुपये और 500 ग्राम पैक की कीमत 85 रुपये से बढ़ाकर 87 रुपये कर दी गई है। सर्फ एक्सेल बार के 250 ग्राम वाले पैक की कीमत भी 3 रुपये बढ़कर 45 रुपये और 200 ग्राम के चार साबुन वाले बंडल के दाम 10 रुपये बढ़कर 155 रुपये हो गएहैं।

दूध की कीमतों में दो रुपये से चार रुपये तक का इजाफा

नई दिल्ली- खुदरा महंगाई के मोर्चे पर आम उपभोक्ता की जेब पर एक और बड़ा बोझ पड़ने जा रहा है। मदर डेयरी के बाद देश की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने भी दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इस बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा आर्थिक असर पड़ेगा। अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये से लेकर चार रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। कीमतों में यह वृद्धि अमूल के विभिन्न दूध उत्पादों पर लागू होगी। कंपनी के इस फैसले से आम लोगों का दैनिक घरेलू बजट प्रभावित होगा। जीसीएमएमएफ ने इस बढ़ोतरी के लिए जानवरों के चारे, पैकेजिंग मटीरियल और फ्यूल की बढ़ती कीमतों को जम्मिेदार ठहराया है। फेडरेशन ने कहा कि इस बदलाव से बढ़ती इनपुट लागत के बीच दूध प्रोड्यूसर को पेमेंट बेहतर करने में मदद मिलेगी। अमूल द्वारा जारी बयान के अनुसार, दूध की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपये से चार रुपये तक का इजाफा किया गया है। यह वृद्धि उपभोक्ताओं को अब महंगा दूध खरीदने के लिए मजबूर करेगी। इस कदम से दूध और दूध से बने उत्पादों की लागत भी बढ़ सकती है। अमूल ताजा 3 प्रतिशत मिल्क फैट वाले इस सर्वाधिक बिकने वाले टोंड दूध की कीमत में सिर्फ दो रुपये प्रति लीटर (3.3 प्रतिशत की



वृद्धि) की गई है। अमूल गोल्ड 6 प्रतिशत मिल्क फैट वाले फुल क्रीम दूध की कीमत में चार रुपये प्रति लीटर (5.5 प्रतिशत की वृद्धि) का इजाफा हुआ है। सहकारी महासंघ ने इससे पहले चालू वर्ष के मई महीने में दूध की दरों में बढ़ोतरी की थी। मई के बाद से लागत दबाव लगातार बढ़ने के कारण छह महीने के भीतर यह दूसरा मूल्य संशोधन किया गया है। जीसीएमएमएफ ने स्पष्ट किया है कि कच्चे दूध के उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से जुड़ी लागतों में तेज उछाल आया है। साल के दौरान उत्पादन लागत को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक निम्नलिखित रहे हैं-हरे और सूखे चारे की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है। मवेशियों के चारे में उपयोग होने वाली खली, मक्का और शीरा जैसे प्रमुख अवयव महंगे हुए हैं।दूध की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली फिल्म और ईंधन की लागत में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। अमूल द्वारा 12 नवंबर से लागू की जा रही यह मूल्यवृद्धि एक तरफ जहां आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर असर डालेगी, वहीं दूसरी तरफ इनपुट लागतों की मार झेल रहे 36 लाख किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी। प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और महंगे चारे के बीच यह कदम डेयरी सप्लाई चेन को बनाए रखने और उत्पादन क्षमता को सुरक्षित करने की दिशा में उठाया गया है।

सोने के दाम 1615 गिरे, चांदी के 495 बढ़े





नई दिल्ली-सोने के दाम में आज, 11 नवंबर को गिरावट है। वहीं चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,615 रुपए गिरकर 1.41 लाख रुपए पर आ गए हैं। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 495 रुपए बढ़कर 1.86 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे एक दिन पहले सोना 1.42 लाख रुपए और चांदी 1.86 लाख रुपए पर थी। एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। दक्षिण भारत में ज्यादा खपत के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है। राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 2 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 35 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

जीडीपी-मूडीज ने भारत की वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया



मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 7 फीसदी की उच्च वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। यह अनुमान व्यापक आर्थिक गति और ऊर्जा आपूर्ति झटके के प्रति देश के लचीलेपन के कारण बढ़ाया गया है। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2027-28 में यह जानकारी दी। यह संशोधन भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। हालांकि, वृद्धि के लिए निकट अवधि के जोखिम बने हुए हैं। घरेलू उपभोग बढ़ती मूल्य दबावों के कारण कमजोर है। खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 2-6 फीसदी की लक्ष्य सीमा के ऊपरी छोर के करीब है। कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून और मजबूत होती अल नीनो की स्थिति कृषि उत्पादन पर असर डालेगी। इससे ग्रामीण मांग भी प्रभावित होगी। मूडीज ने भारत की व्यापक आर्थिक गति और ऊर्जा आपूर्ति झटके के प्रति प्रदर्शित लचीलेपन का हवाला दिया। इसी कारण 2026-27 के वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी किया गया है। मजबूत उपभोग, बेहतर होते निवेश के रुझान और मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी सिद्धांत अर्थव्यवस्था को अच्छी स्थिति में दिखाते हैं। इससे मध्यम अवधि में 7 फीसदी के करीब वृद्धि बनाए रखने में मदद मिलेगी। निजी निवेश में लगातार तेजी विनिर्माण, रोजगार और उत्पादकता को काफी बढ़ावा दे सकती है। यह वृद्धि दर को मूडीज के आधारभूत अनुमानों से ऊपर ले जा सकती है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T16, Date-10.11.2026

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। क्र. सं.:- 1, **कार्य का नाम:-** इज्जतनगर मंडल में लालकुआं यार्ड रीमॉडलिंग हेतु टीआरडी से संबंधित कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं.:-** SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T16, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:-** 3,63,48,529.28, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:-** 7,27,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-** 04.12.2026 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि:-** 12 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 04.12.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-260 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उत्तर मध्य रेलवे

संविदा के आधार पर चिकित्सक की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार हेतु अधिसूचना

उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज मंडल द्वारा 01 (CMP, Road Mobile Van) चिकित्सक (Ex. Cadre) को एक वर्ष की अवधि के लिए करार/संविदा के आधार पर पूर्ण कालीन तौर पर अनुबन्ध करने हेतु निम्नलिखित विवरण के आधार पर "ओपन मार्केट" के चिकित्सकों एवं केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे.चिकि.सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत्त चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

रिक्तियों की संख्या-01 :-

क्रम सं.	स्पेशलिस्ट/सा0/ड्यूटी	पदों की संख्या	पदस्थापना का स्थान
01	सामान्य ड्यूटी (Road Mobile Van)	01	अधीन मण्डलीय चिकित्सालय, प्रयागराज (CMP, Road Mobile Van/HU/Chunar)

पदों का विभाजन निम्नलिखित हैं :-

पदनाम	अनुसूचित जाति	अनु0 जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अना-रक्षित	कुल रिक्त पदों की संख्या
सी.एम.पी. (CMP) (Road Mobile Van)	00	00	00	01	01

साक्षात्कार एवं चिकित्सा परीक्षा की तिथि समय एवं स्थान :-
अभ्यर्थी को निम्नलिखित तिथि समय एवं स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपलब्ध रहना होगा :-

स्थान	दिनांक	समय
केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज	18.11.2026	10:00 AM

01. अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय, प्रथम तल, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में दिनांक 18.11.2026 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। **02.** अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में अपने आवेदन पत्र की दो प्रतियाँ दिनांक 18.11.2026 (बुधवार) को वॉक-इन इंटरव्यू के स्थल पर जमा करनी होंगी। **03.** यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण निर्धारित तिथि को साक्षात्कार पूर्ण नहीं हो पाता है, तो शेष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अगले कार्य दिवस /दिवसों में किया जाएगा। अतः आवश्यकता होने पर अभ्यर्थियों को दो दिनों तक ठहरने की स्वयं व्यवस्था कर उपस्थित होने हेतु तैयार रहना होगा। **शैक्षिक योग्यताः** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री और आवश्यक इंटर्नशिप (Internship) पूर्ण होनी चाहिए। अभ्यर्थी के पास वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए। **ओपन मार्केट के डॉक्टरों को देय मानदेयः-** यदि सरकारी आवास उपलब्ध नहीं कराया जाता हैं तो रूपया 95,000/- प्रतिमाह जनरल ड्यूटी, यदि सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाता है, तो हाउस रेंट अलाउंस एवं लाइसेंस फीस के बराबर की रकम की कटौती की जाएगी। **केंद्र सरकार / राज्य सरकार / भा.रे.चिकि.सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत्ति चिकित्सकों को देय मानदेय :-** यदि सरकारी आवास उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तब रूपया 95000/- प्रतिमाह जनरल ड्यूटी, (बशर्ते की मानदेय + सेवानिवृत्त डॉक्टरों द्वारा प्राप्त किये जाने वाला पेंशन उनके अंतिम वेतन से अधिक नहीं होना चाहिए)। यदि सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाता है तो ग्रुप 'ए' कनिष्ठ वेतमान के अधिकारियों को देय हाउस रेंट एलाउंस और रेलवे आवास के लाइसेंस फीस के बराबर की रकम की कटौती सी.एम.पी. डाक्टर के मासिक मानदेय से की जायेगी। **ओपन मार्केट के चिकित्सको हेतु आयुः-** उम्मीदवार की आयु नोटिफिकेशन जारी होने की तिथि को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, किन्तु अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के लिए 05 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 03 वर्ष की छूट है। **केंद्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे. चिकि. सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत्ति चिकित्सको हेतु आयु :-** उम्मीदवार की आयु नोटिफिकेशन जारी होने की तिथि को 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। **ओपन मार्केट में चिकित्सकों हेतु नियम व शर्ते :-** सी.एम.पी. (Road Mobile Van) डॉक्टर का अनुभव प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगा, जो प्रशासनिक जरूरत के आधार पर सी.एम.पी. डाक्टरों के कार्य क्षमता के आधार पर वर्षवार अधिकतम 20 (बीस) वर्ष की अवधि तक अथवा 65 साल की आयु पूर्ण होने पर, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है। अनुबंध का प्रत्येक टर्म एक वर्ष से अधिक अवधि का नहीं होगा। इसके साथ इन डॉक्टरों की सेवाएं एक वर्ष की अवधि से पूर्व भी 15 दिन की नोटिस द्वारा दोनों में से किसी भी पक्ष की तरफ से समाप्त की जा सकती है। रेलवे प्रशासन द्वारा 15 दिनों की नोटिस की परिस्थिति में तत्काल प्रभाव से 15 दिन के बराबर मानदेय दिया जा सकता है। करार के आधार पर इन डॉक्टरों द्वारा दी गई सेवाएं एक वैकल्पिक व्यवस्था है और संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियमित चयन के मामले में इस अवधि का कोई महत्व नहीं दिया जाएगा। इससे रेल सेवा में नियमित अथवा समाहित होने का अधिकार भी नहीं होगा। यदि कोई सी.एम.पी. डाक्टर मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम पाया जाता है तो तत्काल उसी समय उसकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी। प्राइवेट प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी। **केंद्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे.चिकि.से. (रेलवे) के सेवानिवृत्ति चिकित्सकों हेतु नियम एवं शर्ते :-** सेवानिवृत्ति डॉक्टरों का सी. एम.पी (Road Mobile Van) के रूप में अनुबंध अधिकतम 7 (सात) टर्म अथवा 67 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जो भी पहले हो, तक होगा और प्रत्येक टर्म की अवधि एक वर्ष के लिए होगी तथा प्रत्येक टर्म के लिए नया अनुबंध किया जायेगा। अनुबंध की तिथि से अनुबंध की अवधि एक वर्ष अथवा कम होगी। अनुबंध की अवधि किसी भी आधार पर आगे नहीं बढ़ाई जाएगी यद्यपि रेलवे प्रशासन को यह अधिकार होगा कि वह केंद्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे.चिकि.सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत चिकित्सकों को दूसरी बार नई संविदा हेतु नियोजन करने हेतु विचार करें। यह अनुबंध पूर्णतः निविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए या नियमित डाक्टर के ज्वाइन करने तक अथवा केंद्र सरकार/राज्य सरकार/ भा.रे. चिकि. सेवा (रेलवे) के सेवानिवृत्त चिकित्सकों के 67 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर या जो भी पहले होगा। सी.एम.पी. के रूप में अनुबंध किए गए केंद्र सरकार/राज्य सरकार/भा.रे.चिकि.से. (रेलवे) के सेवानिवृत चिकित्सकों के पास अपनी सेवाओं को निरंतर करने अथवा टर्म को स्वतः आगे बढ़ाने संबंधित कोई दावा इत्यादि करने का किसी भी तरह का अधिकार नहीं होगा। संविदा की वैधता की अवधि में संविदा के आधार पर डॉक्टर को संविदा अवधि में किसी भी समय यह छूट होगी कि वह अपने करियर की बेहतरी के लिए अथवा अन्य किसी आधार पर रेलवे प्रशासन को 15 दिन की अग्रिम सूचना देकर संविदा खत्म कर सकता है, रेलवे प्रशासन भी संविदा की अवधि के दौरान किसी भी समय 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर डॉक्टरों को बिना किसी कारण को परिभाषित किये संविदा की समाप्ति कर सकता है। यदि कोई सी.एम.पी. मानसिक या शारीरिक रूप से असक्षम पाया जाता है, तो उस समय भी उसकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी। प्राइवेट प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी। **आवश्यक सूचना :-01.** करार के आधार पर नियुक्ति डॉक्टर आधिकारिक रूप से रेलवे क्वार्टर के हकदार नहीं होंगे फिर भी आवासों की उपलब्धता पर उन्हें आवास की व्यवस्था की जा सकती है। रेलवे के साथ करार के दौरान उनकी ड्यूटी के संबंध में विस्तृत निर्देश उनके चयनित हो जाने पर नियुक्त पत्र के साथ दिया जाएगा। **02.** इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दो प्रतियों में एवं सभी प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं आधार कार्ड, पैन कार्ड की मूल एवं सत्यापित छाया प्रति के साथ संलग्न प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर साथ लाये, साक्षात्कार के लिए कोई दैनिक महंगाई/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। (आवेदक का जाति प्रमाण पत्र भारत सरकार की सेवाओं के लिए निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए, तथा आवेदक को मेडिकल काउन्सिल आफ इण्डिया/स्टेट मेडिकल काउन्सिल से पंजीकृत होना चाहिए) **03.** प्रशासनिक हित में यदि आवश्यक हुआ तो चयनित अभ्यर्थीयों को भविष्य में कभी भी किसी भी हेल्थ यूनिट से किसी भी हेल्थ यूनिट जोकि प्रयागराज मंडल के क्षेत्राधिकार में स्थित में स्थानान्तरण करने का अधिकार प्रशासन के पास सुरक्षित होगा। रेलवे प्रशासन, आवश्यकता पड़ने पर करार के आधार पर चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके विशेष कार्य के अतरिक्त सामान्य ड्यूटी का कार्य भी करा सकता है। **04.** यदि विशेषज्ञों के पद पर अभ्यर्थी नहीं पाए जाते है, तो उनके पदों को सामान्य ड्यूटी के डॉक्टर के पदों से भरा जाएगा। **05.** प्रशासनिक आवश्यकता अनुसार विज्ञप्ति में रिक्तियों के स्थान एवं संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। **06.** अधिसूचना की प्रति उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in About us → Division→Prayagraj Division → Personnel** से डाउनलोड की जा सकती है। **07.** सक्षम प्राधिकारी के द्वारा पैनल अनुमोदन के उपरांत उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर पैनल उसी दिन अपलोड कर दिया जाएगा उपयुक्त पाए गये उम्मीदवारों को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डाक/टेलीफोन/ एस.एम.एस. के द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में पदस्थापना हेतु निर्धारित तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी। जो उम्मीदवार निर्धारित समय या तिथि पर रिपोर्ट नहीं करेंगे वे अपनी संविदा का अवसर खो देंगे और उनके स्थान पर आगले इमपैनेल्ड (Empaneled) अभ्यर्थी को संविदा पर लेने हेतु बुला लिया जाएगा। **08.** चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग से पूर्व चिकित्सा परीक्षण कराना होगा, साथ ही चयनित उम्मीदवारों को नोटराइज्ड कान्ट्रेक्ट एग्रीमेन्ट जमा करना होगा। इस संबंध में दिशा-निर्देश अभ्यर्थी के ऑफर आफ इंगेजमेंट में उल्लेखित कर दिया जाएगा।

सहायक कार्मिक अधिकारी
कृते मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

2562/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

मासूम की हत्या से भड़का आक्रोश, चार घंटे तक मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग जाम

पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी, आरोपी को मौत की सजा और घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

छानबे। सेमरी गांव में 12 वर्षीय अपहृत बालक प्रिंस बिंद की हत्या की खबर मिलते ही ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मासूम की हत्या से आक्रोशित लोगों ने बुधवार की सुबह मृतक के घर के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मिर्जापुर-प्रयागराज मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सुबह 7:30 बजे शुरू हुआ जाम करीब चार घंटे 15 मिनट तक चला। पुलिस प्रशासन के काफी प्रयास के बावजूद जब ग्रामीण सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए तो पुलिस ने बलपूर्वक लोगों को हटाकर सुबह 11:45 बजे आवागमन बहाल कराया।ग्रामीणों ने मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग के साथ ही विजयपुर-भारतगंज मार्ग को भी जाम कर दिया था। दोनों मार्गों पर आवागमन ठप होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलने के करीब डेढ़ घंटे बाद गैपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी और पुलिसकर्मियों को जाम स्थल से कुछ दूरी पहले ही रोक दिया।इसके बाद सुबह 9:15 बजे जिगना पुलिस, 10 बजे लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। सवा 10 बजे सीओ सिटी अमित कुमार तथा साढ़े 10 बजे एसडीएम सदर महेंद्र सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाकर जाम समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित महिला-पुरुष अपनी मांगों पर अड़े रहे। करीब 12 बजे मृतक के पिता केशव प्रसाद घर पहुंचे तो बेटे की हत्या से व्यथित होकर उन्होंने भी सड़क पर खड़े होकर जाम लगाने का प्रयास किया। हालांकि एसडीएम और अपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल उन्हें समझाया और सड़क से हटाया।



मालवाहक वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

अहरौरा। मालवाहक वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रशेखर कुमार साहनी (30) पुत्र ढोड़ा, निवासी किशनपुर, थाना भगवानपुर, जनपद भभुआ (बिहार) तथा मनीष कुमार (32) पुत्र सियाराम, निवासी नौबतपुर, सैयदराजा, जनपद चंदौली के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची अहरौरा पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद मालवाहक वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

एक नज़र इधर भी

दो बाइक टकरायी, दो घायल

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत कोटवा सिरसी रोड के सुअरहा जंगल में मोड़ पर दो बाइक आमने सामने टकरा गई, जिससे एक ही बाइक के सवार के साथ बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के नेवढ़िया निवासी 24 वर्षीय लवकुश ने बताया कि चचेरे भाई 26 वर्षीय रोहन के साथ बाइक से बेलहरा गए थे, जहां से वापसी में सूअरहा जंगल में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई, जिससे हम दोनों लोग गिर कर घायल हो गए।दूसरा बाइक चालक अपनी बाइक लेकर चंपत हो गया।राहगीरो की सूचना पर स्वजन निजी साधन से दीपनगर निजी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कर रोहन को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिए।

छठ पूजा को लेकर नगर पालिका ने तेज की तैयारियां

मीरजापुर। आगामी छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से गंगा घाटों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर ईओ जी लाल ने बताया है कि घाटो पर तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जा रहा है। सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, स्वच्छ पेयजल, समुचित प्रकाश व्यवस्था और लाउडस्पीकर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही घाटों पर सुरक्षा एवं स्वच्छता को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि छठ पूजा आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में नगर पालिका की प्राथमिकता है कि घाटों पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, पानी, प्रकाश और लाउडस्पीकर सहित नगर पालिका की ओर से की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराया जा रहा है।

कार के धक्के से युवक घायल

अदलहाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित कौड़िया कला में बुधवार को बाद दोपहर चार पहिया वाहन के धक्के से एक युवक के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन प्रजापति पुत्र फूलचंद प्रजापति निवासी ग्राम कुकुहीपुर गोठौरा थाना अदलहाट कौड़िया कला स्थित सड़क पर होम्योपैथिक की दुकान चलाता है और वह घर से दुकान पर जा रहा था कि वाराणसी से अहरौरा की ओर जा रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया जहां उपचार चल रहा है।

मीरजापुर मंडल के ३० डाकघरों में मिलेगी आधार संबंधी सुविधा

मीरजापुर। भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक मंडल के विभिन्न डाकघरों में आधार पंजीकरण एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके तहत अब लोगों को आधार से जुड़ी सेवाओं के लिए दूर-दराज के केंद्रों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, बल्कि वे अपने नजदीकी डाकघर पहुंचकर इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। मीरजापुर डाक मंडल के अंतर्गत मीरजापुर एवं राबर्ट्सगंज प्रधान डाकघरों के अलावा कुल 30 उपडाकघरों में आधार सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें अहरौरा, अदलहाट, अमवार, अनपरा टीपीएस, बीजपुर, खड़िया बाजार, चोपन, चुनार, चुनार तहसील, डाला, दुद्धी, घोरावल, कछवां, लालगंज, चुर्क, मीरजापुर कचहरी, इंडस्ट्रियल एस्टेट, नारायणपुर, ओबरा, रामगढ़, रेनुकूट, रेनुसागर, शक्तिनगर, सीखड़, विंध्याचल, कुबरी पटेहरा, विंढमगंज एवं ओबरा थर्मल डाकघर शामिल हैं।

इन आधार केंद्रों पर नागरिकों को नया आधार पंजीकरण कराने के साथ ही आधार कार्ड में नाम, पता एवं जन्मतिथि में संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट तथा बायोमेट्रिक अपडेट फिंगरप्रिंट, आइरिस और फोटो कराने की सुविधा मिलेगी। विभाग के अनुसार ये सेवाएं सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहेंगी। डाक विभाग का उद्देश्य आधार संबंधी सेवाओं को आमजन तक आसानी से पहुंचाना है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि आधार पंजीकरण अथवा कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन कराने के लिए अपने नजदीकी डाकघर स्थित आधार केंद्र पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत

कछवां। क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव निवासी इंटर की 18 वर्षीय छात्रा की बुधवार दोपहर वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव के समीप सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। छात्रा बाइक से अपने साथी युवक के साथ वाराणसी जा रही थी। इसी दौरान दो ट्रकों की चपेट में आने से हादसा हो गया। घटना में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। मृतका की पहचान अख्तियारपुर निवासी हरिश्चन्द्र बिंद की पुत्री शिवानी बिंद (18) के रूप में हुई है। वह नागेन्द्र नारायण इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। उसके साथ केवटाबीर निवासी किशन यादव बाइक पर सवार था। युवक के अनुसार, रास्ते में सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के प्रयास में उसने बाइक मोड़ दी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की टक्कर से दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने शिवानी को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पिता हरिश्चन्द्र ने बताया कि उनकी बेटी घर से कछवां स्थित पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने की बात कहकर निकली थी। बाद में जानकारी हुई कि वह अपने साथी युवक के साथ वाराणसी जा रही थी और रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। पिता ने युवक पर बेटी को गुमराह कर अपने साथ ले जाने और उसके साथ अवैध संबंध रखने का आरोप लगाते हुए मिर्जामुराद थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

राजस्व विभाग में चयनित २४ कनिष्ठ सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत राजस्व विभाग में 1146 कनिष्ठ सहायकों का चयन किया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जनपद मीरजापुर में कुल 24 कनिष्ठ सहायकों की तैनाती हुई है। इनमें 10 अभ्यर्थी मीरजापुर जनपद के निवासी हैं। इन अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मीरजापुर की ओर से अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनोद कुमार सिंह भी शामिल रहे। नियुक्ति मिलने से चयनित अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल रहा। राजस्व विभाग में नए कनिष्ठ सहायकों की तैनाती से विभागीय कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन विंध्य तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज विंध्याचल के परसिया में निर्माणाधीन विंध्य तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की समय सीमा/पूर्णता के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के ग्राउंड फ्लोर, प्रथम तल, कार्यालय कक्ष,, श्रद्धालुओं के लिए प्रतीक्षालय और पार्किंग स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अभियंताओं से निर्माण कार्य के नक्शे, एस्टीमेट और अब तक हुए कार्य की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यालय भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर हर हाल में पूर्ण किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही और विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया कि गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। निर्माण में मानक के अनुरूप सीमेंट, सरिया और अन्य सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि निर्माण सामग्री की थर्ड पार्टी से भी जांच कराई जाए और प्रतिदिन कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, सहित विंध्य तीर्थ विकास परिषद के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इलाज के दौरान जिंदगी की जंग हार गया प्रमोद

अहरौरा। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर अहरौरा थाना क्षेत्र के चिंताविश्राम के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार प्रमोद यादव (45) की वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलखरा निवासी प्रमोद यादव पुत्र प्रभावन यादव बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चिंताविश्राम के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था।

धूमधाम से मना भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैयादूज

हलिया। क्षेत्र में बुधवार को भाई बहन के प्रेम और अपनापन का पर्व भैयादूज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर चहल पहल रही। हलिया बाजार स्थित माता चौरा मंदिर परिसर में बहनों ने पूजा पाठ किया। भाइयों को अक्षत लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना की। गांवों में इस पर्व को लेकर अलग ही रौनक रही कहीं बहनें भाइयों के घर पहुंचीं तो कहीं। भाई अपनी बहनों के घर तिलक लगवाने पहुंचे। बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनके जीवन में सुख समृद्धि बनी रहने की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैयादूज मनाया जाता है। पौराणिक कथा के मुताबिक, इसी दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। यमुना ने उनका आदर सत्कार कर तिलक लगाया और भोजन कराया था। बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया था कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक लगवाएगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा।इसी मान्यता के चलते बहनें हर साल इस पर्व को पूरे विधि विधान से मनाती हैं। पर्व को लेकर क्षेत्र के बाजारों में चहल पहल रहा भाई बहन के इस पवित्र रिश्ते की मिठास के साथ पूरे क्षेत्र में भैयादूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

पत्थर से वार कर अधेड़ की हत्या

छानबे,मीरजापुर। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में एक अधेड़ ब्यक्ति की बुधवार की शाम क़रीब सवा 6 बजे सर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी है । विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी राज कुमार बिंद ने बताया कि उसके पिता गेंदालाल बिंद (45)पुत्र रामदास बुधवार की शाम सवा 6 बजे घर से बाहर मैरिज लान की ओर गए थे कि जिगना थाना क्षेत्र के दुबहा गांव निवासी अवधनारायण बिंद गाली गलौज करते हुए गेंदालाल के सर पर तेज़ी से पत्थर से वार कर दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गए घायल को परिजन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई ले जाया गया जहां पर डा समित कुमार ने मृत घोषित कर दिया गया ।उधर आरोपी मारने के बाद बिहसडा कला गांव की ओर भाग कर एक घर में छुप रहा था कि ग्रामीणों ने पुलिस बुलाकर कर सौंप दिया है ।डा समित कुमार ने बताया कि गेंदा लाल को परिजन पौने 7बजे अस्पताल लेकर आए थे लेकिन सर में गम्भीर चोट होने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी । गेंदालाल अपने एकलौता पुत्र राजकुमार (20) के साथ रहते थे और मेहनत मजदूरी करके जीविकोपार्जन चलाते थे कुछ माह पहले पहले पत्नी का देहांत हो चुका है और एक लड़की है जिसकी शादी कर चुके हैं साथ में सिर्फ़ लड़का रहता था अब पुत्र के सर से पिता का छाया हट गया ।

शिविर में जरुरतमंदों को मिली रोशनी की सौगात

चोपन(सोनभद्र)। जनपद के अति नक्सल क्षेत्र से पहचाने जाने वाले दुरुह क्षेत्र में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और उनके जीवन में खुशियों की रोशनी भरने की पहल के तहत जांच की गई। चोपन विकास खंड की कनच ग्राम सभा स्थित पकरी के लीलावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वाराणसी से पहुंचे नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दर्जनों लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। वहीं, जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। जांच के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए 12 लोगों का नि:शुल्क ऑपरेशन कराने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा की पहल पर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में दोबारा रोशनी लाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। शिविर में केवल नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण तक ही पहल सीमित नहीं रही, बल्कि मोतियाबिंद से पीड़ित 12 मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था कर उन्हें बेहतर दृष्टि देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

सवारियों से भरी बस-ट्रक में भिड़ंत

दर्जनों घायल, प्राथमिक उपचार के बाद दो घायल जिला अस्पताल रेफर

बभनी/आसनडीह(सोनभद्र)। बभनी थाना क्षेत्र के घसिया टोला में बुधवार को सवारियों से भरी बस और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार भिंड़त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में बस चालक समेत दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। भिंड़त इतनी जोरदार थी कि बस चालक केबिन में फंस गया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी पहुंचाया। यहां बस चालक गौरी खान पुत्र गनी खान निवासी चपकी और एक महिला यात्री की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बन गया। हादसे के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हुए। आरोप है कि अस्पताल में कई चिकित्सकों की तैनाती होने के बावजूद मौके पर केवल एक चिकित्सक मौजूद था। वहीं, घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने से परिजन कई घायलों को गोद में उठाकर अस्पताल के अंदर ले जाते दिखाई दिए। घायलों की पहचान रमेश पुत्र सूरजमणि 50 वर्ष निवासी रजखड़, दुद्धी, खुशबू पत्नी चंद्रिका प्रसाद 36 वर्ष निवासी बीजपुर, रूप कुमारी 40 वर्ष निवासी महरीकला, नीलेश ठाकुर, जगदीश ठाकुर निवासी बरती, अंजू सेठ 23 वर्ष निवासी बीजपुर, मनोहर कुमार 35 वर्ष निवासी बरवा टोला, आशा 19 वर्ष निवासी सेंदुर, पानपती 70 वर्ष निवासी भंवर, मोनी देवी 40 वर्ष निवासी भंवर, दादूलाल 65 वर्ष निवासी किरविल, रामप्रवेश प्रजापति 35 वर्ष निवासी चाचीकला, रामअवतार 50 वर्ष निवासी कोटा, रामकेश 55 वर्ष निवासी काचन तथा सरोज देवी पत्नी सुशील केशरी 57 वर्ष निवासी चपकी के रूप में हुई है। हादसे में बस चालक गौरी खान भी घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सरोज ने बताया की चालक समेत घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बस चालक और गंभीर महिला को जिला अस्पताल भेजवा दिया गया है और टक्कर मारने वाले ट्रक को हिरासत मे ले लिया गया है।

ट्रक पुलिस हिरासत में, बस चालक केबिन में फंसा



एनसीएल खड़िया माइन्स से डीजल चोरी करते एक गिरफ्तार

५० लीटर डीजल बरामद, नौ खाली जरीकेन, पाइप और बोलेरो वाहन भी जब्त

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनसीएल खड़िया माइन्स में डीजल चोरी के मामले में शक्तिनगर पुलिस और एनसीएल सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का करीब 50 लीटर डीजल, नौ खाली जरीकेन, डीजल निकालने में इस्तेमाल होने वाला पाइप और एक बोलेरो वाहन बरामद किया है। जांच में एनसीएल के कुछ सुरक्षाकर्मियों की मिलीभगत से डीजल चोरी किए जाने की बात भी सामने आई है। पुलिस इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में शक्तिनगर पुलिस तथा एनसीएल सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम ने 10 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे खड़िया माइन्स से अमरजीत विश्वकर्मा उर्फ मंटू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से करीब 50 लीटर चोरी का डीजल, नौ खाली जरीकेन, डीजल निकालने में प्रयुक्त पाइप और एक बोलेरो वाहन बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) और 317(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरजीत विश्वकर्मा उर्फ मंटू (35) पुत्र शिवराज विश्वकर्मा, निवासी ग्राम परासी थाना अनपरा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले भी शक्तिनगर थाने में चोरी और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस डीजल चोरी के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका खंगाल रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय, उपनिरीक्षक सदाशिव राय और कांस्टेबल अमृत लाल शामिल रहे।

दीपावली पर बाइक स्टंट बाज युवकों ने किया बवाल

बीना(सोनभद्र)। बीते 8नवंबर को घर के सामने तेज आवाज में मॉडिफाइड बाइक से स्टंट करने और शोर-शराबा करने का विरोध करने पर दबंगों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट करने तथा मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। वादी राकेश रोशन भारती पुत्र वशबहादुर निवासी घरसड़ी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गत 8 नवंबर की रात करीब पौने ग्यारह बजे कुछ युवक उनके घर के सामने मॉडिफाइड बाइक और अन्य बाइक से तेज आवाज में शोर-शराबा व हुड़दंग कर रहे थे।

सरकारी आवास में अलमारी तोड़कर गहने और नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र की वीआइपी कॉलोनी स्थित सिंचाई विभाग के एक सरकारी आवास में अलमारी तोड़कर गहने और नकदी चोरी कर ली गई। घटना की जानकारी नौ नवंबर की सुबह आवास की देखरेख कर रहे एक युवक ने फोन कर दी। पीड़ित की पहचान दिग्विजय सिंह गौतम के रूप में हुई है। वह कनहर निर्माण खंड-3 पिपरी में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी शिकायत पर पिपरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहलवानों ने दिखायी हैरतअंगेज करतब

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय टीसीडी मैदान पर हो रहे गोवर्धन पूजा में बुधवार को पुजारी बाबा के साथ आये हुए गाजीपुर के पहलवानों ने ऐसा करतब दिखाया कि लोग देखते ही रह गए। पहलवानों ने टेंट से भी ऊपर रस्सी को उछल कूद करते छू लिया। गाजीपुर से आये हुए पहलवानों ने तरह तरह के हैरतअंगेज करतब दिखाया। गोवर्धन पूजा में पहलवानों की हैरतअंगेज करतब के बारे में दिनभर चाय पान की दुकानों में चर्चा होती रही।

नशीली दवाओं के मामले में वाहन चोर, मेडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

सिंगरौली। सिंगरौली जिले के बैढ़न थाना पुलिस ने अपराध और अवैध नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ दो अलग-अलग बड़ी कार्रवाइयां करते हुए वाहन चोरी के आरोपी और प्रतिबंधित नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने तीन अलग-अलग वाहन चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई में काली मंदिर रोड स्थित श्री साईं मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर प्रतिबंधित नशीली गोलियां और इंजेक्शन जब्त किए हैं।

बाबा के हैरतअंगेज करिश्मा देख लोग आश्चर्य चकित

दुद्धी(सोनभद्र)। बुधवार को यादव महासभा के तत्वावधान में टीसीडी मैदान पर 16वां गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। गाजीपुर के बाबा सुरेंद्र पंथी ने देखते ही देखते सूखे उपले में मंत्र शक्ति से अग्नि प्रज्वलित कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इसके बाद उसी अग्नि में दूध गर्म किया गया तथा खीर पकाई गई। बाबा ने आग पर खौलते गर्म दूध से स्नान कर भविष्य के बारे में बताया कि आने वाले समय किसानों के लिए अनुकूल है। किसानों को 14 आना मतलब चौती की खेती अच्छी होगी। राजनीति में उथल पुथल होना सुनिश्चित है। सुरेंद्र पंथी चमत्कारी बाबा ने कहा कि यह प्रकृति की पूजा इंद्र भगवान का घमंड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण भगवान ने किया था। वहीं गर्म दूध से स्नान और आंखों में डालने पर बताया कि देखने में दूध गर्म दिखता है, लेकिन शरीर पर डालते ही ठंडा हो जाता है। पूजा में बहुत शक्ति है। पूजा का कार्यक्रम पंडित शिवपूजन मिश्र ने सम्पन्न करायी। मुख्य यजमान पूर्व प्रधान हरिशंकर यादव रहे। गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मातृका प्रसाद यादव पूर्व मंत्री नेपाल विशिष्ट अतिथि डॉ रीना यादव जनकपुर मधेश प्रदेश नेपाल, जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, डॉ रामजीत यादव, संजय यादव, अनिल यादव, श्यामबिहारी यादव, नीरेंद्र सिंह गोंड मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि रीना यादव ने कहा कि नशा से दूर रहना है। शिक्षा को लेकर सभी को जागरूक होना बहुत आवश्यक है। नेपाल भारत सहित कोई भी देश हो यादव समाज समाज मे सत्य के मार्ग पर चलता है।

हिंडाल्को से १.६३ करोड़ का माल लेकर निकला ट्रक लापता

रेणुकूट(सोनभद्र)। औद्योगिक नगरी रेणुकूट से करोड़ों रुपये का माल लेकर निकले ट्रकों के गायब होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ करीब 1.63 करोड़ रुपये मूल्य का माल रास्ते से गायब हो गया। 34 टन 874 किलोग्राम माल लदा ट्रक निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचा। काफी खोजबीन और ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से अपने स्तर पर जानकारी जुटाने के बावजूद जब माल और वाहन का पता नहीं चला तो सूरत गुड्स ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर दुर्गेश कुमार चौबे की तहरीर पर पिपरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल की कुल कीमत 1,63,36,448.52 रुपये बताई गई है। इसे बेंगलुरु पहुंचाया जाना था। ट्रांसपोर्ट कंपनी ने ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से वाहन की व्यवस्था की थी। ट्रक रवाना होने के बाद चालक हिम्मत सिंह ने ब्रोकर को फोन कर अपनी दादी की तबीयत खराब होने की जानकारी दी और औरंगाबाद के पास एक दिन रुकने की बात कही।

बचे हैं दिन चार, कहीं सफाई और कहीं अभियान का इंतजार

माहुल नगर पंचायत में चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

आजमगढ़। सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व शुरू होने वाला है और पहला अर्घ्यदान 15 नवंबर को दिया जाएगा। इस बीच मात्र चार दिन ही शेष बचे हैं, लेकिन कहीं सफाई अभियान शुरू होने से लोगों को सहूलियत मिलेगी तो कहीं अभियान शुरू होने का लोगों को इंतजार है।

माहुल प्रतिनिधि के अनुसार-नगर पंचायत माहुल के वार्ड नंबर तीन गांधीनगर स्थित 206 वर्ष पुराने ऐतिहासिक पोखरे की साफ-सफाई का कार्य नगर पंचायत प्रशासन ने शुरू करा दिया है। चार दिवसीय डाला छठ महापर्व को देखते हुए पोखरे और उसके घाटों की सफाई कराई जा रही है। लंबे समय से पोखरे पर गंदगी का अंबार लगा होने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1820 में स्थापित सिद्धपीठ



काली चौरा मंदिर से जुड़ा यह ऐतिहासिक पोखरा क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष डाला छठ महापर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। महिलाएं पोखरे के घाटों पर खड़े होकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। श्रद्धालु महिलाओं द्वारा घाट पर बेदी तैयार की जा रही है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से सफाई कार्य शुरू कराए जाने के बाद अब श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि छठ महापर्व से पहले पूरे पोखरा और परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित कर दिया जाएगा। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी माहुल अवधेश मिश्रा ने बताया कि पोखरे की साफ-सफाई

शिथिलता

लालगंज क्षेत्र में पोखरों और घाटों पर नहीं शुरू किया गया अभियान

कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है। छठ पूजा पर किसी को भी कोई समस्या नहीं होगी।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार-नगर पंचायत कटघर लालगंज के पोखरों की अब तक साफ सफाई नहीं हो सकी है। पोखरों में पानी नहीं भरा गया है और चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है। इससे व्रती महिलाएं काफी परेशान दिखने लगी हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत कटघर लालगंज के हनुमानगढ़ी पोखरे के पूर्वी घाट पर जाने के लिए जंगल जैसी घासों से होकर गुजरना पड़ रहा है। इसी बीच पोखरे की सीढ़ियों पर लोगों ने बेदी बनाना शुरू कर दिया है। सभासद जगदीश सोनकर, सुषमा सिंह सहित अन्य ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से न ही पोखरे में पानी भरा जा सका और न ही पोखरे सहित उसके चारों तरफ साफ सफाई कराई गई। पोखरे सहित चारों तरफ गंदगी ही गंदगी है। नगर पंचायत स्थित नलकूप विभाग निरीक्षण गृह (डाक बंगला) के पूरब तरफ रविदास नगर मोहल्ले के पोखरे में वर्षों से नाले का गंदा पानी बहाया जा रहा है। वहीं समीप स्थित पावर हाउस परिसर के शिव मंदिर पर गड्ढे में पानी भरकर छठ पर्व पर महिलाएं सूर्य भगवान को अर्घ्य देती हैं।पोखरों की साफ सफाई के लिए कई बार अधिशासी अधिकारी को लिखित सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

फूलपुर तहसील क्षेत्र के कुंवर नदी के पिपरहवा घाट पर छठ पूजा के लिए कई हजार महिला और व्रती महिला अपनों के साथ उपस्थित होती हैं तथा नागा बाबा सरोवर पोखरा और नदिया मुहल्ला कुंवर नदी घाट पर लोग बेदी बनाकर अपना नाम लिख रहे। पूर्व में नगर के समाजसेवी छठ घाटों की सफाई दीपावली से ही शुरू करा देते रहे, परन्तु इस वर्ष नगर पंचायत फूलपुर द्वारा छठ घाटों की सफाई कछुवा चाल से कराना शुरू किया है। घाट पूरी तरह साफ नहीं हुए हैं और सीढ़ियों पर मिट्टी पटी है। नगर पंचायत कर्मी अभी घास साफ करने में लगे हैं।

छात्रा की बाइक से गिरकर मौत, दो घायल



फाइल फोटो: आंचल गौड़

रानी की सराय, आजमगढ़। रानी की सराय-फरिहां मार्ग स्थित बघौरा के पास बुधवार को सुबह घर से कोचिंग

रानी की सराय क्षेत्र के बघौरा के पास युवक को टक्कर मारने के बाद हो गयी अनियंत्रित

पढ़ने गई छात्रा की बाइक से गिरने से मौत हो गई, जबकि बाइक चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दिलौरी गांव निवासी 17 वर्षीय आंचल गौड़ पुत्री अनुप गौड़ अमरशहीद इंटर कालेज ईश्वरपुर में इंटर की छात्रा थी। सुबह छह बजे घर से कोचिंग पढ़ने के लिए बघौरा के लिए रवाना हुई। मुख्य मार्ग पर ही दिलौरी गांव निवासी दीपक कुमार बाइक लेकर पहुंच गया। दसवीं के छात्र दीपक भी वहीं पर कोचिंग पढ़ता है। बघौरा के पास पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर टहलने के लिए निकले रानी की सराय थाने के रोवा निवासी 25 वर्षीय युवक अबु सहमा से टकरा गई और अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में आंचल के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि दीपक भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने आंचल और अबू सहमा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने आंचल को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल अबू सहमा का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी। हादसे में मौत की खबर के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया।

बिलरियागंज थाने में होमगार्ड जवानों को दी विदाई

बिलरियागंज, आजमगढ़। बिलरियागंज थाना परिसर में होमगार्ड जवान रामजीत यादव, परमहंस यादव एवं रामजनम यादव के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अतुल कुमार मिश्रा ने तीनों होमगार्ड जवानों को छाता, अंगवस्त्र, फूलमाला, राम चरितमानस, साइकिल, मिठाई सहित विभिन्न उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान कम्पनी कमांडर बुद्धिराम यादव भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा, कम्पनी कमांडर बुद्धिराम यादव एवं साथी होमगार्ड जवानों ने तीनों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में सुरेश शर्मा, बाबूराम यादव, सुभाष चन्द्र, प्रमोद शर्मा, ठाकुर यादव, देवराम यादव, राजेश राय, राजेश कुमार, राम आसरे, संजय कुमार पाण्डेय, मंगल पासवान, सच्चिदानंद राय सहित दर्जनों होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

जानलेवा हमले के मामले में दो गिरफ्तार

आजमगढ़। रौनापार थाने के एसआई सुमित सिंह की टीम ने बुधवार को दिन के लगभग सवा दस बजे जानलेवा हमले के मामले में वांछित राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रामअवध सिंह निवासी ग्राम बातन व इसी गांव के अनिल सिंह पुत्र स्व. रामअवध सिंह को उनके घर के सामने खलिहान से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 9 नवंबर को प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्व. अमरजीत सिंह निवासी ग्राम बातन ने प्रार्थना-पत्र दिया था कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनके चचेरे भाई अवनीश सिंह पुत्र स्व. इन्द्रजीत सिंह पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और वह मौके पर बेहोश हो गए। अभियुक्तों द्वारा गाली-गलौज करते

दो आरक्षियों को राज्यपाल की ओर से प्रशस्ति पत्र

आजमगढ़। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से ताइक्वांडो प्रशिक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए आरक्षी सुनील कुमार शिंदे एवं मुख्य आरक्षी अनामिका शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने पुलिस कार्यालय में दोनों को राज्यपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी सुनील कुमार शिंदे एवं मुख्य आरक्षी अनामिका शुक्ला को ताइक्वांडो प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, लगन एवं समर्पण के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि वामा सारथी की खेल पहल के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय ताइक्वांडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नम आंखों से दी मां लक्ष्मी, गणेश की प्रतिमा को विदाई

रानी की सराय/मार्टीनगंज, आजमगढ़। रानी की सराय कस्बे में स्थापित लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा का

देर रात तक तक चलता रहा विसर्जन और डीजे मुकाबला

विसर्जन देर रात चला। इस दौरान जमकर डीजे कंपटीशन हुआ। कस्बे में दीपावली पर प्रतिमा स्थापित की गई थी। मंगलवार को देर शाम से विसर्जन शुरु हुआ। ट्रैक्टर ट्राली पर आकर्षक ढंग से प्रतिमा को सजाकर पूरे बाजार में भ्रमण कराया गया। झांकी भी नकली जो आकर्षण का केन्द्र रही। डीजे कंपटीशन भी जमकर हुआ। डीजे को लेकर कमेटियों में उहापोह रहा। कारण कि पुलिस ने छह बाक्स ही बजाने की अनुमति दी थी। पांच घंटे तक हाईवे पर कंपटीशन चलता



रहा और उसके बाद रानी पोखरे मे सभी प्रतिमाएं विसर्जित की गईं।

सिकरौर सहबरी बाजार एवं आसपास के गांवों में धनतेरस के दिन स्थापित मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की प्रतिमा को ढोलताशे एवं डीजे पर बजते भक्ति गीतों के साथ झूमते हुए मंगलवार की देर शाम नम आंखों के बीच विसर्जित किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की टीम भी मौजूद रही। सरायमीर थाना प्रभारी भुनेश चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी स्थानों पर स्थापित सभी देवी मूर्तियों को शांतिपूर्ण विसर्जित करा दिया गया है। विसर्जन शोभायात्रा में विनोद यादव, दिनेश मौर्या, आकाश विश्वकर्मा, अनुपम विश्वकर्मा, मिथलेश मौर्य आदि शामिल रहे।

रघुवंश मणि के त्रयोदशाह पर दी गयी श्रद्धांजलि

कलान, आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ इकाई के संरक्षक रहे रघुवंश मणि त्रिपाठी के त्रयोदशाह पर उनके पैतृक गांव चकिया में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एसोसिएशन के जिला संरक्षक सिद्धेश्वर पांडेय, जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय और जिला पदाधिकारियों के आलावा सदस्य चंडी प्रसाद सिंह, अवनीश कुमार सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा, शाश्वत त्रिपाठी के साथ कई पत्रकार मौजूद रहे। त्रयोदशाह में भारी संख्या में पत्रकारों के आलावा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे और सभी ने नम आंखों से पत्रकार साथी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

उतरे भाजपाई तब हुई प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी

आजमगढ़। शाहगढ़ के मां जगेसरा देवी इंटर कॉलेज की 14 वर्षीय छात्रा राशि गोंड की आत्महत्या मामले में सिधारी पुलिस ने मंगलवार को प्रधानाचार्य अखिलेश यादव को नीबी बुजुर्ग गांव से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई तब हुई जब दीपावली के दूसरे दिन सोमवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष नंदलाल गोंड के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र गोंड और क्षेत्रीय मंत्री भीम प्रसाद गोंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने अपनी ही पार्टी के नेता पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। साथ ही स्कूल की मान्यता रद करने और बुल्डोजर कार्रवाई आदि की मांग की थी। गौरतलब है कि कालेज भाजपा से जुड़े लक्ष्मण मौर्य का बताया जा रहा है।

छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

बिलरियागंज, आजमगढ़। थाना परिसर में छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना अध्यक्ष अतुल मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। अतुल मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका के सहयोग से सभी घाटों की विशेष सफाई, रास्तों को समतल और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। घाटों पर गहरे पानी से बचने के लिए रस्सी लगाकर बैरिकेडिंग करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा पुलिस हर घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से उपस्थिति रहेगी। नगर पालिका के पक्का पोखरे पर छठ पूजा को लेकर अधिक भीड़ होने के कारण पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने की बातें कही। बता दे बिलरियागंज क्षेत्र में कुल 68 स्थान पर छठ पूजा का महापर्व मनाया जाता है। जिसमें प्रमुख रूप से बिलरियागंज का पक्का पोखरा, पटवध का अमृत सरोवर घाट, गद्दोपुर, तेंदुआ, अकबरपुर आदि प्रमुख स्थानों के घाटों पर छठ पूजा मनाई जाती है।

सीएम ने जिले के राजेश को दिया नियुक्ति पत्र

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के चयन प्रक्रिया के माध्यम से राजस्व विभाग के लिए नवचयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जनपद के लिए चयनित 53 कनिष्ठ सहायकों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतीकात्मक रूप से जनपद के नवनियुक्त कनिष्ठ सहायक राजेश सरोज को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। शेष चयनित अभ्यर्थियों को अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की ओर से डिप्टी कलेक्टर अतुल आनंद एवं आकाश कुमार भी उपस्थित रहे। डीएम रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में नवचयनित 53 कनिष्ठ सहायकों को मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तहसीलों एवं विभिन्न पटलों पर तैनाती प्रदान करेंगे।

अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद का जरिया है राजनीति

आजमगढ़। विधानपरिषद सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने बाजबहादुर स्थित अपने आवास पर

शाह आलम गुड्डू जमाली ने वितरित किये २१ ठेला, १८ ट्राईसाइकिल, ८५ लोगों को चेक

जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के उद्देश्य से पहले की तरह 21 ठेला, 18 ट्राईसाइकिल, 1 साइकिल एवं 1 व्हीलचेयर का वितरण किया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को को आर्थिक सहयोग के लिए चेक के माध्यम से कुल 85 लोगों को 8 लाख 30 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। इस अवसर पर शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि मेरा मानना है कि राजनीति केवल पद और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद



करने और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक जरिया है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहयोग करना ही मेरे लिए सच्ची राजनीति और सबसे बड़ी समाजसेवा है।

इस अवसर पर मौजूद सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद और वंचित लोगों की मदद करना बेहद सराहनीय कार्य है। ऐसे प्रयासों से जरूरतमंदों को न केवल सहारा मिलता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त होता है। एमएलसी ने 21 लोगों को ठेला, 18 लोगों को ट्राईसाइकिल, एक को साइकिल, एक को व्हीलचेयर तथा 85 लोगों को चेक प्रदान किया।

अकीदत के साथ मनाया गया हजरत मौलाना याकूब का उर्स

आजमगढ़। मोहल्ला दलाल घाट स्थित हजरत मौलाना याकूब साहब रहमतुल्लाह अलैह बाबा का उर्से ए पाक अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया गया। बाबा की मजार के आस-पास दुकानें सजी हुई थीं। लोग पूरी-कचौड़ी, खिलौना आदि खरीदते हुए दिखाई दिए। हजरत मौलाना याकूब रहमतुल्लाह अलैह बाबा की मजार को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुबह में कुरानखानी हुई और दोपहर में 2 बजे से मोहल्ला तकिया स्थित मदरसा इस्लामिया से चादर व गागर का जुलूस निकाला गया। जो मोहल्ला कोट, जालंधरी, टेढ़िया मस्जिद, बाजबहादुर, राजा का किला कोट होते हुए मोहल्ला दलाल घाट स्थित मौलाना याकूब साहब रहमतुल्लाह अलैह बाबा की मजार पर चादर पोशी की गई। जायरीनों ने दुआएं मांगीं और मिष्ठान चढाए।

बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

बलरामपुर, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के महुला पीपरौटी के पास मंगलवार की शाम दो बाइकों की

महुला पीपरौटी के पास रिश्तेदार के साथ दोहरीघाट जाते समय हादसा

आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रौनापार थाना क्षेत्र के चक्की हाजीपुर गांव निवासी 24 वर्षीय रामअनुज उर्फ गोलू मंगलवार को गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र के धूपगढ़ गांव निवासी अपने रिश्तेदार रजनीश के साथ बाइक से किसी काम से दोहरीघाट जा रहे थे। महुला पीपरौटी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सीतापुर जनपद के बरगवां थाना क्षेत्र के महदईया गांव निवासी दुर्गा प्रसाद सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने रामअनुज को मृत घोषित कर दिया, जबकि रजनीश और दुर्गा प्रसाद की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के भाई भोला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छठ पूजा महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनेगा सूरजकुंड जलाशय - कपिल मुनि



मुंगराबादशाहपुर। डाला छठ पूजा महोत्सव को आकर्षक ढंग से सजाए जाने हेतु नगर के भगत सिंह वार्ड में स्थित सूरजकुंड जलाशय पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। उक्त जानकारी चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि डाला छठ पूजा महोत्सव के लिए सूरजकुंड जलाशय पर तीन पक्का घाटों की व्यवस्था की गई है जिसकी सजावट एवं भव्यता की तैयारी युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया कि डाला छठ पूजा महोत्सव पर जलाशय के घाट को सुसज्जित किये जाने के साथ ही आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। छठ पूजा पर आपात स्थिति से बचाव हेतु सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी। जलाशय के चारों ओर आकर्षक विद्युत लाइटें लगाई जा रही हैं, ताकि छठ पूजा महोत्सव पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि मार्ग की मरम्मत कराने के साथ ही आने वाले श्रद्धालु दर्शकों की सुविधा हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। छठ व्रतियों के लिए इस बार तीन तीन पक्के घाट बनाए गए हैं जहां बैठने की व्यवस्था, पेयजल और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डाला छठ पूजा महोत्सव को यादगार बनाने हेतु नगर पालिका प्रशासन कटिबद्ध है। तालाब के चारों ओर साफ-सफाई कराने के साथ ही तालाब में स्वच्छ जलभराव कराया जा रहा है। डाला छठ पूजा महोत्सव को यादगार बनाने हेतु विद्युत उपकरणों से आकर्षक ढंग से सजावट कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा मानना है कि मुंगराबादशाहपुर नगर में इस तरह की सजावट एवं भव्यता इसके पहले कभी नहीं की गई होगी। चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों से समय से समारोह स्थल पर पहुंचकर पूजा महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

डाक्टर रमेश यादव बने विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश मंत्री

शाहगंज। विश्व हिंदू महासंघ के नई कार्य कारिणी में शाहगंज क्षेत्र अतरडीहा निवासी डॉक्टर रमेश यादव को प्रदेश मंत्री पद पर चयन होने पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने बुधवार को शाहगंज के तहसील स्थित एक होटल पर भव्य और ज़ोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने प्रदेश मंत्री डॉक्टर रमेश यादव को फूल मालाओं से लाद दिया। और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया। उक्त मौके पत्रकारों से वार्ता के दौरान नव नियुक्त प्रदेश मंत्री डॉक्टर रमेश यादव ने कहा की हमारा संगठन पहले भी जरूरतमन्दों और पीड़ितों की सेवा और सहायता करता चला आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। एक सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा की जिस दिन भारत 70 प्रतिशत हिन्दू जाग गया। उस दिन भारत हिन्दू राष्ट्र होगा।

बस की टक्कर से महिला की मौके पर मौत, पति घायल

सिकरारा। जौनपुर प्रयागराज मार्ग पर बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज बाजार स्थित पुलिया पर बुधवार को करीब एक बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मछलीशहर की तरफ से जौनपुर जा रही एक बस ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरारा थाना क्षेत्र के सीठापुर गांव निवासी शहनाज (35) अपने पति असगर के साथ दवा लेने के लिए जौनपुर जा रही थीं। जैसे ही दोनों फतेहगंज बाजार स्थित पुलिया पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वही हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जंगल में संदिग्ध अवस्था में मिले युवक-युवती, राहगीरों ने दी हिदायत

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के झोखड़िया जंगल में बुधवार दोपहर माइनर के किनारे एक युवक और युवती को संदिग्ध परिस्थितियों में देखकर राहगीरों ने पकड़ लिया। अचानक लोगों को सामने देखकर दोनों घबरा गए और छोड़ने की मिन्नतें करने लगे। हालांकि, राहगीरों ने उन्हें कड़ी हिदायत देकर मौके से जाने दिया। बताया जाता है कि युवक अपनी रिश्ते की एक युवती को बाइक से उसके घर पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान झोखड़िया जंगल के पास माइनर किनारे बाइक खड़ी कर दोनों जंगल की ओर चले गए। उधर से गुजर रहे एक राहगीर ने उन्हें जंगल की तरफ जाते देख लिया। कुछ देर बाद बाइक पर बैग लदा और आसपास कोई नजर नहीं आने पर राहगीरों को संदेह हुआ। इसके बाद कुछ लोग जंगल की ओर पहुंचे, जहां दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। अचानक लोगों को सामने देखकर युवक-युवती हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाने लगे।

पशुआरोग्य मेले का आयोजन

डोभी। बुधवार को पशु पालन विभाग की ओर से क्षेत्र के ग्राम सभा मझिली में पं दीनदयाल उपाध्याय पशुआरोग्य मेला का आयोजन किया गया। पशु आरोग्य शिविर का उद्घाटन राजेश कुमार सिंह भाजपा कार्यकर्ता के हाथो द्वारा विधिवन गो पुजन एवं प0 दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में कुल 380 पशुओ का पंजीकरण कर नि:शुक्त इलाज एव दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य पशु चिकित्सा धिकारी ने पशुओं में होने वाली विमारी एव विभागीय योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी पशुपालकों को दी गयी।

युवती को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

पवांरा। मौसी के घर से वापस अपने घर आ रही युवती को बाजार से एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि उसकी बहन सात नवम्बर को थाना -फतनपुर जिला -प्रतापगढ़ के एक गांव में अपने मौसी के घर से अपने घर आने के लिए निकली लेकिन वह घर नहीं पहुंची। उसने उसी दिन शाम को अपनी बहन को फोन किया तो कोई अज्ञात लड़का फोन उठाया और कहा कि तुम्हारी बहन को पवांरा बाजार से अपने साथ लेकर जा रहा हूं और जो करना है कर लेना। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो गंभीर

बरसठी। थाना क्षेत्र के निगोह जमुनीपुर गांव के पास बुधवार दोपहर कुसा-निगोह मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई,हादसे में भदोही जिले के दो लोगो की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं,पहले बाइक सवार राजीव कुमार उपाध्याय (40) ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल रामलोलारख (48) को जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया,जानकारी के अनुसार, भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के कैड़ा गांव निवासी राजीव कुमार उपाध्याय पुत्र जानकी प्रसाद गांव के रामलोलारख पुत्र रामसहोदार के साथ पल्सर बाइक से पाली स्थित रिश्तेदारी में गए थे बुधवार दोपहर करीब दो बजे दोनों घर लौट रहे थे,इसी दौरान निगोह जमुनीपुर के पास सामने से आ रही टीवीएस बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई, दूसरी बाइक पर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर महुआरी निवासी आकाश तिवारी (25) पुत्र जटाशंकर तिवारी और पवन तिवारी (28) पुत्र बिंदवासिनी तिवारी सवार थे, टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे में राजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामलोलारख, आकाश और पवन गंभीर रूप से घायल हो गये तीनों के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आईं, सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया , प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां रामलोलारख को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

छठ पूजा सेवा समिति की देखरेख में चला साफ-सफाई अभियान

शाहगंज। छठ पूजा के पावन पर्व को देखते हुए बड़ेगांव स्थित शीतला माता मंदिर घाट पर तैयारियां तेज हो गई हैं। छठ पूजा सेवा समिति की देखरेख में घाट पर साफ-सफाई का कार्य कराया गया। समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर घाट परिसर की सफाई की और पूजा स्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में जुटे रहे। समिति का उद्देश्य छठ व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए घाट पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। छठ पूजा सेवा समिति की देखरेख में घाट को साफ-सुथरा बनाने के साथ अन्य तैयारियां भी की जा रही हैं।

पिस्तौल-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जफराबाद। क्षेत्र के हौज तिराहे के पास मंगलवार की रात को पुलिस ने एक युवक को एक पिस्टल तथा एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर से मिली सूचना पर चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह हमराहियों के साथ उक्त स्थान पर पहुंच गए। थोड़ी देर बाद एक युवक आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से तलाशी में एक पिस्टल तथा एक कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक आकाश उर्फ कल्लू चौहान पुत्र राजदेव चौहान निवासी मसूदपुर कबूलपुर थाना जलालपुर का निवासी है। पुलिस इसे काफी दिनों से तलाश रही थी। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि युवक को सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

वनवासी समाज के बीच पूर्व विधायक ने बांटी दीपावली की खुशियां

केराकत। क्षेत्र के ग्रामसभा देवलासपुर (बलुआ-विजईपुर) में पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने वनवासी समाज के लोगों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को मिठाई, उपहार, दीपक, मोमबत्ती व चॉकलेट वितरित की। वहीं बच्चों को फुलझड़ियां और पटाखे भी दिए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और लोगों ने पूर्व विधायक को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर दिनेश चौधरी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाना ही उनका उद्देश्य है। दीपावली हमें आपसी प्रेम, सौहार्द और सभी की खुशहाली का संदेश देती है। इस मौके पर आकाश यादव, मनोहर निषाद, सुरेश सोनकर, गोलू मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

तीन चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश, दो शातिर चोर गिरफ्तार

सुइथाकला। सरपतहां थाना पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए मंगलवार देर शाम दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक लिथियम बैटरी, दो मॉड्यूल समेत करीब 32 हजार रुपये कीमत का सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, इसी दौरान मंगलवार रात रामनगर मार्ग स्थित नहर की पुलिया के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी नीरज पुत्र विनोद और सन्नी पुत्र अच्छेलाल के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपितों ने बीते 27 जून को एक घर का ताला तोड़कर कीमती जेवरात और 20 हजार रुपये चोरी किए थे। इसके अलावा एक अन्य घर से जेवरात व 10 हजार रुपये तथा मोबाइल टावर में लगे उपकरणों की बैटरी और मॉड्यूल चोरी करने की घटनाओं में भी उनकी संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने तीनों मामलों का अनावरण करते हुए चोरी का सामान बरामद किया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह तथा कांस्टेबल पवन कुमार यादव, ओम प्रकाश यादव, रतनलाल गिरी, अविनाश गौड़, अभिमन्यु कुमार और प्रिंस कुमार दुबे शामिल रहे।

सड़क हादसे में महिला की मौत

बबुरी। बेटे को इलाज की उम्मीद से लेकर बनारस जा रही एक मां की जिंदगी रास्ते में ही खत्म हो गई। बेटे की बाइक पर बैठकर अस्पताल जा रही 65 वर्षीय महिला की बुधवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। लेवा-इलिया मार्ग पर भुड़कुड़ा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला सड़क पर सिर के बल जा गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा उसका बेटा भी घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहाबगंज कस्बा निवासी सेवानिवृत्त दरोगा मुल्लू सोनखर की पत्नी केवला देवी (65) अपने बेटे जितेंद्र सोनखर के इलाज के लिए बाइक से बनारस जा रही थीं। बाइक उनका बेटा जितेंद्र चला रहा था और केवला देवी पीछे बैठी थीं। बताया जाता है कि दोनों अभी लेवा-इलिया मार्ग पर भुड़कुड़ा गांव के समीप पहुंचे ही थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। बाइक फिसलते ही पीछे बैठी केवला देवी सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक चला रहे जितेंद्र सोनखर को भी चोटें आईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बबुरी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल जितेंद्र सोनखर को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतका के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

समाधान दिवस में छठ पूजा, मतदाता सूची त्रुटिहीन बनाने पर बल

चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अन्य तहसीलों में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 380 मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में डुप्लिकेट मतदाताओं का (डबल नाम) की गहन जाँच और सत्यापन के निर्देश दिए गए। तहसील प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त हिदायत दी कि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिहीन बनाया जाए ताकि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल में संपन्न कराया जा सके। इसके साथ ही आगामी लोकपर्व छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

टू जी मशीन खराब, कीपैड मोबाइल बेकार

कमालपुर। स्थानीय कस्बा में लगाए गए बीएसएनएल की मशीनों में टू जी की मशीन विगत दो साल से खराब हो जाने से की पेड मोबाइल फोन व सिम बेकार हो गए हैं। जानकारी न होने से उपभोक्ता अपना की पैड मोबाइल में लगे सिम को रिचार्ज करवाते रहते थे और प्रतीक्षा के घड़ी में सारे पैसे बात न होकर बेकार चले जा रहे हैं। कमालपुर क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने पर कीपैड मोबाइल में लगे सिम से खूब बातें होती है। संदेह होने पर कीपैड मोबाइल के उपभोक्ता ने काफी परेशान होकर क्षेत्रीय बीएसएनएल आफिस डीडीयू नगर में जाकर बात न होने की जानकारी दी। सूचना पर जे डी ओ सेवानंद कमालपुर टू जी मशीन का निरीक्षण कर बताए कि मशीन में गड़बड़ी आ गई है जल्द ठीक करा दिया जाएगा। कर्मचारियों ने आकर जांच की तो बताएं कि टू जी मशीन खराब है जल्द व्यवस्था कर दी जाएगी। कुछ दिन बाद बताए गए कि टू जी की मशीन नई नहीं आ रही है। भुक्तभोगी बी एस एन एल के जीएम वाराणसी से टेलीफोन पर बात कर जानकारी किया तो जीएम ने साफ शब्दों में जवाब दिए कि जहां-जहां पर टू जी मशीनें खराब हो गई है अब नई मशीने नहीं आ रही हैं कि लगाई जाय।



फरियादियों की फरियाद सुनते अधिकारी । छाया:आज

जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए करूंगा सहयोग-अश्वनी

दुल्हीपुर। मां शिक्षा शक्ति ट्रस्ट की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी अश्विनी शुक्ला ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं बच्चों की बौद्धिक क्षमता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती हैं। शिक्षा ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम है। अश्विनी शुक्ला ने मां शिक्षा शक्ति ट्रस्ट के सामाजिक एवं शैक्षिक प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा, प्रतिभा निखारने और ट्रस्ट के जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वह हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

सैयदराजा । थाना सैयदराजा पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी के माल की बरामदगी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बतातें चले कि विगत् 29 अक्तूबर को थाना मुगलसराय पर वादी द्वारा तहरीर दी गई थी कि 26/27/10/26 की रात्रि में वादी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा घुसकर बैग में रखे आभूषण, नकदी रुपये व मोबाइल चोरी कर लिए गए थे। उक्त तहरीर के आधार मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी । थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में 10 नवम्बर को थाना सैयदराजा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सैयदराजा पर पंजीकृत चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए नौबतपुर स्थित एक दुकान से विशाल कुमार नामक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया एक सफेद धातु का बच्चों का करधनी/कमरबंद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दीपावली बीतते ही छठ की बज गयी घंटी, सरकारी महकमा सतर्क

कमालपुर। हिंदू पर्वों की मान्यताओं में दीपावली पर्व धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। हफ्ताभर से सरकारी अमला का पर्व को सकुशल संपन्न कराने मे पसीना बह गया, तब तक छठ पर्व को लेकर शासन प्रशासन की तरफ से घंटी बजने लगी सरकारी महकमा हो गया बेचैन। पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं काफी व्यस्त दिखाई देने लगी है। नदी, तालाब, नहर जैसे स्थान जहां पर पानी का ठहराव किनारे पहुंच कर अपना आधिपत्य कायम कर वेदी बनाना आरम्भ कर दिया है और सगे संबंधी, रिश्तेदारी में आमंत्रण भेजने लगें। जिला प्रशासन घूम घूम कर छठ पर्व के स्थलों का निरीक्षण करते हुए गावों में स्थित तालाबों,की साफ सफाई कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों, अधिकारियों को युद्ध स्तर लगा दिया गया है। बाजार में व्यापारी दगधा का परवाह न करते हुए सोमवार को कस्बा कमालपुर की सभी दुकानें खुली हुई थी जिसमें हर दुकानों में ग्राहकों की दीपावली से ज्यादा भीड़ देखने को मिली। चट्टी चौराहों तथा वाहनों में छठ गीत की धुन सुनाई देने लगी है। फल के व्यापारी सोमवार को ही घर छोड़कर दूर दराज से छठ पर्व का फल खरीदारी करने के लिए निकल पड़े हैं। दीपावली गोबर्धन पूजा,काली पूजा,भैया दूज के साथ छठ पर्व की आगाज दूर दराज नौकरी करने वालों के लिए काफी मुसीबत बन गया है। शासन द्वारा अतिरिक्त ट्रेनें, सरकारी रोडवेज बस चलाने की व्यवस्था की गई है इसके अलावा किसी भी ट्रेन में बीस दिन के अंदर कोई सुरक्षित सीट नहीं मिल रहा है ।

संक्षिप्त

डाला छठ पर चरमराई रेलवे की व्यवस्था

चंदौली। छाला छठ के महापर्व पर देश विभिन्न स्थानों से अपने घर को वापस लौट रहे कामगारों की भारी भीड़ के चलते ट्रेनों में जगह नहीं मिलने से बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेनों के शौचालयों तक में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। ऐसी ही एक बानगी (झलक) ट्रेन पटना फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के डीडीयू जंक्शन पहुंचने पर देखने को मिली, जहां सामने आई तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं कि किस प्रकार कामगार शौचालय के अंदर बैठकर यात्रा करने की बेबसी झेल रहे हैं। पर्व के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, ट्रेनों में भीड़ का यह दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में रेल प्रशासन के लिए इस भारी भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। हालांकि,यह कोई पहला अवसर नहीं है जब रेलवे प्रशासन को पर्वतीय सीजन या महाकुंभ जैसे आयोजनों के दौरान इस प्रकार की भारी भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

जिला स्तरीय रोजागार मेला कराने का मंत्री ने दिया निर्देश

सकलडीहा। विधान सभा में आगामी 20 से 30 नंवबर के बीच में सकलडीहा पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कराया जायेगा। इसको लेकर मंत्री अनिल राजभर ने श्रम सेवा योजना विभाग के अधिकारियों को युवाओ और छात्रों की मांग पर कराये जाने का निर्देश दिया है। इस रोजगार मेला में युवकों को विभिन्न कंपनी के माध्यम से चयन किया जायेगा। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जिले के युवाओ को रोजागार से जोड़ने के लिये श्रम एवं सेवा योजना विभाग के अधिकारियों को बुलाकर जिला स्तरीय रोजगार मेला कराये जाने का निर्देश दिया।

नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा का शुभारंभ



चकिया। क्षेत्र के हेतिमपुर स्थित बाबा जागेश्वर नाथ धाम में मंगलवार को बाबा जागेश्वर नाथ सेवा समिति की ओर से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। धार्मिक आयोजन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश वंदना एवं व्यासपीठ पूजन के साथ हुई। इसके बाद धाम के महंत एवं मंदिर प्रबंधक अनूप गिरी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित सुखेन त्रिपाठी महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, आदर्श और संस्कारों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श है। उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। संगीतमय कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए। इस अवसर पर श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह, महामंत्री रामभरोस जायसवाल, जयशंकर प्रसाद, राजेश यादव, सुशील विश्वकर्मा, धर्मेंद्र मोदनवाल, जयप्रकाश पाल, राजेश मिश्रा, दिनेश मोदनवाल, किशन मोदनवाल, शैलेंद्र सिंह, योगेंद्र बहादुर सिंह, संतोष दुबे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समाजसेवी,पत्रकार को मातृशोक

धानापुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा खड़ान निवासी समाजसेवी व एक हिन्दी दैनिक अखबार के पत्रकार डॉ ओम प्रकाश मौर्य की 90 वर्षीया माता तेतरा देवी का निधन मंगलवार को सायं चार बजे हो गया था जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 10 बजे धानापुर के नरौली गंगा घाट पर किया गया । उनकी शव यात्रा में कई समाजसेवी, जनप्रतिनिधि पत्रकार एवं नाते रिस्तेदारो सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

शार्ट सर्किट से प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में लगी आग

मुगलसराय। कोतवाली क्षेत्र के रामनगर औद्योगिक नगर फेज-1 स्थित एफ-55 श्री संकट मोचन इंडस्ट्रीज में बुधवार भोर में प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट से लगी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मुगलसराय फायर स्टेशन से छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक फैक्ट्री में रखा सामान और मशीनें जलकर खाक हो चुकी थीं। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

साइबर क्राइम टीम ने चलाया जागरुकता अभियान

मुगलसराय। कोतवाली परिसर में साइबर क्राइम टीम ने ऑटो चालकों के लिए जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने उन्हें साइबर ठगी के तरीकों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। टीम ने बताया कि साइबर ठग ऑटो बुकिंग के नाम पर व्हाट्सएप से संदिग्ध मैसेज और लिंक भेजते हैं। अनजान लिंक खोलने से मोबाइल हैक हो सकता है और निजी जानकारी, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी व अन्य डेटा चोरी हो सकता है। ऑटो चालकों से कहा गया कि किसी अनजान व्यक्ति का भेजा लिंक जांचे बिना न खोलें। संदिग्ध कॉलए फर्जी मैसेज, ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर ठगी और खोए हुए मोबाइल फोन से जुड़े साइबर अपराधों से भी सतर्क रहें। इस दौरान थाना प्रभारी अर्जुन सिंह, साइबर सेल के उपनिरीक्षक अभिषेक शुक्ला,हेड कांस्टेबल पवन यादव और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक की बैठक

सकलडीहा। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकलडीहा में बुधवार को अवकाश के दिन भी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके प्रसाद की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आशा,आशा संगिनी और एएनएम की उपस्थिति में आगामी स्वास्थ्य निरीक्षण की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके प्रसाद ने जानकारी दी कि आगामी दो सप्ताह के भीतर भारत सरकार की 7 सदस्यीय सीआरएम टीम स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए आ रही है। यह टीम सीएचसी, पीएचसी आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सब सेंटरों का दौरा करेगी। डॉ. प्रसाद ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र की साफ-सफाई, वार्ड, दवा वितरण कक्ष,जांच कक्ष तथा ऑपरेशन कक्ष की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सरकार की योजनाओं को आम जनता और अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करें। इस अवसर पर डॉ. प्रसाद ने यह भी बताया कि अवकाश (बुधवार) के बावजूद जनहित को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में ओपीडी सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। बैठक में एचसीओ रजनीकांत राय, एआरओ अमित मिश्रा, बीसीपीएएम शाहिद आलम अंसारी सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

श्रद्धा, विधि-विधान से संपन्न हुआ भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन समारोह

मुगलसराय। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में उमा जगत निकेतनए संस्कृत नगर, भोगवार, मुगलसराय में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन समारोह धार्मिक परंपराओं एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आराधना कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता, अखंडता एवं कल्याण की कामना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त जी समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले तथा न्याय एवं धर्म के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन दर्शन सत्य, निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता का संदेश देता है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ कायस्थ समाज की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता एवं संगठनात्मक मजबूती का परिचायक रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, महासचिव सुनील श्रीवास्तव एवं युवा अध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव गुरुजी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. आनंद श्रीवास्तव, रतन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, देवेंद्र नाथ श्रीवास्तव, आदित्य नारायण श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रतन श्रीवास्तव एवं राकेश श्रीवास्तव सहित समस्त कायस्थ परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं संगठनात्मक एकजुटता को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।



सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा का अनूठा अभियान

सकलडीहा। क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन का एक अलग और सकारात्मक चेहरा देखने को मिला। क्षेत्राधिकारी सकलडीहा कृष्ण मुरारी शर्मा ने वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे राहगीरों को न केवल रोका,बल्कि उन्हें प्रेमपूर्वक हेलमेट पहनाकर सुरक्षित सफर का संदेश दिया। सीओ के इस मानवीय और अनूठे अंदाज की पूरे इलाके में सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उनकी नजर कई ऐसे वाहन चालकों पर पड़ी जो बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे। आमतौर पर ऐसे मामलों में पुलिस चालान काटकर कार्रवाई करती है,लेकिन सीओ ने चालान काटने के बजाय लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। उन्होंने बिना हेलमेट मिले राहगीरों को रोककर प्यार से समझाया कि हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं,बल्कि आपकी अपनी जान की सुरक्षा के लिए है। इसके बाद उन्होंने कई वाहन चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनाया और भविष्य में कभी भी बिना हेलमेट के गाड़ी न चलाने की सख्त हिदायत दी। सीओ के इस संवेदनशीलता और जन-जागरूकता वाले कदम से मौके पर मौजूद लोग भी प्रभावित हुए। चालकों ने भी अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करने का संकल्प लिया।

छठ पूजा को लेकर सरोवरों की युद्ध स्तर पर करायी जा रही सफाई

धानापुर । क्षेत्र में लोक आस्था के महा पर्व छठ को लेकर गंगा घाटों सहित गाँवो में स्थित तालाब व सरोवरो, नहरों के किनारे, साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। गांव के प्रधान एवं स्वंय सेवी संगठनों के युवकों की टीमें मोर्चा संभाल लिया है, और गंगा घाटों, तालाब सरोवरो के अन्दर फैले कचरा, सेवार, करेम व जलकुम्भी, की सफाई के साथ घाटों के आस पास सफाई में जुट गये है। जिससे व्रती महिलाओ को कोई असुविधा नहीं हो। बताया जाता है कि आगामी 15 व 16 नवंबर को छठ पर्व पड़ रहा है उसकी तैयारियों के मद्देनजर धानापुर क्षेत्र के दीया प्रसहता, बुद्धपुर, वीर डम्हारी घाट, नरौली, अमादपुर, मेढ़वा, सोनहुली गुरैनी गंगा घाट सहित धराव, निदिलपुर, करी नेकनामपुर, बीरना, देवरापुर, अमरा, शहीद गांव, लोकुआ, खड़ान, कान्धारपुर आदि गाँवो के अमृत सरोवरो की साफ सफाई युद्ध स्तर पर चल रही है। जिससे व्रती महिलाओ को परेशानियों का सामना न करना पड़े। बसंत राम नगीना पीजी कालेज धराव के प्रबंधक सुनील सिंह व प्रधान साहब यादव ने बताया कि अपने निजी खर्च पर इस विशाल सरोवर के अन्दर मौजूद जलकुम्भी, सेवार, एवं कचरा की सफाई आधा दर्जन मजदूर लगाकर विगत दो तीन दिनों से कराया गया है। वही घाट के किनारे साफ-सफाई, के बाद छठ पर्व के मौके पर पूरे सरोवर के चारो तरफ प्रचूर मात्रा में जनरेटर ट्यूब लाइट, एवं हैलोजन की व्यवस्था हर वर्ष की भांति की जाएगी जिससे घाट पर आने वाले श्रद्धांलुओं को कोई दिक्कत नहीं हो सके । धानापुर थानाध्यक्ष ए के मिश्रा अपने हमराहीयों के साथ बुधवार को क्षेत्र के सभी छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया और गंगा घाट व सरोवर के अन्दर बेरीकेटिंग करने के लिए आयोजको को निर्देश दिया ।



पारिवारिक रिश्तों को पुलिस की पहल ने बचाया

चहनियां। बलुआ पुलिस की पहल से पारिवारिक रिश्तों में आयी कड़वाहट समाप्त होकर खुशियां वापस लौट आईं। थाना बलुआ के मिशन शक्ति केंद्र ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर पुरानी गलतफहमियां दूर कराईं। इसके बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद भुलाकर नए सिरे से साथ रहने का निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही बिछड़े दंपतियों को मिलाने और पारिवारिक विवादों को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में एक महिला ने अपने पति और परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बलुआ के मिशन शक्ति केंद्र ने दोनों पक्षों को नोटिस और मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना देकर थाने पर बुलाया। यहां पुलिसकर्मियों ने पति-पत्नी और उनके परिजनों को पारिवारिक मूल्यों, आपसी विश्वास तथा रिश्तों में सम्मान के महत्व को समझाया। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उनके बीच सुलह कराने का प्रयास किया गया। पुलिस की समझाइश और लगातार प्रयास से दोनों पक्षों के बीच बनी दूरियां कम हुईं।

दो महीने पहले बनी सड़क दो दिन में क्षतिग्रस्त

चहनियां। चहनिया खंडवारी गांव सभा में बीस वर्ष के इंतजार के बाद विगत दो माह पहले नवनिर्मित सड़क दो दिन में क्षतिग्रस्त हो गई । हाइवे निर्माण में लगे कार्यदायी संस्था एफ्को कंपनी की डंफर गाड़ी से मिट्टी एक व्यक्ति को बेचने के चक्कर सड़क क्षतिग्रस्त कर दिया । जब लोगो ने विरोध किया तो सड़क निर्माण का आश्वासन देकर गायब हो गए। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क निर्माण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया । चहनिया कस्बा में पीडीयूनगर मुख्य मार्ग से लिंक रोड खंडवारी बंधवापर जाने वाला मार्ग विगत बीस वर्ष से क्षतिग्रस्त था । मार्ग में एक फीट तक गड्ढा था । गिट्टियाँ बिखरी पड़ी थी । बरसात में मार्ग पर पानी भर जाता था । लोग गिरकर चोटिल होते थे । जिसे ग्रामीणों के प्रयास से मार्ग का निर्माण हुआ । सड़क निर्माण के बाद ग्रामीणों में इतनी खुशी हुई कि लोगो ने जन प्रतिनिधियों सहित प्रशासन तक को बधाई दिया । किन्तु सड़क बनने की दो माह बाद ही सड़क क्षतिग्रस्त हो गया । चंदौली से चहनिया तिरगांवा तक हाइवे निर्माण में लगे कार्यदायी संस्था एफ्को कंपनी के द्वारा एक व्यक्ति को बेचने के चक्कर में डंफर से ही मिट्टी इस मार्ग से भेजने लगे । जो करीब डेढ़ सौ मीटर सड़क पुन: क्षतिग्रस्त हो गया । यह इस कदर क्षतिग्रस्त हो गया कि पहले से भी बद्तर स्थिति हो गई । ग्रामीणों ने मार्ग की दशा को दिखाते हुए कहा कि सरकार के धन से बना यह सड़क पर बरसात के समय चलने लायक नहीं रह गया है । एफ्को कंपनी द्वारा डम्फर से मिट्टी बेचने के चक्कर में मार्ग फिर से क्षतिग्रस्त कर दिया है । हाइवे निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद ये चले जाएंगे । कहा कि यदि मार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा नहीं हुआ तो ग्रामीणों संग सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर पुन: सड़क निर्माण की मांग की है ।



टांडा-कैथी गंगा घाट पर पीपा पुल निर्माण कार्य शुरू

चहनियां। टांडा-कैथी गंगा घाट पर गंगा नदी में पांटून पीपा पुल जोड़ने का निर्माण कार्य सोमवार से शुरू कर दिया गया है। पुल के तैयार होते ही इस मार्ग पर जल्द ही आवागमन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के प्रयासों से लगभग 5 वर्ष पूर्व इस घाट पर पीपा पुल का निर्माण कराया गया था। हर वर्ष मानसून और बाढ़ के मौसम को देखते हुए 15 जून की मध्यरात्रि को इसे हटा दिया जाता है। अब गंगा नदी का जलस्तर सामान्य होने के बाद बीते सोमवार से पीडब्ल्यूडी और संबंधित टीम द्वारा पीपा पुल जोड़ने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। पीपा पुल के हटने से चंदौली और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को वाराणसी,जौनपुर तथा आजमगढ़ जाने के लिए लगभग 25 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। इसके अलावा, प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शामिल मार्कंडेय महादेव धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सैदपुर या चौबेपुर होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। पुल का निर्माण कार्य शुरू होने से श्रद्धालुओं और दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। घाट दरोगा दीना सिंह ने बताया कि पांटून पीपा पुल जोड़ने का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। यदि मौसम अनुकूल रहा, तो आगामी 20 दिनों के भीतर पुल का निर्माण पूरा कर इसे आम जनता के आवागमन के लिए पूरी तरह से खोल दिया जाएगा।

एसडीएम,सीओ की मौजूदगी में बैठक

सकलडीहा। आगामी लोक आस्था के महापर्व 'डाला छठ' को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को सकलडीहा थाने पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह और क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा की संयुक्त उपस्थिति में हुई इस बैठक में क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक और विभिन्न घाटों के पूजा समितियों के सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन के मार्गों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों से संवाद करते हुए घाटों की स्थिति का जायजा लिया और निर्देश दिए कि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय रहते सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। एसडीएम और सीओ ने संयुक्त रूप से सभी से अपील की कि पर्व को आपसी सौहार्द और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें। पुलिस प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम और गोताखोरों की तैनाती का भी प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



गाजीपुर समाचार

छठ महापर्व को लेकर नगर पालिका मुस्तैद

गाजीपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पालिका परिषद गाजीपुर ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए गंगा घाटों पर विशेष साफ-सफाई, प्रकाश और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार राय ने सफाई एवं राजस्व निरीक्षक रविन्द्र कुमार सोनकर तथा अवर अभियंता सिविल प्रमानन्द के साथ सिकंदरपुर, साईं मंदिर, ददरी, चीतनाथ और कलेक्टर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर वार्ड संख्या पांच के सभासद सन्नी कुमार चौरसिया तथा वार्ड संख्या 13 के सभासद संदीप कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। नगर पालिका की ओर से घाटों की सीढ़ियों पर जमी सिल्ट और कीचड़ हटाने के साथ चूने का छिड़काव कराया जा रहा है। वहीं, गंगा के जलस्तर को देखते हुए श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग कराई जा रही है। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व से पहले सभी घाटों पर सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- दीपावली का त्योहार सकुशल संपन्न होने के बाद अब छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नंदगंज पुलिस काफी सतर्क हो गई है। क्योंकि क्षेत्र में छठ की पूजा हेतु आसपास की छठ वर्ती महिलाएं अपने परिजनों के साथ बाजार में फलों आदि की खरीदारी करने आती रहती है। जिससे बाजार में अभी से भीड़ के साथ चहल पहल बढ़ गयी है। इसलिए थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल प्रतिदिन शाम को बाजार में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है।

एसडीएम ने आगामी छठ पूजा के दृष्टिगत घाट का किया निरीक्षण

मोहम्मदाबाद गाजीपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर तहसील प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। आगामी छठ महापर्व के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी एसडीएम मोहम्मदाबाद रणविजय सिंह ने गौसपुर स्थिति गंगा घाट नदी घाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश लाइटिंग और श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्गो की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व घाट पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- लोक आस्था के महापर्व डाला छठ को लेकर नपं के अध्यक्ष अविनाश जायसवाल ने बुधवार को माई जी कुटिया स्थित दोनों पोखरों निरीक्षण कर साफ सफाई कार्य का जायजा लिया।

छह वर्षो से मजदूरों के सम्मान की परंपरा निभा रहे हैं टाइल्स ठेकेदार मन्नू

गाजीपुर। भाई दूज के अवसर पर मजदूरों के सम्मान में एक सराहनीय पहल की गई। बंशीचंद पोखरा स्थित एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में सौ से अधिक मजदूरों और टाइल्स मिस्त्रियों को मिठाई एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक टाइल्स फिटिंग ठेकेदार मन्नू विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में अक्सर मजदूरों को उचित सम्मान नहीं मिल पाता, जबकि ऊंची-ऊंची इमारतों के निर्माण में उन्हीं के पसीने और मेहनत की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के योगदान को देखते हुए उनका सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। इसी सोच के साथ वह पिछले छह वर्षों से लगातार मजदूरों का सम्मान करते आ रहे हैं। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हर्षित सिंह ने कहा कि मन्नू की यह पहल बेहद सराहनीय है। इससे समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य शिवम राय ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ हैं। इनके बिना विकास और निर्माण कार्यो की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

दीपावली पर हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर जलाया एकता का दीपक

ताजपुर देहमा (गाजीपुर)। देश के कई हिस्सों में जहां धर्म के नाम पर दीवारें खड़ी करने की कोशिश की जा रही है, वहीं गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के महेंद्र गांव ने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता की अनूठी मिसाल पेश की है। दीपावली के शुभ अवसर पर गांव में आयोजित भव्य रंगमंच कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ शामिल होकर त्योहार मनाया और समाज को एकता का संदेश दिया। इस आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच पर रामायण के प्रसंगों पर आधारित नाटक और भजन प्रस्तुत किए गए। वहीं मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। मुस्लिम युवाओं ने मंच की सजावट से लेकर लाइट और साउंड की व्यवस्था तक की जिम्मेदारी संभाली।

दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर स्वदेशी का संदेश

स्वदेशी जागरण मंच ने आर्थिक स्वावलंबन और किसान हितों पर दिया जोर उतरांव, गाजीपुर। स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत की ओर से राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती बुधवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान संचार क्षेत्र में एलन मस्क की कंपनी के भारत में प्रवेश के लिए आवेदन के विरोध में एलन मस्क का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के पूर्णकालिक कृपाशंकर सिंह ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी का चिंतन आज भी प्रासंगिक है। किसानों की आय, कृषि लागत, बाजार व्यवस्था, सिंचाई, भंडारण और कृषि आधारित उद्योग जैसे मुद्दे आज भी महत्वपूर्ण हैं।

यम द्वितीया पर श्रद्धा के साथ पूजे गये भगवान चित्रगुप्त

गाजीपुर। ददरी घाट स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में सोमवार को श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का वार्षिक सार्वजनिक पूजनोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। परमपिता ब्रह्मा की काया से उत्पन्न तथा धर्मराज के लेखाकार माने जाने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और चित्रांश बंधुओं ने भाग लिया। समारोह में सदर विधायक जयकिशुन साहू मुख्य अतिथि तथा भगवद्गीता के विद्वान आचार्य गोपाल जी शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुबह से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम 5ः30 बजे आयोजित मुख्य पूजन समारोह में नगर के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। देर रात तक दर्शन, पूजन और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण जनपद की प्रतिभाशाली बेटी और वाराणसी में कार्यरत लोको पायलट श्रेणी श्रीवास्तव का सम्मान रहा। वंदे भारत ट्रेन के कुशल संचालन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था की ओर से मुख्य अतिथि ने उन्हें स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022477

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

नोएडा वालों के लिए बड़ी खबर- ग्रेटर नोएडा मेट्रो के विस्तार को कैबिनेट की मंजूरी

नोएडा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दी है। यह विस्तार नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-04 तक होगा। इसकी लंबाई 8.449 किलोमीटर होगी और इसमें पांच एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे। इस कॉरिडोर के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में 71.878 किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना पर 2390 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह विस्तार शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति है। नोएडा के सेक्टर 51 से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 4 तक यह लाइन बढ़ेगी। इस क्षेत्र में कई आईटी कंपनियां और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित हैं। इन सभी को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। एक्वा लाइन का विस्तार दिल्ली क्षेत्र के हवाई अड्डों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगा। इस स्थल पर एक विशाल मल्टीमॉडल परिवहन हब भी विकसित किया जा रहा है। इसमें एक मेगा रेलवे टर्मिनल भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मेट्रो प्रणाली में निवेश से मध्यवर्गीय परिवारों, गरीबों और युवाओं को सीधा लाभ मिला है। यह महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा का साधन भी प्रदान करता है।यह परियोजना नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में सार्वजनिक परिवहन में सुधार करेगी। वर्तमान में इन शहरों में कुशल कनेक्टिविटी की कमी है। यह नोएडा सेक्टर-61 ब्लू लाइन पर इंटरचेंज सहित उच्च मांग वाले कॉरिडोर से सीधा जुड़ाव प्रदान करेगी। यह चरण नोएडा के प्रमुख क्षेत्रों को एकीकृत करेगा। इसमें वाणिज्यिक हब, एमएनसी और आईटी हब शामिल हैं। शैक्षणिक संस्थान और स्वास्थ्य सुविधाएं भी इससे जुड़ेंगी। यह विस्तार गौर सिटी मॉल, एच एंड एस मॉल और ब्लू सफायर मॉल जैसे वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगा। आईकेईए नोएडा सेक्टर-51 और एंथुरियम मॉल नोएडा सेक्टर-73 भी इससे जुड़ेंगे। टेक महिंद्रा और टीसीएल टेक जैसे प्रमुख आईटी हब को भी लाभ मिलेगा। कैलाश अस्पताल, रामा अस्पताल और क्लाउड9 अस्पताल जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं भी जुड़ेंगी। क्लीओ काउंटी रेजिडेंस और गौर सिटी 1 व 2 जैसी आवासीय सोसायटियां भी मेट्रो नेटवर्क से जुड़ेंगी।

५० हजार के इनामी गौ-तस्कर गैंग का सरगना गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। यूपी एसटीएफ ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी और पशु व गौवंश तस्करी के संगठित गिरोह के सरगना रेहान को कानपुर नगर से गिरफ्तार कर लिया है। रेहान लंबे समय से फरार चल रहा था और कानपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में छिपकर रह रहा था।यूपी एसटीएफ को कई दिनों से फरार इनामी आरोपी के बारे में सूचनाएं मिल रही थीं। इसी पर एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों को अभिसूचना संकलन और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में टीम ने कानपुर नगर में अभिसूचना संकलन शुरू किया। इसी दौरान जानकारी मिली कि कौशाम्बी के थाना कोखराज में गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार का इनामी रेहान थाना जूही, कमिश्नरेट कानपुर नगर क्षेत्र में छिपा है।

असममें इंजन समेत पटरी से उतरे सैरांग-कोलकाता एक्सप्रेस के 6 डिब्बे

गुवाहाटी (एजेंसी)। बुधवार सुबह असम में एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। गुवाहाटी के बाहरी इलाके दिगारू के पास कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के पांच डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गए। संचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मिजोरम से कोलकाता जा रही यह यात्री ट्रेन अपने इंजन (लोकोमोटिव) समेत पटरी से उतर गई। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के सीपीआरओ का कहना है, 11 नवंबर की सुबह लगभग 06ः54 बजे, असम के दिगारू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 13125 कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस को एक दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए रोका जा रहा था। इस दौरान लोको पायलट ट्रेन की गति को नियंत्रित नहीं कर सके, जिससे ट्रेन पटरी से उतर गई। अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन कई यात्रियों के घायल होने की आशंका है। कई यात्रियों के घायल होने की खबर है, लेकिन घायलों की सही संख्या और ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

अब लड़ाई ८० बनाम २० की नहीं ९५ बनाम पांच की है-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में मन बना चुकी है। अब लड़ाई 80 बनाम 20 की नहीं 95 बनाम 5 की है । इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा का पता नहीं लगेगा। उन्होने कहा कि भाजपा बेईमानी और धांधली से चुनाव जीतती है। एसआईआर में भाजपा बेईमानी करना चाहती थी लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पीडीए प्रहरियों ने अपना वोट बचा लिया। उन्होने वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि आधार कार्ड मेटल के बनाए जाएं जिससे नकली आधार कार्ड ना बन सके। सभी लोगों का आधार कार्ड और बायोमेट्रिक है, तो वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है, जब बात डिजिटल इंडिया की हो रही है और दुनिया के बराबर बनने की बातें हो रहीं है तो वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि एसआईआर के दौरान एक करोड़ 27 लाख वोट




कट गए, अगर इतने वोट कट गए हैं तो समाजवादियों ने एसआईआर के दौरान जो सवाल किए थे मुख्यमंत्री जी उसी के साथ खड़े हो जाएं। समाजवादियों के सवालों का समर्थन करें। उन्होने कहा कि भाजपा पीडीए से घबराई हुई है। भाजपा की हार देखकर मुख्यमंत्री जी की भाषा और व्यवहार बदल गया है। यह बातें उन्होने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त कीं। उन्होने उत्तर प्रदेश का किसान, युवा, मजदूर, व्यापारी परिवर्तन चाहता है। जनता 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। प्रदेश की जनता तैयार बैठी है, भाजपा का अंत आने वाला है। भाजपा सरकर में अन्याय, अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। मुख्यमंत्री को एंप्लॉयमेंट रेट और अनएंप्लॉयमेंट रेट की जानकारी नहीं है। उन्होने आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए। यूपीडा के ठेकों में साढ़े सत्रह हजार करोड़ के टेंडर का आपस में बंदर बांट हो गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सब बर्बाद हो चुकी है। इस सरकार ने 26000 प्राइमरी स्कूल बंद कर गरीबों के बच्चों को शिक्षा से दूर कर दिया है। शिक्षा विभाग में लाखों नौकरियां कम कर दी हैं।

इजरायल में बिना नेतन्याहू बनेगी सरकार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल में बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने की कोशिश कर रहे विपक्षी गठबंधन ने सरकार गठन की प्रक्रिया के बीच संसद के अहम पदों को लेकर सहमति बना ली है. होने वाले प्रधानमंत्री गादी आइजेनकोट ने बताया कि 26वीं नेसेट यानी इजरायली संसद में किस नेता को कौन सी जिम्मेदारी दी जाएगी. इस समझौते में गादी आइजेनकोट के अलावा नफ्ताली बेनेट, यायर गोलान, एविग्डोर लिबरमैन और यायर लैपिड शामिल हैं. पांचों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि पूर्व मंत्री और यशर पार्टी के सांसद बनने जा रहे मटन कहाना को नेसेट का अगला स्पीकर बनाने पर सहमति बनी है. वहीं, पूर्व रक्षा मंत्री एविग्डोर लिबरमैन विदेश और रक्षा मामलों की अहम समिति के अध्यक्ष होंगे. बेनेट की पार्टी के नए सांसद लिरान अविशार बेन-होरिन को वित्त समिति की जिम्मेदारी दी जाएगी. इसके अलावा रॉय फोल्कमैन को हाउस कमेटी का अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी है. इस समिति की जिम्मेदारी संसद के कामकाज और उससे जुड़े मामलों को संभालने की होगी.अगले प्रधानमंत्री आइजेनकोट होंगे। गादी आइजेनकोट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने बदलाव और सुधार की राजनीति करने वाले अपने सहयोगियों के साथ अहम पदों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं. उन्होंने बताया कि समितियों की संरचना को इस सप्ताह हाउस कमेटी की बैठकों में अंतिम रूप दिया जाएगा. इसके बाद बुधवार को नेसेट के पूर्ण सत्र में मंजूरी के लिए प्रस्ताव रखे जाएंगे. गठबंधन ने कुछ विशेष समितियां बनाने पर भी सहमति जताई है, जिनकी जानकारी बाद में दी जाएगी. यह समझौता 26वीं नेसेट के शपथ ग्रहण समारोह से पहले हुआ है. संसद के स्पीकर पद को लेकर गठबंधन के भीतर कई दिनों से बातचीत चल रही थी. शुरुआत में नफ्ताली बेनेट और लिबरमैन इस पद के लिए यायर लैपिड के नाम का समर्थन कर रहे थे, लेकिन आइजेनकोट चाहते थे कि यह पद उनकी पार्टी के पास रहे। आखिरकार आइजेनकोट और लिबरमैन के बीच सहमति बन गई।

सीआरपीएफ खरीदेगी 'कामिकेज ड्रोन'

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अपनी निगरानी और ऑपरेशनल क्षमताओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। बल अब ओएफसी+आरएफ आधारित एफपीभी कामिकेज ड्रोन खरीदने की तैयारी कर रहा है। इन ड्रोन्स को मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर और हिंसाग्रस्त मणिपुर में तैनात करने की योजना है। इनके जरिए सुरक्षा बलों को दुर्गम इलाकों में रियल-टाइम हवाई निगरानी के साथ-साथ आतंकियों और उग्रवादियों के ठिकानों को सटीक निशाना बनाने की क्षमता मिलेगी। सीआरपीएफ मुख्यालय के कम्युनिकेशन एंड आईटी ब्रांच ने 5 नवंबर 2026 को जारी एक नोटिस में इन ड्रोन्स की खरीद प्रक्रिया से पहले ड्राफ्ट क्वालिफाइंग रिक्वायरमेंट्स और



टेक्निकल स्पेसिफिकेशंस पर कंपनियों, मूल उपकरण निर्माताओं और अन्य हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। सीआरपीएफ ने एफपीभी कामिकेज ड्रोन के लिए शुरुआती तकनीकी मानक तैयार कर लिए हैं। अब संबंधित कंपनियों से इन मानकों पर विस्तृत प्रतिक्रिया मांगी गई है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि केवल कम्प्लाइड या नॉट कम्प्लाइड लिखकर जवाब देना पर्याप्त नहीं होगा। कंपनियों को प्रत्येक तकनीकी पैरामीटर के संबंध में विस्तार से जानकारी देनी होगी। इसके अलावा कंपनियों को यह भी बताना होगा कि वे मूल उपकरण निर्माता हैं या विक्रेता। विक्रेता कंपनियों को संबंधित ओइएम का विवरण और उसकी ओर से जारी प्राधिकरण प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराना होगा। हवाई निगरानी के साथ सटीक हमले की क्षमता सीआरपीएफ की योजना इन ड्रोन्स का इस्तेमाल रियल-टाइम हवाई निगरानी के साथ-साथ सटीक हमलों के लिए करने की है। प्रस्तावित ड्रोन गाइडेड स्ट्राइक क्षमता से लैस होंगे। इनके जरिए सुरक्षा बल हाई-वैल्यू आतंकी और उग्रवादी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए एकतरफा सामरिक मिशन अंजाम दे सकेंगे।

यूपी में थर्ड फ्रंट, ओवैसी-चंद्रशेखर ने मिलाया हाथ,आज होगा ऐलान

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में बड़ा खेल होने जा रहा है। तीसरे मोर्चे की तैयारी है।

असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर विधानसभा चुनाव के लिए नया गठबंधन तैयार कर लिया है। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा कल लखनऊ में की जाएगी। दोनों नेता संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान करेंगे। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कल दपहर 12 बजे लखनऊ के दयाल पैराडाइस होटल में होगी। गठबंधन के नाम की भी घोषणा की जाएगी। इस नए मोर्चे के करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है।ओवैसी और चंद्रशेखर के साथ आने से यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे की चर्चा शुरू हो गई है। दोनों नेता कल गठबंधन की रूपरेखा और नाम का ऐलान करेंगे। इसके बाद चुनाव में मोर्चे की रणनीति और सीटों को लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के बीच माना जा रहा है। चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे की एंट्री से राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं।तीसरे मोर्चे में कुछ अन्य छोटे दलों और नेताओं को भी शामिल करने की बातचीत चल रही है। अगर ऐसा होता है तो यह मोर्चा प्रदेश के करीब 40 फीसदी दलित-मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने की कोशिश कर सकता है। असद ओवैसी की नजर यूपी की कम से कम 40 से 45 मुस्लिम बहुल सीटों पर है और चुनावी अभियान तेज कर दिया है। इससे पहले उन्होंने बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल होने की कोशिश की थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें साथ लेने से इनकार कर दिया था।

रजिस्ट्री संख्या डी. एल. 33004/99 Regd. No.: DL-33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-23102026-277360

CG-DL-E-23102026-277360

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग-II, खण्ड 3-उप खण्ड (ii)

PART II, Section 3 - Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5535] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 22, 2026/आश्विन 30, 1948

No.5535] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 22, 2026/ASVINA 30, 1948

रेल मंत्रालय

(उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 2026

का.आ. 5752(अ).- रेलवे अधिनियम, 1989 (1989 का 24) जिसे रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 द्वारा संशोधित किया गया है के तहत भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित राजपत्र अधिसूचना, संख्या का. आ. 2115 (अ) दिनांक 24 अप्रैल, 2026 जो की आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की गई थी जिसके सम्बन्ध में जिसमे उत्तर प्रदेश के विशेष रेल परियोजना जंघई-प्रतापगढ़-अमेठी (87 किमी) दोहरीकरण के क्रियान्वयन, अनुरक्षण, प्रबंधन एवं संचालन के लिए आवश्यक है यह भूमि तहसील इंडिया, जिला, प्रयागराज के जंघई तथा ग्राम सेमरी, बभनियाव तहसील मछलीशहर, जिला जौनपुर, राज्य उत्तर प्रदेश हेतु भूमि अधिग्रहण की सूचना दी गयी थी.

इसे अधिसूचित किया जाता है कि,

उक्त अधिसूचना में अधिग्रहण की जा रही विशेष रेल परियोजना का नाम अर्थात विशेष रेल परियोजना जंघई-प्रतापगढ़-अमेठी (87 किमी) दोहरीकरण के क्रियान्वयन, अनुरक्षण, प्रबंधन एवं संचालन के लिए आवश्यक है यह भूमि ग्राम सेमरी, बभनियाव तहसील मछलीशहर, जिला जौनपुर, राज्य उत्तर प्रदेश में स्थित है पढ़ा जाये तथा 20-ए अधिसूचना में प्रकाशित तहसील का नाम: हंडिया ग्राम का नाम: जंघई, जिला - प्रतापगढ़ 20-ए अधिसूचना को निरस्त माना जाय।

[फा. सं. 190-W/Land/Amethi-Pratapgarh/BSB-I]

3947-2026 श्याम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-II

शेष

कानपुर...

राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के साथ ही सुरक्षा संबंधी कार्रवाई की गई।घटना की सूचना पर प्रयागराज से वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौके के लिए रवाना हो गए। वहीं, डिप्टी सीटीएम कानपुर के नेतृत्व में राहत कार्य चलाया जा रहा है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए रेलवे की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्रीने की...

बने अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ उठी। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी और कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत इन अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर उपनिरीक्षक पद पर चयन हासिल किया है। उपनिरीक्षक पद पर चयन के बाद प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी से आठ लाख रुपये की बांड राशि जमा कराई गई थी। इस राशि की रिकवरी को लेकर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राहत देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या पर संवेदनशीलता दिखाते हुए रिकवरी माफ करने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से कुल 1057 पुलिसकर्मियों को रिकवरी से राहत मिली है। इनमें 1030 आरक्षी और 27 कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इन सभी ने परीक्षा के माध्यम से उपनिरीक्षक पद पर चयन प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के दौरान जमा कराई गई आठ लाख रुपये की बांड राशि की रिकवरी माफ होने से प्रत्येक अभ्यर्थी को आर्थिक राहत मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान जमा कराई गई बांड राशि की रिकवरी का विषय अभ्यर्थियों के लिए चिंता का कारण बना हुआ था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छह नवंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित 4543 नवचयनित उपनिरीक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा पुलिस बल को आधुनिक, सक्षम और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया था।

रबी सीजन...

और एनपीकेएस सहित पीएंडके उर्वरकों के 28 ग्रेड पर उर्वरक कंपनियों को निर्धारित दरों के अनुसार सब्सिडी दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों को उचित और रियायती कीमतों पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों में आए बदलाव को देखते हुए सब्सिडी दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएंडके उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना एक अप्रैल 2010 से लागू है। इसके तहत सरकार उर्वरक निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराती है।

मुद्रा योजना...

में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलने का अनुमान है। योजना के तहत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के पात्र सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपये तक के ऋण पर क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के माध्यम से ऋण देने वाली संस्थाओं को डिफॉल्ट के जोखिम से सुरक्षा मिलेगी। इसके दायरे में प्रधानमंत्री जन धन योजना के खाताधारकों को बैंकों की ओर से दिए जाने वाले 10,000 रुपये तक के ओवरड्राफ्ट और 10 लाख से 20 लाख रुपये के पोर्टफोलियो वाले स्वयं सहायता समूहों को दिए गए ऋण भी शामिल होंगे। सरकार ने मुद्रा योजना के तहत ऋणों पर वार्षिक गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, स्वयं सहायता समूहों के लिए शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उनके लिए पहले वर्ष में 0.25 प्रतिशत और इसके बाद 0.50 प्रतिशत वार्षिक शुल्क लागू रहेगा। कार्यशील पूंजी ऋणों के लिए गारंटी कवरेज वितरित राशि, जबकि सावधि ऋणों के लिए बकाया राशि के आधार पर तय होगा। इससे ऋण देने वाली संस्थाओं को उनके वास्तविक जोखिम के अनुरूप गारंटी मिलेगी। यह योजना 16वें वित्त आयोग की अवधि यानी वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले सभी पात्र ऋणों पर लागू होगी।

इतालवी...

और परिवार के पुराने खुशनुमा पलों का जिक्र है। इसके साथ ही उन्होंने उस बेहद दुखद क्षण को भी याद किया, जब प्रियंका गांधी ने उन्हें राजीव गांधी की हत्या की खबर दी थी। सोनिया के ये संस्मरण उनके निजी जीवन, प्रेम, पारिवारिक रिश्तों और जीवन के भावनात्मक पहलुओं को सामने लाते हैं।

अकेले...

प्रमाणित करने में विफल रही. याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसका जन्म 25 अप्रैल, 1977 को असम में हुआ था. अपने दावे के समर्थन में उसने 1966 और 1970 की वोटर लिस्ट पेश की थीं, जिनमें उसके दादा-दादी के नाम दर्ज थे. इसके अलावा, उसने अपने पिता का पैन कार्ड और वोटर आईडी, राशन कार्ड और हृस्ष्ट आवेदन की रिसीट भी सबूत के तौर पर पेश की थी. याचिकाकर्ता का कहना था कि उसके पिता भारतीय नागरिक थे. उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज था. उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी लड़े थे और गुवाहाटी नगर निगम में निर्वाचित पार्षद के रूप में भी काम किया था. हालांकि, फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने उसका दावा खारिज कर दिया था. ट्रिब्यूनल का कहना था कि वह अपने पिता के साथ जरूरी पारिवारिक संबंध साबित नहीं कर पाई. इसके आधार पर उसे 25 मार्च, 1971 के बाद भारत में प्रवेश करने वाला विदेशी घोषित किया गया था.

अमूलने...

पेमेंट बेहतर करने में मदद मिलेगी। अमूल द्वारा जारी बयान के अनुसार, दूध की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपये से चार रुपये तक का इजाफा किया गया है। यह वृद्धि उपभोक्ताओं को अब महंगा दूध खरीदने के लिए मजबूर करेगी। इस कदम से दूध और दूध से बने उत्पादों की लागत भी बढ़ सकती है। डेयरी सेक्टर में आमतौर पर सर्दियों का समय %फ्लश सीजन% माना जाता है, जब मवेशियों से दूध की आवक और उपलब्धता प्राकृतिक रूप से सुधर जाती है और कीमतें स्थिर रहती हैं। हालांकि, इस बार बाजार में दूध की आपूर्ति पर गहरा दबाव देखा जा रहा है और दुधारू पशुओं की उत्पादकता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। उपलब्धता कम होने से डेयरी सप्लाई चेन में गंभीर चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। मिल्क फैट में 20-25त्न की तेजीः पिछले कुछ महीनों में दूध की किल्लत के चलते मिल्क फैट की कीमतें 20 से 25 प्रतिशत तक उछल चुकी हैं। जब ताजे दूध की आवक घटती है, तो कंपनियां मिल्क पाउडर और फैट मिलाकर लिक्विड दूध तैयार करती हैं, लेकिन फैट महंगा होने से यह विकल्प भी भारी पड़ रहा है। पशु आहार की महंगाईः चारे और पशु आहार की बढ़ती कीमतों ने डेयरी किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है।

स्वच्छता...

जिसमें बीते साल अपना शहर 44 वें पायदान से छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच था। इस बार फिर शहर ने अपनी रैकिंग बरकार रखी और देश भर में फिर तीसरा स्थान पाया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर विशाखापट्नम और दूसरे पर जबलपुर है।

सपा सरकार...

बने थे। एक सिंडीकेट काम करता था जो सैफई सिंडीकेट था। योगी ने कहा कि 2017 के पहले शासन में मुन्ना भाई बैठे थे। नियुक्ति प्रक्रिया में भी ऐसे ही होता था। परीक्षा कोई देता, नियुक्ति पत्र कोई और ले जाता था। शासन में शिकायत करते थे। ये पाप शासन ही करवाता था। फिर आप न्यायालय जाते थे। न्यायालय स्टे करता था। गलत काम करने वाला पैसा लेकर विदेशी बैंकों में जमा कर देता था। उनकी प्रॉपर्टी दुनिया में बढ़ती थी। यूपी का युवा ठगा जाता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को चलाने के लिए जितने अधिकारियों- कर्मचारियों की जरूरत होती थी, उतने थे ही नहीं। 2017 में मैं गृह विभाग की बैठक ले रहा था। मुझे बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में ही डेढ़ लाख पद खाली हैं। उस समय की सपा सरकार ने दंगाइयों की काल मानी जाने वाली पीएसी बटालियन की 34 कम्पनियां समाप्त कर दी थीं। चार बार के सपा सरकार के कालखंड में 1500 दंगे हुए थे। आपने इस बार देखा होगा कि धनतेरस की बाजारों में चहल-पहल थी। आपने अयोध्या दीपोत्सव देखा होगा, दीपावली मनाई होगी। 2017 के पहले कोई भी त्योहार आता था, होली दीवाली, जन्माष्टमी, गुरुपर्व हो, इनसे पहले दंगे शुरू हो जाते थे। कर्फ्यू लग जाते थे। कर्फ्यू लग जाये तो कौन खरीदारी करेगा। आपने देखा होगा। यूपी में पिछले साढ़े नौ वर्ष में नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में अब सब चंगा।योगी ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव आपने देखा होगा। आप लोगों ने दीपावली मनाई और बहुत सारे लोग कह रहे हैं, इससे प्रदूषण हो गया। अरे हमने कहा कि प्रदूषण हो गया, वह समाप्त भी हो जाएगा, काहे चिंता कर रहे हो। जिन लोगों ने अपने भ्रष्ट कारनामों से पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया, उनको कोई बोलता नहीं और अगर लोग एक दिन पटाखा, आतिशबाजी कर लें तो प्रदूषण हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुआ तो समाप्त भी हो जाएगा, वो समस्या नहीं है। अच्छा किया लोगों ने, बहुत धूमधाम और धड़ाके के साथ दीपावली मनाई। खूब आतिशबाजी की और हम लोगों ने कहा, कोई प्रतिबंध नहीं लगाएंगे, खूब आतिशबाजी हुई। मैं भी अयोध्या में आतिशबाजी में था। जब गलत होता है उसको नहीं, लेकिन पर्व और त्योहार में कोई खुशी मनाता है तो लोगों को तब पॉल्यूशन याद आने लगता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मैंने कहा था अगले छह महीने के अंदर यानी 26 जनवरी तक एक लाख युवाओं को नियुक्तिपत्र और देंगे। उसी समय सैफई सिंडीकेट के सरगना की ओर से एक बयान आया कि नियुक्ति पत्र और कब देंगे ? तो मैंने कहा कि अगर गिनती आती हो तो गिनते रहो। वैसे भी जब हम नियुक्तिपत्र वितरित करते हैं तो उनके सोने का समय होता है। बड़े घर के लोग हैं। हो सकता है दीपावली के समय महाभारत के सारे रिश्ते मिलते हैं तो जुआ हो ही जाता है। जुआ खेलेंगे तो रात में देर हो ही जाएगी। देर से जगना भी होगा, तो उन्हें पता ही नहीं होता कि नियुक्ति पत्र वितरित हो गए, उन्हें याद नहीं रहता होगा!

आज
खेल-खिलाड़ी
खेल से ही है जीवन में खुशहाली
ajhindidaily.com
वाराणसी, १२ नवम्बर, २०२६ १०

अनुष्का करेंगी भारत 'ए' की कप्तानी

मुम्बई (एजेन्सियां)। इंगलैण्ड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सभी प्रारूपों की शृंखला के सीमित ओवरों के मुकाबलों में अनुष्का शर्मा को भारत 'ए' की कप्तानी सौंपी गयी है जबकि एकमात्र बहुदिवसीय मुकाबले में मीनू मणि टीम की अगुवाई करेंगी। भारत ए और इंगलैण्ड की टीमें पहले तीन मैचों की टी-२० अंतरराष्ट्रीय शृंखला में आमने-सामने होंगी। इस शृंखला के मुकाबले ३० नवम्बर तथा तीन और छह दिसम्बर को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में खेले जायेंगे। इसके बाद शृंखला के शेष मुकाबलों के लिए दोनों टीमें मुम्बई का रुख करेंगी। यहां वानखेड़े स्टेडियम में आठ, ११ और १४ दिसम्बर को तीन एकदिवसीय मैच खेले जायेंगे। दोनों टीमों के बीच एकमात्र बहुदिवसीय मुकाबले की शुरुआत १९ दिसम्बर से इसी मैदान पर होगी। तीनों प्रारूपों के लिए घोषित टीम में भारतीय आलराउंडर श्रेयंका पाटिल को शामिल किया गया है।

हार्दिक पंड्या पंजाबके हुए, अर्शदीप मुम्बई इण्डियंसमें

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। इण्डियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बहु प्रतीक्षित अदला-बदली (ट्रेडिंग) में आलराउंडर हार्दिक पंड्या १८ करोड़ रुपये की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गये हैं जबकि मुम्बई इण्डियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस १६.३५ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि में मुम्बई इण्डियंस से पंजाब किंग्स चले गये हैं जबकि अर्शदीप १८ करोड़ रुपये की मौजूदा कीमत पर मुम्बई से जुड़ गये हैं। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल राजस्थान रायल्स से संजू सैमसन को १८ करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रायल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को १४ करोड़ और सैम कुरेन



को २.४ करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। हार्दिक का इस तरह से मुम्बई इण्डियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार २०१५ में मुम्बई इंडियंस से

दोनोंकी मैच फीस १८-१८ करोड़ रुपये

जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस ३३ वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को २०१५, २०१७, २०१९ और २०२० में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुम्बई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक २०२२ में १५ करोड़ रुपये की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गये और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम २०२३ में फाइनल तक भी पहुंची थी। हार्दिक ने २०२४ में मुंबई इंडियंस में वापसी की थी और रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभाली थी लेकिन इस बीच उनकी टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। चोटों से परेशान रहे हार्दिक हालांकि परिस्थितियों से परेशान रहे। मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद उन्हें लगातार दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा। दूसरे सत्र में स्थिति थोड़ी बेहतर रही लेकिन तीसरे सत्र में हालात बिगड़ते चले गये। इस बीच ड्रेसिंग रूम में मतभेद की खबरें भी सामने आयी और यह स्पष्ट हो गया कि सीनियर खिलाड़ियों के बीच सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। इन खिलाड़ियों ने भारत की टी20 टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल थे, जिन्हें कप्तानी के लिए नजरअंदाज कर दिया गया था। रोहित को अचानक टीम से बाहर किये जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाये जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवत: आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है।



तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाये जाने की संभावना है। मुंबई की टीम पिछले सत्र में १४ मैच में केवल चार में ही जीत हासिल कर पायी थी। चोटिल होने के कारण हार्दिक अंतिम चरण के मैचों में नहीं खेल पाये थे। इन तमाम घटनाओं के बावजूद हार्दिक ने आईपीएल में खुद को मैच विजेता साबित किया है। उन्होंने आईपीएल में अभी तक १६२ मैचों में १४६.२८ के स्ट्राइक रेट से २९५५ रन बनाये हैं और ८२ विकेट लिए हैं। अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुम्बई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने २०१९ में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के ९६ मैच में १११ विकेट लिए हैं जो पंजाब किंग्स की तरफ से रेकार्ड है। उन्होंने २०२५ के सत्र में २१ और २०२६ में १४ विकेट लिए। यह २७ वर्षीय खिलाड़ी टी-२० प्रारूप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने १०४ मैचों में १५१ विकेट लिए हैं।

कानवे, रचिन भारतके खिलाफ टेस्ट टीम में

वेलिंगटन (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंगलैण्ड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, कानवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टाम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पायेंगे। वेलिंगटन में १९ नवम्बर से शुरू होने वाली इस शृंखला में न्यूजीलैण्ड की १४ सदस्यीय टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। कानवे (सिर में चोट), रविंद्र (कंधे में चोट) और ब्लंडेल (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) अभी चोटों से उबर रहे हैं। न्यूजीलैण्ड टीम-टाम लैथम (कप्तान), टाम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कानवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, विल यंग।

आर्यवीर सहवागपर रहेगी नजर

अण्डर-१९ एशिया कप
भारत-अफगानिस्तानके बीच सेमीफाइनल आज

अल अमेरात (एजेन्सियां)। पिछले मैच में शतक ठोककर सुर्खियां बटोरने वाले आर्यवीर सहवाग अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले पुरुषों के अण्डर-१९ एशिया कप सेमीफाइनल में आकर्षण का केंद्र होंगे। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में यूएई के खिलाफ १६८ गेंद पर १६० रन बनाएये और इस तरह से भारत को ७० रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सहवाग ने अभी तक तीन पारियों में नाबाद ७०, २२ और १६० रन बनाये हैं। इस तरह से वह अभी तक २५२ रन बना चुके हैं। भारत ने ग्रुप चरण में नेपाल



और यूएई को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की लेकिन उसे अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आर्यवीर के अलावा अर्जुन राजपूत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ १०७ रन बनाये। तेज गेंदबाज ईशान सूद और बाएं हाथ के स्पिनर मनल चौहान ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने क्रमश: आठ और पांच विकेट लिए हैं। भारत को ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे अफगानिस्तान के खिलाफ इन दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में फैसल रहीमी और सुभान जखैल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि नूर अली १३ विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए हैं। आमिर हमजा ने भी पांच विकेट लिए हैं। नेपाल के खिलाफ जीत में भारत के गेंदबाजी आक्रमण का अहम योगदान रहा, जिसने विपक्षी टीम को 128 रन पर आउट कर दिया था। इसके बाद कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और सहवाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को आसान जीत दिलाई थी। यूएई के खिलाफ भी भारत के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और आर्यवीर की बड़ी पारी की मदद से सात विकेट पर ३०९ रन बनाये थे। पाकिस्तान के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने हालांकि भारत की बल्लेबाजी कमजोर नजर आयी और टीम २०८ रन पर आउट हो गयी। अफगानिस्तान के दमदार गेंदबाजी आक्रमण के सामने भी भारत के शीर्ष क्रम की कड़ी परीक्षा होगी। भारत ने अडर-१९ एशिया कप रेकार्ड आठ बार जीता है, जिसमें एक संयुक्त खिताब भी शामिल है। भारतीय टीम एक बार फिर से फाइनल में पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

भारत अण्डर-१९ : लक्ष्य राजेश रायचंदानी (कप्तान), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, अर्जुन राजपूत, यशबर्धन चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), मनल चौहान, मोहित उलवा, आर्यन सवसानी, काव्या पटेल, ईशान सूद, यशवीर गौड़, कुशाग्र ओझा, रजत बघेल, शाविन विनोद।


अफगानिस्तान अण्डर-१९ : अबिदुल्ला नादरजान, फरीदुल्लाह इहसास, सुभान जखैल, नोमान सलारजई (विकेटकीपर), शाह फैसल रहीमी, ताहिर सरवरी, अमीर हमजा, सोहेल खान (कप्तान), मोहम्मद अली, अब्दुल्ला हमदर्द, नूर अली नियाजी, सामी मुबारेज, बिलाल सलीमनखिल, लुत्फुल्लाह मोहम्मदी, इमरान मोहम्मदी, सुभान अली, फरीद जादरान, फैसल मुबारिज, अबिदुल्ला आबिद, हमजा खान अलीखिल।

डिसिल्वा और मेंडिस के शतक, श्रीलंका ४/४०४

रावलपिंडी (एजेन्सियां)। धनंजय डिसिल्वा और कुसल मेंडिस ने पाकिस्तान के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ शानदार शतक जड़कर श्रीलंका को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को स्टंप तक चार विकेट पर ४०४ रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। डिसिल्वा ने अजेय १६७ रन में २० चौके लगाये। यह उनके टेस्ट करियर का १४वां शतक है। वहीं टेस्ट टीम की कप्तानी मिलने के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे कुसल मेंडिस १० चौकों और चार छक्कों की मदद से ११७ रन पर अजेय हैं। पूर्व और मौजूदा टेस्ट कप्तानों के बीच हुई इस दोहरी शतकीय साझेदारी ने श्रीलंका को पाकिस्तान के पहली पारी के नौ विकेट पर ४३४ रन (पारी घोषित) के स्कोर के बेहद करीब पहुंचा दिया। श्रीलंका की टीम अब महज ३० रन पीछे है। डिसिल्वा और कुसल मेंडिस ने पाकिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। हालांकि सटीक गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद अब्बास (६४ रन देकर दो विकेट) ने उन्हें कुछ हद तक चुनौती दी।

नीरजने कांस्यके साथ पक्का किया ओलम्पिक कोटा

दोहा (एजेन्सियां)। भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में पुरुषों की ५० मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक का कोटा हासिल कर लिया। इस चैम्पियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलम्पिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की १० मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल ३४६.५ अंक हासिल किये। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में ९.४ अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने ३६२.८ अंक के विश्व जूनियर रेकार्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि



स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लास एंजिलिस ओलम्पिक के कोटा हासिल किये। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ३२३.७ अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

लक्ष्य दूसरे दौर में

कुमामोतो (एजेन्सियां)। भारत के स्टार बैडमिण्टन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला २१-१९, २१-१८ से अपने नाम किया। जर्मनी में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा। भारत के ध्रुव रावत और के. मनीषा को चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चान के खिलाफ २१-१६, १४-२१, १४-२१ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, हरिहरन अमसाकरुणन और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग झेन बांग और वेई या शिन से ७-२१, ९-२१ से हार गयी।

अथलेटिक्स में लागू होगी दोहरी क्वालिफिकेशन प्रणाली

लास एंजिलिस ओलम्पिक-२०२८

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। लास एंजिलिस में साल २०२८ में होनेवाले ओलम्पिक खेलोंके लिए अथलेटिक्सकी क्वालिफिकेशन प्रक्रियाका ऐलान कर दिया गया है। वर्ल्ड अथलेटिक्सने अथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों की एंट्रीके लिए दोहरी क्वालिफिकेशन प्रणालीको मंजूरी दी है। इसके तहत ओलम्पिकमें उपलब्ध कुल कोटा स्थानों में से ४० प्रतिशत जगहें एंट्री स्टैंडर्ड हासिल करने वाले अथलीटों को मिलेंगी जबकि शेष ६० प्रतिशत स्थान वर्ल्ड रैंकिंगके आधारपर आवंटित किये जायेंगे। वर्ल्ड अथलेटिक्स की ओर से मंजूर इस व्यवस्थामें क्वालिफिकेशन के मानकों, समय-सीमा और अलग-अलग स्पर्धाओंके कोटा स्थानोंका विवरण जारी किया गया है। ओलम्पिकमें अथलेटिक्स प्रतियोगिताएं १५ से ३० जुलाई २०२८ तक आयोजित होंगी। लास एंजिलिस ओलम्पिक के अथलेटिक्स कार्यक्रम में कुल ४८ स्पर्धाएं शामिल होंगी। इनमें पुरुषों के २३, महिलाओं के २३ और दो मिक्स्ड इवेंट्स होंगे। इस बार ओलम्पिक में मिक्स्ड ४×१०० मीटर रिले को भी शामिल किया जायेगा। यह स्पर्धा पहले से मौजूद मिक्स्ड ४×४०० मीटर रिले के साथ अथलेटिक्स कार्यक्रम का हिस्सा बनेगी। वर्ल्ड अथलेटिक्स ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित एंट्री स्टैंडर्ड हासिल कर लेने भर से किसी अथलीट का ओलम्पिक में स्थान पक्का नहीं होगा। यदि किसी स्पर्धा में तय मानक पूरा करने वाले खिलाड़ियों की संख्या उपलब्ध कोटा स्थानों से अधिक होती है, तो क्वालिफिकेशन अवधि के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले अथलीटों को ही प्राथमिकता मिलेगी।

हनमते मैत्री मैचों के लिए भारतीय टीम में

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के लालरिनलियाना हनमतेको न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १२ और १५ नवम्बर को होनेवाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबाल मैचों के लिए भारतीय सीनियर पुरुष टीम में शामिल किया गया है। इस मिडफील्डरके लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्य कोच खालिद जमील ने उन्हें दो मैचों की शृंखला के लिए घोषित की गयी २३ सदस्यीय टीम में शामिल किया है। भारत १२ नवम्बर को आकलैंड के गो मीडिया स्टेडियम में न्यूजीलैण्ड का सामना करेगा और उसके बाद १५ नवम्बरको क्राइस्टचर्च के वन न्यूजीलैण्ड स्टेडियम में दूसरा मैत्री मैच खेलेगा। हनमतेने कहा कि सीनियर राष्ट्रीय टीम में चुना मेरे लिए गर्व का क्षण है। अण्डर-२३ स्तरपर भारतका प्रतिनिधित्व करनेके बाद यह मेरे करियर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और मैं इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहता हूं।

बीसीसीआई नियुक्त नहीं करता क्षेत्रीय चयन समितिका संयोजक

-देवजीत सैकिया



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने उन खबरों को खारिज किया है जिनमें कहा गया था कि मेघालय क्रिकेट संघ के अधिकारी रेनाल्ड खरकामनी को पूर्वोत्तर क्षेत्र की महिला चयन समिति का संयोजक नियुक्त करने में बोर्ड की भूमिका थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति राज्य क्रिकेट इकाई ने की थी जबकि उनके खिलाफ उच्च न्यायालय का निलंबन आदेश लागू था। मेघालय उच्च न्यायालय ने खरकामनी को तब निर्लंबित कर दिया था जब मेघालय राज्य महिला आयोग ने उन्हें महिला टीम की खिलाड़ियों द्वारा पूर्व कोच हेमंत रॉय और सहायक प्रबंधक एस. मंडल के खिलाफ लगाये गये यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटने में घोर लापरवाही बरतने का दोषी पाया था। मेघालय उच्च न्यायालय ने खरकामनी को निर्लंबित कर दिया था। इससे पहले मेघालय राज्य महिला आयोग ने उन्हें महिला टीम की खिलाड़ियों द्वारा पूर्व कोच हेमंत राय और सहायक प्रबंधक एस. मंडल पर लगाये गये यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटने में गंभीर लापरवाही का दोषी पाया था। सैकिया ने कहा कि क्षेत्रीय चयन समिति के संयोजकों की नियुक्ति बीसीसीआई के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है, बल्कि यह जिम्मेदारी संबंधित राज्य क्रिकेट संघों की होती है। खरकामनी को अंतर-क्षेत्रीय महिला टी-२० टूर्नामेंट के लिए चयन समिति का संयोजक बनाया गया था। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई का आधिकारिक रुख बिल्कुल स्पष्ट है। बीसीसीआई कभी भी क्षेत्रीय चयन समिति के सदस्यों या उनके संयोजकों की नियुक्ति नहीं करता। इसलिए यह खबरें देखकर मुझे काफी हैरानी और आश्चर्य हुआ कि बीसीसीआई ने ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया है, जिस पर अदालत ने रोक लगा रखी है और जिसके खिलाफ महिलाओं से जुड़े गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई पुरुष या महिला, किसी भी चयन समिति के क्षेत्रीय संयोजकों की नियुक्ति में कोई भूमिका नहीं निभाता। इसलिए मीडिया में जिस व्यक्ति की नियुक्ति की खबरें आ रही हैं, उसे बीसीसीआई ने नियुक्त नहीं किया है। बल्कि मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नगालैण्ड के राज्य क्रिकेट संघों ने मिलकर यह नियुक्ति की है। बीसीसीआई ने कुछ वर्षों तक पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के चयनकर्ताओं को दलीप ट्राफी के लिए भारत ए, भारत बी और भारत सी जैसी टीम के चयन की जिम्मेदारी दी थी। हालांकि बाद में बोर्ड ने फिर से अंतर क्षेत्रीय प्रणाली लागू कर दी।

मुम्बई इण्डियंसका अब कौन होगा कप्तान

मुम्बई (एजेन्सियां)। मुम्बई इण्डियंसने आईपीएल-२०२७ से पहले बड़ा बदलाव करते हुए हार्दिक पंड्याको पंजाब किंग्सके साथ ट्रेड कर दिया। इस ट्रेड के तहत तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुम्बई टीम में शामिल हुए हैं। हार्दिक के जानेके साथ ही पांच बार की चैम्पियन टीमके सामने अब सबसे बड़ा सवाल नये कप्तान को लेकर है। हार्दिकने २०२४ में टीमकी कमान संभाली थी और पिछले दो सीजन तक कप्तान रहे। अब उनकी जगह कौन लेगा, इसे लेकर चर्चा तेज हो गयी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुम्बई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। ऐसे में उनकी वापसी की अटकलें लगायी जा रही हैं। हालांकि, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी इस दौड़ में मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। जसप्रीत बुमराह का नाम उपकप्तानी के विकल्प के तौर पर भी सामने है। दूसरी ओर फ्रेंचाइजी ने साफ किया है कि वह



कप्तानी पर जल्दबाजी में फैसला नहीं करेगी। मुम्बई इण्डियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा नये नेतृत्व के सबसे चर्चित दावेदार हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने २०१३, २०१५, २०१७, २०१९ और २०२० में खिताब जीते थे। रोहित इस फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान रहे हैं। चर्चाओं के मुताबिक, २०२६ सत्रमें टीम के नौवें स्थान पर रहने के बाद प्रबंधन अनुभव और स्थिरता को प्राथमिकता दे सकता है। ऐसे में रोहित को एक बार फिर कप्तानी सौंपने का विकल्प मौजूद है। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने इस बारे में कोई आधिकारिक संकेत नहीं दिया है। अगर मुम्बई इण्डियंस रोहित को कप्तान बनाती है, तो यह टीम के लिए पुराने नेतृत्व की ओर लौटने जैसा होगा। उनके अनुभव और टीम के साथ पुराने जुड़ाव को देखते हुए यह विकल्प चर्चा में है। टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके सूर्यकुमार यादव भी मुम्बई इंडियंस के अगले कप्तान बन सकते हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने २०२६ टी-२० विश्वकप का खिताब जीता था। घरेलू क्रिकेट में मुम्बई की कप्तानी करने का अनुभव भी उनके पास है। सूर्यकुमार टीम के मौजूदा खिलाड़ियों में से हैं और उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कप्तानी का अनुभव है। ऐसे में फ्रेंचाइजी अगर किसी नये पूर्णकालिक कप्तान को जिम्मेदारी देना चाहती है तो सूर्यकुमार स्वाभाविक विकल्प हो सकते हैं।

मालदीव को हरा भारत सेमीफाइनल में

ढाका (एजेन्सियां)। भारतीय फुटबाल टीम ने बुधवार को यहां खेले गये ग्रुप बी के मुकाबले में मालदीव को १-० से हराकर दक्षिण एशियाई फुटबाल महासंघ (सैफ) चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की ओर से सुहैल अहमद भट ने पहले हाफ में गोल करके टीम को जीत दिलायी। सुहैल अहमद ने मैच के ३८वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा। इससे पहले अब्दुल रबीह को विपक्षी टीम के खिलाड़ी ने पेनल्टी बाक्स में फाउल किया था जिसके बाद भारत को पेनल्टी मिली। इस मुकाबले से पहले भारत को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने और ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए कम से कम ड्रा की जरूरत थी। टीम ने जीत दर्ज करके दोनों लक्ष्य हासिल कर लिए। इस ग्रुप से पाकिस्तान मालदीव को ३-० से हराकर पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। उसके तीन अंक हैं और गोल अंतर प्लस दो का गोल है। अण्डर-२३ टीम के कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों के साथ उतर रही है क्योंकि सीनियर भारतीय टीम को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ मैत्री मुकाबले खेलने हैं।



ऋषभ पंत और शुभमन गिल शीर्ष १० में

टेस्ट रैंकिंग

दुबई (एजेन्सियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष १० में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (७१३ रेटिंग अंक) आठवें और गिल (६९७) दसवें नम्बर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। एक अन्य भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल १३वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंगलैण्ड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। उनके बाद आस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड, दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा और स्टीव स्मिथ का नम्बर आता है। इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष १० में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गये हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गये पहले टेस्ट मैच में १७३ रन की शानदार पारी खेली थी जिससे वह टेस्ट





बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गये जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था जिसके दम पर यह ३३ वर्षीय खिलाड़ी पांचवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि आस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन, न्यूजीलैण्ड के मैट हेनरी और इंगलैण्ड के ओली राबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं। टेस्ट आलराउंडर की रैंकिंग में यानसेन के बाद भारत के रविंद्र जडेजा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। वाशिंगटन सुंदर शीर्ष १० में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। वह सातवें स्थान पर हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-78 ए, द्वितीय तल, वरुडान अनन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजुबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल गुरुवार, 12 नवंबर 2026


मेष- आज दिन 2/19 बजे तक पारिवारिक तनावपूर्ण मनोस्थिति में वृद्धि, अपनी बोलचाल को पूर्ण।
वृषभ- आज दिन 2/19 बजे तक प्रगति, पिताजी का मार्गदर्शन तनावपूर्ण स्थिति-विवाद की आशंका।
मिथुन- नौकरी में परेशानी, धनसम्पत्ति में कमी, अतिथि का आगमन, परिवार में प्रसन्नता।
कर्क- भाग्य का पूर्णरूप, शिक्षा में सफलता, मानसिक राहत, कार्यसिद्धि, यात्रा सार्थक।
सिंह- आज दिन 2/19 बजे तक अतिरिक्त तनावपूर्ण विरोधी पक्ष, चोट में वृद्धि, अतिरिक्त सतर्कता।
कन्या- आज दिन 2/19 बजे तक आकस्मिक लाभ, विरोधी संगठन तनावपूर्ण कार्यों में बाधा।
तुला- निर्णय ठीकतर, समस्या का निवारण, धन की प्राप्ति, आध्यात्म में रुचि, कर्ज अदायगी।
वृश्चिक- मनोरथ पूर्ण, पुराने से सिद्धि, सम्मान का समाधान, सुख-सुविधा, यात्रा मनोरंजनपूर्ण।
धनु- आज दिन 2/19 बजे तक आकस्मिक तनावपूर्ण महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवीनतम सफलता।
मकर- आज दिन 2/19 बजे तक प्रगति, व्यावसायिक लाभ तनावपूर्ण तथा, पीड़ाकारी मतभेद।
कुम्भ- सुसमाचार से खुशी, त्यौहार में विस्तार, परीक्षाफल की भलाई, लाभ का सुयोग।
मीन- राजनीतिक लाभ, पेशेवरों से सम्पर्क, शिक्षा में सफलता, आर्थिक आगमन, प्रसन्नता।

आज है जिनका जन्मदिन 12 नवंबर

आपके लिए शुभ
मन : ॐ भूं भूतेश्वराय नमः
जप : ॐ भूतेश्वराय
दिन : गणेश, मंगलवार एवं गुरुवार
दिशांक : 3, 12, 21, 30
अंक : 1, 7
वस्त्र : लाल, नारंगी एवं पीताभ
वर्ण : 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
दिन : सोमवार एवं शनिवार
उपवास : सोमवार
उपाय : गोपाल सहस्रनाम
दिशा : ईशान

यन्त्र
10	5	12
11	9	7
6	13	8

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 24 जनवरी से 20 मार्च, 21 नवंबर से 20 दिसंबर।



सुडोकु ५०१२



एसपी ने रामपुर थाना का किया औचक निरीक्षण

मधुबन(मऊ)। बुधवार को पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा थाना रामपुर व नवनिर्मित थाना भवन का औचक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र द्वारा थाना रामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, आदि का अवलोकन किया गया तथा समस्त अभिलेखों को समय से अभिलेखित करने व गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट, एचएस में त्वरित काररवाई हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान भ्रमण कर सीसीटीएनएस कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क,

खामियां दूर करने का दिया निर्देश



मालखाना, बंदीगृह, बैरक, थाना परिसर मे लगे कैमरों आदि भोजनालय, शस्त्रागार, शौचालय, का निरीक्षण किया गया। । महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतपूर्वक सुनने तथा निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिए गए । इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने थाना रामपुर के नवनिर्मित नए थाना भवन का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। । इस दौरान थानाध्यक्ष रामपुर सुनील कुमार सरोज व अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

२७ वाहनों का चालान, तीन सीज

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात माह के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिक. ारी नगर नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष बसंत लाल के नेतृत्व में बुधवार को थाना दक्षिण टोला क्षेत्रान्तर्गत मिर्जाहादीपुरा में सघनता से वाहन चेकिंग की गयी तथा बिना हेलमेट, तीन सवारी व तेज गति से वाहन चलाने तथा स्टंटबाजी करने वाले व यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 27 वाहनों का चालान किया गया तथा 03 वाहनों को सीज किया गया।

मेरठ के जिला जज अरविन्द मिश्र का गांव पहुंचने पर स्वागत

मधुबन(मऊ)। विकास खण्ड क्षेत्र के डुमरी गांव में मेरठ के जिला जज अरविंद मिश्र के घर आगमन पर नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के लोगों स्थानीय नागरिकों ने उनके दरवाजे पर पहुंचकर फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मान पाकर अरविंद मिश्र भावुक नजर आए। गौरतलब है कि मेरठ में चर्चित नीले ड्रम हत्याकांड में महिला द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर कथित तौर पर पति की हत्या किए जाने के मामले में जिला जज अरविंद मिश्र ने दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी। इस चर्चित फैसले के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव डुमरी पहुंचने पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने उनके न्यायिक कार्यों की

चर्चित ड्रम कांड में दिया था फैसला

सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर विधायक रामबिलास ने कहा कि गांव की मिट्टी से निकलकर न्यायिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। सदस्य जिला पंचायत अशोक लोहिया ने कहा कि न्यायपालिका में निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और कानून के प्रति समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। अरविंद मिश्र की उपलब्धि से युवाओं को भी शिक्षा और मेहनत के बल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक रामबिलास चौहान,पूर्व विधायक उमेश चन्द पाण्डेय, मयंक पाण्डेय, अमित मिश्र, जिला पंचायत सदस्य अशोक लोहिया, अनिल वर्मा, प्रमोद रंजन सिंह, सुधीर यादव, ग्राम प्रधान सुदामा यादव, सर्वेश यादव छोटू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जय मां लक्ष्मी भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

करहां(मऊ)। वलीदपुर नगर पंचायत के बड़ी बाजार में मंगलवार रात जय मां लक्ष्मी के जयकारों के बीच आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही भंडारे की तैयारियां शुरू हो गई थीं। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। भंडारे में महिला, पुरुष, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद लोगों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्तों का आना-जाना लगा रहा। भंडारे में सेवा भाव से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और व्यवस्था संभाली। जय मां लक्ष्मी समिति के अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने बताया कि

दो बालक-बालिकाओं को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

करहां(मऊ)। स्थानीय कस्बे में स्थापित ऐतिहासिक दीपावली के मौके पर लगे हुए दो दिवसीय भव्य मेले में ग्राम बंदी कला निवासी ओम गुप्ता 3 वर्ष तथा खुशबू निवासी जमीन बरामदपुर जो इस मेले में अपने माता-पिता तथा परिवार के लोगों के साथ मेला देखने के लिए आई हुई थी कि मेले में इस कदर भीड़ थी । जिसके चलते यह दोनों अपने मां-बाप से आगे बढ़ गई । इसी बीच इन बच्चों पर नजर ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल को मिली और महिला कांस्टेबल ने इन दोनों बच्चों को अपने पास बुलाया एवं किसी तरह से नाम पूछने के बाद उनके परिजनों को फोन करके देर रात्रि बुलाया गया । बाद में यह परिजन मौके पर पहुंचे और अपने परिवार के बच्चों को पाकर काफी खुश हुए । परिजनों ने दोनों महिला कांस्टेबल जिसमें सरिता देवी एवं खुशबू ने यह एक पुनीत कार्य किया । जहां बिछड़े हुए दोनों बच्चों को मिलाया । जहां परिवार के लोगों ने इन दोनों पुलिसकर्मियों की काफी सराहना की।

धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना मजबूत होती है। ऐसे आयोजनों से लोगों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सेवा करने का अवसर मिलता है। भंडारे में शामिल लोगों ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर अमर जायसवाल, विनीत गुप्ता ,संतोष, पिंटू यादव ,प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता आदि लोगों का सहयोग रहा।

मां लक्ष्मी मेले में पुलिस ने किया रूट मार्च

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गो. हना कस्बा में स्थापित माता लक्ष्मी समेत विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाएं को देखने के लिए इस दीपावली के मौके पर लगे हुए दो दिवसीय मेले के अंतिम दिन मंगलवार रात्रि से प्रात: तक दर्शनार्थियों की खचाखच भीड़ रही । बताया जाता है कि मुहम्मदाबाद गोहना की ऐतिहा. सिक दीपावली के बाद लगने वाले इस भव्य मेले में इस कदर भीड़ होती है कि लोग देखकर यह कहते हैं कि पूर्वांचल की यह ऐतिहासिक दीपावली तथा मेला लगा है । जहां रात्रि तक भक्तगण माता दुर्गा के विभिन्न रूपों का दर्शन कर जय जय कारा लगते हैं । वही इस मेले को कुशल पूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस उपाधीक्षक स्वयं जितेंद्र सिंह अपने साथ सैकड़ों की संख्या में उप निरीक्षक इंस्पेक्टर सब इंस्पेक्टर महिला उप निरीक्षक पुलिस को लेकर पूरी रात्रि रूट मार्च करते हुए नजर आए । इस मौके पर स्थानीय नगर पंचायत द्वारा विजय स्तंभ चौक पर दर्शनार्थियों के लिए एक कैंप कार्यालय बनाया गया था। जहां भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो आकर बताएं जहां तत्काल मामले का निस्तारण किया जाएगा। जिसको लेकर लोगों ने काफी सराहना की । इस मौके पर चौकी प्रभारी मिथिलेश कुमार उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, अनिल सिंह ,वैभव कुमार पांडे ,रमाशंकर महिला उप



निरीक्षक प्रतिभा गुप्ता ,कांस्टेबल नेहा यादव ,रीमा यादव ,कल्याणी आदि महिला पुलिसकर्मी विभिन्न मूर्ति पंडालों के समीप ड्यूटी पर मुस्तैद रहे।

किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने वाला गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपरधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मधूबन दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना हलधरपुर पुलिस टीम द्वारा बुधवार को मु0अ0सं0 216/2026 धारा 137(2), 87, बीएनएस से सम्बन्धित वांछित एक नफर अभियुक्त अरमान अली पुत्र बदरूद्दीनल मियाँ निवासी ग्राम महमूदग. ंज थाना दूर्गावती जनपद भभुआ (कैमूर), बिहार उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का चालान किया गया।

विसर्जन के लिए प्रशासन सतर्क

करहां(मऊ)। तमसा नदी पुल पर स्थित बने हुए घाट पर खैराबाद तथा वलीदपुर समेत आस-पास के गांव से आने वाली माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं विसर्जन को लेकर नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना द्वारा व्यापक व्यवस्था की है । जहां विसर्जन के दौरान विभिन्न प्रतिमा आयोजन के पदाधिकारी को माता लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन करने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। जिसको लेकर उप जिला. धिकारी अर्चना अग्निहोत्री, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दिवेश कुमार मिश्रा ,चेयरमैन प्रति. निधि दीपक गुप्ता डायमंड ,गुंजन श्रीवास्तव आदि नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा घाट पर पहुंचकर विद्युत व्यवस्था, शौचालय आने-जाने के लिए रास्ता भक्तों को विसर्जन के समय समस्या न हो ।



जिसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं । इमरजेंसी के रूप में गोताखोरों को भी लगाया गया है ताकि अगर कोई समस्या होती है तो तत्काल इसका निदान किया जाए। जिसको लेकर बुधवार संध्या एसडीएम ने घाट का जायजा लिया। बताया जाता है कि मोहम्मदाबाद गोहना की ऐतिहा. सिक दीपावली के मेले के बाद ऐतिहासिक विसर्जन का भी कार्यक्रम होता है। जिसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है । जहां देर रात्रि तक माता लक्ष्मी एवं माता पार्वती गणेश सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम जारी रहेगा।

वारंटी गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में बुधवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानों द्वारा प्रभावी काररवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक काररवाई की गई । जिसमें थाना रानीपुर पुलिस द्वारा वारंटी रमेश पासी पुत्र सहती पासी निवासी क्यार की मठियाँ थाना रानीपुर शामिल है। जिसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

टावर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त झूरी सिंह उर्फ राणा सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी नई बस्ती, भीटी चौक, थाना कोतवाली नगर, जनपद मऊ, उम्र करीब 52 वर्ष को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उक्त मुकदमे से संबंधित चोरी हुए लगभग 10 किलोग्राम केबल तार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक काररवाई पूर्ण कर चालान कर दिया गया।











धीमी गति से नाला निर्माण से बढ़ी परेशानी

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के रसूलपुर बाजार में दो नालों का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण बाजारवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क की दोनों पटरियों पर जगह जगह गहरे गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। वहीं नालों के ऊपर पटिया भी अधूरी डाली जा रही है। इससे आवागमन में लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। बाजार में आने जाने वाले लोगों के साथ दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। इस संबंध में जयश्री, मानिक. चंद ,सोनम, सुमित्रा ,तिलतू और अवधबिहारी ने संबंधित विभाग से नाला निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने तथा सुरक्षा के उचित इंतजाम करने की मांग की है।

चित्रगुप्त पूजा में दिखी कायस्थ समाज की एकजुटता

घोसी(मऊ)। नगर के कस्बा खास पश्चिम मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बुधवार को कायस्थ समाज की ओर से भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। धार्मिक अनुष्ठान में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान चित्रगुप्त के समक्ष शीश नवाकर परिवार, समाज तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। पूजा का आयोजन जजमान कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव की देखरेख में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान चित्रगुप्त का पूजन-अर्चन किया गया। धार्मिक आयोजन के माध्यम से कायस्थ समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जजमान

प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना



कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के आराध्य देव हैं। वे न्याय, सत्य, विवेक और कर्म के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी पूजा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा देती है।उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने के साथ ही आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे को मजबूत करते हैं। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। समाज की एकता, सहयोग और आपसी सद्भाव ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता और परस्पर सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, शिवजी श्रीवास्तव सहित कायस्थ समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

घोसी(मऊ)। घोसी ब्लाक क्षेत्र के बीबीपुर गांव में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सर्वजन सेवा संस्थान के तत्वावधान में शिक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्धजनों ने एक सभ्य समाज एवं एक मजबूत लोकतंत्र शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान ने दरोगा नसीरुद्दीन की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को निशान -ए नसीर अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त ब्रिगेडियर उस्मान लघु माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर के मेधावी छात्र/ छात्राओं को डायरी, पेन व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य सुरक्षा विभाग के पूर्व साईंटिफिक आफिसर मोहम्मद



अरशद रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी देश व समाज की प्रगति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. अरविन्द कुमार ने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज का अनुशासित व संस्कारित नागरिक बनता है और एक सभ्य समाज और एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करता है। इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ अनुशासित व संस्कारित बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद उमेश चंद पाण्डेय ने सर्वजन सेवा संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की उभरती प्रतिभाओ को एक नई सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का काम करेगी। संस्थान के सचिव एडवोकेट शुजाउद्दीन उस्मानी ने निशान -ए- नसीर अवार्ड के तहत अरविन्द राय (पत्रकारिता), रफी अहमद (उर्दू अदब), विनोद कुमार पाठक (हिंदू मुस्लिम एकता), जियाउद्दीन फारूकी (न्याय), डा. बलिराम प्रसाद (सामाजिक एकता) व ओसामा रशादी(इस्लामिक स्कालर) को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना गुप्ता, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव, डा. एम. जी. जिलानी, बी डी सी सदस्य अभिषेक यादव, सैय्यद जफर आलम, वीरेंद्र प्रताप सिंह, डा. मुन्ना यादव, मज़हर उस्मानी, सैय्यद कमाल अहमद, शैलेन्द्र कुमार, भोला सागर, रेहान उस्मानी, सुहेल अहमद, अखिलेश गुप्ता, नितिन कुमार यादव, रोशन यादव, तारिक सिद्दीकी, सद्दाम हुसैन आदि गणमान्य नागरिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व प्रधानाचार्य उमेश चंद्र पांडेय की अध्यक्षता तथा शन्नू आजमी के संचालन में चलें । इस कार्यक्रम के अंत में आयोजक एड्वोकेट शुजाउद्दीन उस्मानी ने सभी अतिथियों व आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए बढ़ायी सख्ती

सोशल मीडिया कंपनी मेटा अब बच्चों और टीनेजर्स की सुरक्षा के लिए एक नया एआई सिस्टम दुनियाभर में लागू करने जा रही है। इस सिस्टम की मदद से इंस्टाग्राम-फेसबुक एप खुद पहचान लेंगे कि यूजर टीनेजर है या नहीं। इसके बाद, उसका अकाउंट अपने

अगर किसी टीनेजर ने अकाउंट बनाते समय अपनी उम्र गलत बतायी होगी, तो भी एआई उनके इस्तेमाल करने के तरीके से असली उम्र पहचान लेगा। उम्र का पता चलते ही अकाउंट अपने-आप टीन सेटिंग्स में बदल जायेगा, जिससे उनकी स्क्रीन पर खराब या आपत्तिजनक वीडियो/पोस्ट दिखना बंद हो जायेंगे।



आप सख्त सुरक्षा और प्राइवेसी वाले टीन अकाउंट में बदल जाएगा। दुनियाभर की सरकारों की ओर से बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर बढ़ाई जा रही सख्ती को देखते हुए कंपनी ने यह कदम उठाया है। मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि वह अप्रैल 2025 से एक नई एआई तकनीक की टेस्टिंग कर रहा है- अगर किसी टीनेजर ने अकाउंट बनाते समय अपनी उम्र गलत बताई होगी, तो भी एआई उनके इस्तेमाल करने के तरीके से असली उम्र पहचान लेगा। उम्र का पता चलते ही अकाउंट अपने-आप टीन सेटिंग्स में बदल जाएगा, जिससे उनकी स्क्रीन पर खराब या आपत्तिजनक वीडियो/पोस्ट दिखना बंद हो जाएंगे। पेरेंट्स को यह समझाने के लिए कि यह सुरक्षा सिस्टम कैसे काम करता है, मेटा खास जानकारी देने वाले वीडियो भी जारी करेगा। मेटा पर पिछले कुछ महीनों में बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ और एप की लत लगाने के गंभीर आरोप लगे थे। मेटा पर आरोप था कि फेसबुक और इंस्टाग्राम से बच्चों और टीनेजर्स के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और कंपनी ने इस नुकसान को लोगों से छुपाया। मेटा पर बच्चों का पर्सनल डेटा जुटाकर एआई मॉडल्स को ट्रेन करने का आरोप भी है। न्यू मेक्सिको कोर्ट ने बच्चों को सुरक्षा का झूठा भरोसा देने पर कंपनी पर करीब 8,000 करोड़ (950 मिलियन) का जुर्माना लगाया। वहीं, प्लेटफॉर्म की लत से जुड़े एक अन्य मामले में मेटा को अमेरिका के 15.9 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.49 लाख करोड़ रुपए का एक कानूनी समझौता करना पड़ा, जिसके बाद कंपनी को ये सख्त कदम उठाने पड़े। कानूनी समझौते के बाद मेटा अपने एप में कई नए सुरक्षा फीचर्स ला रहा है। अब टीनेजर्स के लिए रोजाना एप इस्तेमाल करने की टाइम लिमिट तय होगी और रात में नोटिफिकेशन बंद रखने के लिए शांत मोड भी मिलेगा। साथ ही, अनजान लोगों से बातचीत रोकने के लिए सख्त प्राइवेसी नियम लागू किए जाएंगे। मेटा ने टिकटॉक, स्नैपचैट और यूट्यूब से भी इन सेफ्टी नियमों को लागू करने की अपील की है। टीनेजर्स के लिए नियमों को कड़ा करने की यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब कई देश सख्त कदम उठा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। मेटा के अनुसार, ये सभी नए फीचर्स और वैश्विक एआई एज वेरिफिकेशन प्रक्रिया जनवरी से आधिकारिक रूप से लागू होने शुरू हो जाएंगे। एप्स का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया था कि बच्चे नोटिफिकेशन, ऑटो-प्ले और लाइक बटन के चक्र में उलझे रहें। इससे उनके दिमाग में डोपामाइन का स्तर प्रभावित होता है, जिससे स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण खो जाता है और उन्हें सोशल मीडिया की लत लग जाती है। इंस्टाग्राम पर दिखने वाले फिल्टर और परफेक्ट जीवन की तस्वीरें बच्चों में अपने शरीर की तुलना दूसरों से करने की आदत पैदा करती हैं। मेटा के खुद के आंतरिक रिसर्च में पाया गया था कि इंस्टाग्राम कई टीनेजर्स में अपने शरीर और रंग-रूप को लेकर असंतोष बढ़ाता है। देर रात तक एप्स के इस्तेमाल (नाइट स्क्रॉलिंग) से बच्चों का स्लीप साइकिल पूरी तरह बिगड़ जाता है। नींद की यह पुरानी कमी आगे चलकर गहरी चिंता, डिप्रेशन और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी का कारण बनती है। सोशल मीडिया पर लगातार दूसरों से खुद की तुलना करने से बच्चों में फोमो यानी पीछे छूट जाने का डर पैदा होता है। इसके साथ ही साइबर बुलिंग और ट्रॉलिंग से बच्चों के आत्म-सम्मान को गंभीर चोट पहुंचती है। उम्र की जांच का सख्त तंत्र न होने के कारण बच्चे अपनी उम्र से बड़े, मानसिक रूप से संवेदनशील या परेशान करने वाले कंटेंट के संपर्क में आ जाते थे।







रामलला के नामपर लॉन्च हुई बेहद लग्जरी घड़ी



स्विट्जरलैंड की जानी-मानी प्रीमियम वॉच कंपनी फ्रैंक मुलर ने एक बेहद खास और अनोखी घड़ी बाजार में उतारी है। कंपनी ने इसे अपनी वैनगार्ड सीरीज के तहत राम लला लिमिटेड एडिशन नाम दिया है। इस लग्जरी घड़ी की कीमत 31.25 लाख रुपये रखी गई है और इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सीधे तौर पर अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान भगवान राम के बाल स्वरूप को समर्पित है। इस महंगी टाइमपीस का मुख्य आकर्षण इसका अद्भुत 3डी डायल है। इस डायल के ठीक बीच में रामलला की बहुत ही बारीक और सुंदर आकृति उकेरी गई है। कंपनी के अनुसार, इस खास डिजाइन को बनाने में एडवांस लेजर तकनीक का सहारा लिया गया है। इस बारीकी को निखारने और डायल को पूरी तरह तैयार करने में कारीगरों को पूरे 30 घंटे का समय लगा। घड़ी के डायल के साथ-साथ इसकी बाहरी बनावट भी पूरी तरह से राजसी है। इसका केस 18 कैरेट रोज गोल्ड के एक ठोस ब्लॉक से तराश कर बनाया गया है। अगर इसके साइज की बात करें, तो इस केस की चौड़ाई 41 मिलीमीटर और लंबाई 49.95 मिलीमीटर है। यह परफेक्ट साइज और सोने की चमक इसे कलाई पर एक बेहद प्रीमियम और आकर्षक लुक देती है। चूंकि यह एक लिमिटेड एडिशन सीरीज है, इसलिए कंपनी ने इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं किया है। फ्रैंक मुलर ने इस रामलला मॉडल की पूरी दुनिया के लिए केवल 108 घड़ियां ही बनाई हैं। यानी विश्वभर में केवल 108 लोग ही ऐसे होंगे जिनके पास यह खास घड़ी खरीदने और पहनने का मौका होगा।


पारंपरिक व्यंजनोंके बिना अधूरा है बिहार का छठ महापर्व



बिहार का महापर्व कहलाने वाला छठ सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि लाखों लोगों की भावना है। बिहार के साथ-साथ पूर्वी उत्तर-प्रदेश और झारखंड में भी छठ पूजा बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। चार दिनों के इस पर्व में साफ-सफाई और नियमों का बहुत खास ध्यान रखा जाता है। इस पर्व की शुरुआत होती है नहाय-खाय से, जिसमें लौकी की सब्जी और चावल बनाया जाता है। इसी तरह इस पर्व से और भी कुछ खास डिशेज जुड़ी हैं, जिनके बिना ये त्योहार अधूरा माना जाता है। छठ पूजा के पहले दिन यानी नहाय-खाय के दिन लौकी और चने की दाल मिलाकर सब्जी बनाई जाती है। इस सब्जी को बहुत ही शुद्धता के साथ बनाया जाता है। बिना लहसुन-प्याज के, शुद्ध घी और सेंधा नमक में लौकी की सब्जी बनाई जाती है, जिसे अरवा चावल के साथ बनाया जाता है। अरवा चावल कच्चे चावल को कहते हैं, जिसे पतीले में पकाया जाता है। व्रती इस दिन लौकी की सब्जी और चावल ही खाती है। छठ के दूसरे दिन खरना होता है, जिसमें गुड़ की खीर और रोटी बनाई जाती है। नए चावल, दूध और गुड़ को पकाया जाता है। इसमें चीनी का इस्तेमाल नहीं किया जाता। पारंपरिक रूप से इसे मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है। खरना को व्रती पूरे दिन उपवास करती है और शाम को गुड़ की खीर के साथ रोटी खाती है, जिसके बाद 36 घंटों का निर्जला उपवास शुरू होता है। छठ पूजा के प्रसाद में ठेकुआ की खास जगह होती है। इसके बिना छठ महापर्व का प्रसाद अधूरा है।

मौसमका बदलता मिजाज चिंता का विषय

जलवायु परिवर्तन से निपटने में विज्ञान की भूमिका निर्णायक है। मौसम पूर्वानुमान, उपग्रह आधारित निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु माडलिंग और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों से




जोखिम कम किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, अत्यधिक वर्षा या चक्रवात की आशंका का पहले पता चलने पर प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर जान-माल का नुकसान कम हो सकता है। इसी तरह कार्बन कैप्चर, ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत बैटरी और ऊर्जा दक्षता से जुड़ी तकनीकें उत्सर्जन घटाने में मददगार हो सकती हैं। हालांकि इनका लाभ तभी मिलेगा जब ये सस्ती, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल हों। जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ते शहरों में भी दिखाई दे रहा है। कंक्रीट के बढ़ते निर्माण, घटते हरित क्षेत्र, वाहनों का धुआं और ऊर्जा की अधिक खपत शहरों का तापमान बढ़ा रहे हैं। इससे निपटने के लिए पौधारोपण, हरित क्षेत्र का विस्तार, तालाबों और जलाशयों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्ष भवनों और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जरूरी है। बढ़ती गर्मी के कारण एयर कंडीशनर की मांग बढ़ रही है, लेकिन पारंपरिक शीतलन उपकरण बिजली की खपत के साथ कुछ मामलों में शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी बढ़ाते हैं। इसलिए प्राकृतिक वेंटिलेशन, छतों पर हरियाली, ऊर्जा दक्ष उपकरणों और पर्यावरण अनुकूल शीतलन तकनीकों को बढ़ावा देना होगा। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में जलवायु अनुकूल शहरों और टिकाऊ भवनों के विकास के साथ प्रकृति आधारित समाधानों को भी प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि वायु प्रदूषण का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने की जिम्मेदारी केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की नहीं, आम नागरिकों की भी है। बिजली-पानी की बचत, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्लास्टिक का कम इस्तेमाल, कचरे का पृथक्करण और पेड़-पौधों का संरक्षण जैसे कदम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जरूरत से ज्यादा वस्तुओं का उपयोग, खाद्य पदार्थों की बर्बादी और ऊर्जा की अनावश्यक खपत भी पर्यावरण पर दबाव बढ़ाती है। इसलिए जलवायु अनुकूल जीवनशैली को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। धरती के पास संसाधन सीमित हैं, लेकिन मानव की आवश्यकताएं और आकांक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब जरूरत इसकी है कि विकास का रास्ता प्रकृति के विनाश से होकर न गुजरे।

चमत्कार

प्रकृति ने इस धरती पर कई ऐसे अनूठे जीव और रहस्य बनाए हैं, जिन्हें देखकर आज भी इंसान दांतों तले उंगली दबा लेता है। इनमें से एक सबसे बड़ा आश्चर्य प्रवासी पक्षियों का सफर है। ये पक्षी हजारों किलोमीटर की लंबी उड़ान भरकर एक देश से दूसरे देश पहुंचते हैं, सर्दियों में गर्म इलाकों में आते हैं और मौसम बदलते ही वापस अपने पुराने घोंसले में लौट आते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि महीनों भटकने और आसमान की असीम ऊंचाइयों में उड़ने के बाद भी ये पक्षी कभी अपना रास्ता नहीं भूलते और ठीक उसी पेड़ की, उसी डाली के उसी पुराने घोंसले पर आकर बैठ जाते हैं. मटर के दाने जितने छोटे दिमाग वाले इन पक्षियों के पास कोई जीपीएस या एडवांस मैप नहीं होता, फिर यह चमत्कार कैसे मुमकिन हो पाता है? सालों तक वैज्ञानिक इस बात से हैरान थे, लेकिन हाल के वर्षों में क्वांटम फिजिक्स और नैनोटेक्नोलॉजी के विकास ने इस गुत्थी को सुलझा लिया है.पक्षियों की आंखों में एक खास तरह का प्रोटीन पाया जाता है, जिसे 'क्रोमो प्रोटीन' कहा जाता है। 'क्रोमो' शब्द का संबंध रंगों से होता है। जब सूरज की रोशनी इन पक्षियों पर पड़ती है, तो उसमें मौजूद स्पेक्ट्रम (विबग्योर) की ब्लू (नीली) साइड वाली वेवलेंथ इस क्रोमो प्रोटीन पर स्ट्राइक करती है. इसके प्रभाव से प्रोटीन के अंदर मौजूद इलेक्ट्रॉन्स में वाइब्रेशन और शिफ्टिंग होती है. सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके बावजूद दोनों इलेक्ट्रॉन्स आपस में क्वांटम एंटेंगलमेंट की स्थिति में जुड़े रहते हैं. इस क्वांटम प्रक्रिया के जरिए पक्षी के दिमाग को सिग्नल मिलता है, जिससे उसे आसमान में पृथ्वी की अदृश्य मैग्नेटिक लाइंस दिखाई देने लग जाती हैं. ठीक वैसे ही जैसे नेविगेशन सिस्टम में लेटीट्यूड और लोंगिट्यूड की रेखाएं दिखती हैं।



सोते समय भी काम करता है इंसानी दिमाग



दिनभर काम करने के बाद जब हम रात में बिस्तर पर जाते हैं तो धीरे-धीरे शरीर आराम की स्थिति में पहुंचने लगता है. आंखें बंद होती हैं, आसपास की आवाजों पर ध्यान कम होने लगता है और हम नींद की दुनिया में चले जाते हैं। आमतौर पर लोगों को लगता है कि सोने के बाद शरीर के साथ-साथ दिमाग भी काम करना बंद कर देता है. लेकिन असल में ऐसा बिल्कुल नहीं होता.जब हम सो रहे होते हैं, तब भी हमारा दिमाग कई जरूरी कामों में व्यस्त रहता है। वह दिनभर की जानकारियों को व्यवस्थित करता है, यादों को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की रिकवरी से जुड़ी प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है. यही वजह है कि अच्छी नींद केवल थकान दूर करने के लिए नहीं, बल्कि दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी जरूरी होती है। कई रिसर्च में बताया गया है कि नींद के दौरान इंसानी दिमाग पूरी तरह बंद नहीं होता। इसकी गतिविधियां जागने के समय से अलग जरूर हो जाती हैं, लेकिन दिमाग लगातार एक्टिव रहता है। नींद के दौरान दिमाग अलग-अलग चरणों से गुजरता है. इस दौरान ब्रेनवेव्स, सांस लेने की गति, दिल की धड़कन और शरीर के तापमान में बदलाव आते हैं. ये सभी प्रक्रियाएं शरीर को आराम देने और अगले दिन के लिए तैयार करने में मदद करती हैं। वैज्ञानिकों ने नींद को मुख्य रूप से दो हिस्सों में बांटा है। पहला नॉन-रैपिड आई मूवमेंट और दूसरा रैपिड आई मूवमेंट स्लीप. में तीन चरण होते हैं. पहले चरण में व्यक्ति जागने और सोने के बीच की स्थिति में रहता है। दूसरे चरण में नींद थोड़ी गहरी होने लगती है और दिल की धड़कन धीमी हो जाती है। तीसरे चरण को गहरी नींद कहा जाता है। इस दौरान शरीर की मरम्मत और मांसपेशियों की रिकवरी जैसी प्रक्रियाएं होती हैं। रेम स्लीप में दिमाग काफी एक्टिव हो जाता है। आंखें बंद होने के बावजूद तेजी से घूमती हैं और आमतौर पर इसी दौरान सबसे जीवंत सपने आते हैं। शरीर की मांसपेशियां अस्थायी रूप से इनएक्टिव रहती हैं, ताकि व्यक्ति सपनों में होने वाली गतिविधियों को वास्तव में करने न लगे।

करीना कपूर का नवाबी स्टाइल

सोचिए, आप अपने सिर पर इतिहास का एक ऐसा हिस्सा पहने हुए हैं, जो एक शाही परिवार की कई पीढ़ियों से होता हुआ आया है। आपकी अपनी शादी में भी नजर आ चुका है। इस दिवाली करीना कपूर ने बिल्कुल ऐसा ही किया। बेज कलर की ड्रेस में बेबो ने इस साल दीवाली को नवाबी स्टाइल में रोशन किया। बेबो की सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी पगड़ी ने सबका ध्यान खींचा। इस पर सजी 200 साल पुरानी कलगी बेहद आकर्षक लग रही थी। कभी भोपाल के नवाब द्वारा पहनी गई और बाद में सैफ अली खान की शादी में इस्तेमाल की गई यह बेशकीमती विरासत अपने आप में एक दिलचस्प कहानी समेटे हुए है। बेबो ने एक बार फिर इसे सबके सामने चर्चा का विषय बना दिया। सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट रिया कपूर द्वारा स्टाइल की गई करीना ने पारंपरिक साड़ी या लहंगे के बजाय डिजाइनर पुनीत बलाना का बेज रंग का काफ्तान चुना। इस पोशाक पर असली चांदी का बारीक काम किया गया था, जिसने इसके सादे बेस को एक खूबसूरत चमक दी। वी नेकलाइन और सामने की तरफ हल्की प्लीट्स ने इस कफ्तान को एक अच्छी बनावट दी, जबकि इसका ढीला-ढला और लहराता हुआ स्टाइल इसके फेस्टिव लुक में एक सहज खूबसूरती ले आया। दीवाली के दौरान आमतौर पर दिखने वाले भारी-भरकम कपड़ों के मुकाबले, यह एक बहुत ही बढ़िया और नया बदलाव था। करीना ने अपने कफ्तान के साथ उसी रंग की बेज (हल्के भूरे) रंग की पगड़ी पहनी, जिससे उनके पूरे पहनावे को एक शाही लुक मिला। पगड़ी के बीचों-बीच एक चमकती हुई पुरानी कलगी लगी थी जोकि करीब 200 साल पुरानी परंपरा का हिस्सा है। इसे कभी भोपाल के अंतिम शासक नवाब, नवाब हमीदुल्लाह खान पहना करते थे। बाद में यह परिवार की एक अनमोल विरासत बन गई।



50 प्रतिशत लोगों को पता ही नहीं कि उन्हें डायबिटीज है





आज के समय में लगभग हर घर में डायबिटीज का कम से कम एक मरीज मौजूद है। चिंता की बात ये है कि अब सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि 20 से 30 साल की उम्र के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। कई लोगों को लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि उन्हें डायबिटीज है। एंडोक्राइनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज्म विभाग के प्रमुख डॉ. से बातचीत में बताया कि मधुमेह से पीड़ित लगभग 50 प्रतिशत लोगों की पहचान तब तक नहीं हो पाती, जब तक वे अपनी जांच नहीं कराते. इसलिए डायबिटीज से बचने के लिए खानपान से जुड़ी इन 7 जरूरी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सिर्फ चीनी खाना बंद करना काफी नहीं- डायबिटीज से बचने के लिए सिर्फ चीनी, मिठाई और चॉकलेट छोड़ना पर्याप्त नहीं है खाने में तेल, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और दूसरी चीजों की मात्रा पर भी ध्यान देना चाहिए. संतुलित डाइट लेना जरूरी है। एक बार में बहुत ज्यादा खाना न खाएं- दिन में सिर्फ दो बार भरपेट या बहुत ज्यादा खाना सही आदत नहीं है। भोजन की मात्रा के साथ यह भी जरूरी है कि आप कितनी बार और कितने अंतराल पर खाना खाते हैं। खाने में फाइबर वाली चीजें शामिल करें- चावल या रोटी खाते समय उनके साथ हरी सब्जियां, सलाद और दूसरी फाइबर वाली चीजें जरूर लें. इससे भोजन का पोषण बेहतर होता है और ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद मिल सकती है। फलों का जूस पीने के बजाय साबुत फल खाएं- डायबिटीज के मरीज आम, केला और अंगूर जैसे फल भी सीमित मात्रा में खा सकते हैं। फलों का जूस पीने के बजाय साबुत फल खाना बेहतर है, क्योंकि इसमें फाइबर मौजूद रहता है, जो शुगर के अवशोषण की गति को धीमा करता है। गुड़ और शहद को चीनी का सुरक्षित विकल्प न समझें- कई लोग चीनी की जगह गुड़ और शहद का इस्तेमाल करने लगते हैं लेकिन ये भी शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ा सकते हैं। इसलिए इन्हें भी सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए.पैकेट वाले खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ें- बाजार में मिलने वाले पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में कई बार छिपी हुई चीनी होती है। इसलिए कुछ भी खरीदने से पहले उसके पैकेट पर लिखी सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी जरूर पढ़ें.शारीरिक गतिविधियों पर भी ध्यान दें- डायबिटीज से बचने के लिए सिर्फ डाइट सुधारना काफी नहीं है। लंबे समय तक बैठकर काम करने से बचें और रोजाना टहलने या एक्सरसाइज के लिए समय निकालें. सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि करें। इसके साथ तनाव कम रखें और पर्याप्त नींद लें।